राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में रोहित ने लिया चौंकाने ....

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का राहुल गांधी पर 12

वर्ष : 11 | अंक : 28 | पटना, गुरुवार, 08 जून, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 43°C

न्यूनतम तापमान 29.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,995
चांदी	72,500
सेंसेक्स	57,635
निफ्टी	16,986

जयशंकर ने दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया की यात्रा के दौरान वैश्विक घटनाक्रम, द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया की अपनी यात्रा के दौरान क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम, वैश्विक आर्थिक सुधार, द्विपक्षीय संबंधों तथा ब्रिक्स सहित बहु पक्षीय संस्थाओं के कामकाज के बारे में चर्चा की और भारत का पक्ष रखा। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, इस यात्रा से दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के साथ उच्च स्तरीय संवाद का अवसर प्राप्त हुआ। साथ ही इन देशों के साथ पहले से मजबूत दोस्ताना संबंधों को प्रगाढ़ बनाने पर चर्चा करने का मौका मिला। जयशंकर ने 1-6 जून तक दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया की यात्रा की थी।

दक्षिण अफ्रीका की यात्रा के दौरान केप टाउन में जयशंकर ने ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक और फ्रेंड्स ऑफ ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया था। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, विदेश मंत्री जयशंकर ने दक्षिण अफ्रीका

में ब्रिक्स की बैठक के दौरान क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम, वैश्विक आर्थिक सुधार, तथा ब्रिक्स सहित बहु पक्षीय संस्थाओं के कामकाज के बारे में चर्चा की और भारत का पक्ष रखा। बैठक की समाप्ति पर एक जून को ब्रिक्स समूह के विदेश मंत्रियों का संयुक्त बयान जारी किया गया। ज्ञात हो कि ब्रिक्स समूह में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। बयान के अनुसार, जयशंकर ने दक्षिण अफ्रीका की विदेश मंत्री नालेदी पैंडोर और बैठक में हिस्सा लेने वाले ब्रिक्स समूह के कुछ अन्य विदेश मंत्रियों के साथ अलग अलग बातचीत की। उन्होंने (जयशंकर) ब्रिक्स के अन्य मंत्रियों के साथ दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति से भी भेंट की। विदेश मंत्रालय ने बताया कि केप टाउन में विदेश मंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों के साथ संवाद किया जहां उन्होंने लोगों को दक्षिण अफ्रीका के साथ 30 वर्षों के राजनयिक संबंधों और ब्रिक्स की 15 वर्षों की यात्रा तथा वर्तमान सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। बयान के अनुसार, विदेश मंत्री जयशंकर ने 4-6 जून तक नामीबिया की यात्रा की जो विदेश मंत्री के रूप में उनकी नामीबिया की पहली यात्रा थी। इस दौरान उन्होंने (जयशंकर) राष्ट्रपति हेज गिनगॉब से भेंट की तथा उप प्रधानमंत्री/विदेश मंत्री नेतुम्बो नांदी दैतवाह के साथ संयुक्त आयोग के उद्घाटन सत्र की सह अध्यक्षता की। इसमें कहा गया है कि विदेश मंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया और भारतीय हीरा कारोबारी समुदाय के साथ बैठक की। विदेश मंत्री ने उप प्रधानमंत्री की मौजूदगी में विंडहोक में सूचना प्रौद्योगिकी में भारत नामीबिया उत्कृष्टता केंद्र का औपचारिक उद्घाटन भी किया।

पटना में 23 जून को विपक्षी दिग्गजों का होगा जुटान

राहुल, खरगे, ममता, शरद, केजरीवाल, अखिलेश, उद्धव, स्टालिन सहित वाम दल के नेता होंगे शामिल

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। राजधानी पटना में 23 जून को विपक्षी दिग्गजों का जुटान होगा। बैठक की नयी तारीख तय कर ली गयी है। इससे पहले 12 जून को बैठक होनी थी, लेकिन कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी या मल्लिकार्जुन खरगे में से किसी के आने से मना कर दिये जाने के बाद बैठक को रद्द कर दिया गया था। अब 23 जून को बैठक होगी, जिसमें कांग्रेस समेत देश भर के विपक्षी पार्टियों के नेता शामिल होंगे। इसकी घोषणा बुधवार को उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने साझा प्रेस कांफ्रेंस कर की। दोनों नेताओं ने कहा कि 23 जून को बैठक पर सभी पार्टियों की सहमति मिल गयी है। इस बैठक में कांग्रेस के राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के साथ साथ ममता बनर्जी, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल हेमंत सोरेन, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, तमिलनाडु से एमके स्टालिन, सीपीआई के सचिव डी. राजा, सीपीएम के सचिव सीताराम येचुरी, भाकपा माले के दीपंकर भट्टाचार्य जैसे नेताओं की सहमति मिल गयी है। ये तमाम नेता बैठक में शामिल होंगे। ललन सिंह और तेजस्वी यादव ने बार बार जोर देकर दावा किया कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे दोनों विपक्षी पार्टियों की बैठक में शामिल होंगे। दोनों नेताओं ने बैठक में आने की सहमति दे दी है। पटना में विपक्षी पार्टियों की बैठक होगी और यहीं से देश से भाजपा को उखाड़ फेंकने की रणनीति बनेगी। वहीं, ललन सिंह ने कहा कि आज देश के हालात इमरजेंसी से भी अधिक खतरनाक हो गए हैं। कोई कुछ बोलता है तो तोतों की कार्रवाई शुरू हो जाती है। इसलिए आज की आवश्यकता है कि भाजपा मुक्त देश बने। देश में फिर से लोकतंत्र स्थापित हो। 23 तारीख की विपक्षी दलों की बैठक इस काम में अहम भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां एक होकर 2024 का चुनाव लड़ेंगी। बता दें कि इससे पहले पटना में 12 जून को होने वाली विपक्षी दलों की बैठक टाल दी गई थी। दरअसल इस बैठक में कांग्रेस ने राहुल गांधी या अपने अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजने से इंकार कर दिया था। कांग्रेस ने अपने एक मुख्यमंत्री और एक अन्य नेता को भेजने का एलान किया था। इसके बाद बैठक टालने का फैसला लिया गया था। नीतीश कुमार ने मीडिया को कहा था कि बैठक में सभी पार्टियों के प्रमुख को ही शामिल होना था। लेकिन कांग्रेस की ओर से दूसरे लोग शामिल हो रहे थे। ऐसे में दूसरी पार्टियों को आपत्ति थी कि जब कांग्रेस के प्रमुख इस बैठक में शामिल नहीं होंगे तो हम क्यों आये। नीतीश कुमार ने कहा था कि ये सहीं नहीं होगा कि बैठक में कोई और प्रतिनिधि शामिल हो।

देश में लोकतंत्र को कुचला जा रहा : तेजस्वी

उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि सबलोग एक प्लेटफार्म पर आ रहे हैं। देश में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। मुद्दे की बात नहीं हो रही। तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है। इसके खिलाफ पटना में बड़ी बैठक होने जा रही है। बैठक के बाद एक ठोस रिजल्ट सामने आयेगा।

देश के हालात इमरजेंसी से भी अधिक खतरनाक : ललन

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि आज देश के हालात इमरजेंसी से भी अधिक खतरनाक हो गए हैं।

कोई कुछ बोलता है तो तोतों की कार्रवाई शुरू हो जाती है। इसलिए आज की आवश्यकता है कि भाजपा मुक्त देश बने।

महात्मा गांधी को ट्रेन से उतारने की घटना के 130 वर्ष पूरे होने पर डरबन पहुंचा आईएनएस त्रिशूल

प्रात: किरण/ एजेंसी

जोहानिसबर्ग। भारतीय नौसेना का अग्रिम पंक्ति का युद्धपोत आईएनएस त्रिशूल तीन दिवसीय सद्भावना यात्रा पर डरबन के बंदरगाह पहुंचा है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच राजनयिक संबंधों की बहाली के 30 साल पूरे होने और दक्षिण अफ्रीका के पीटरमैरिट्जबर्ग रेलवे स्टेशन पर महात्मा गांधी को ट्रेन से उतारे जाने की घटना के 130 वर्ष होने के अवसर को चिह्नित करने के लिए यह युद्धपोत डरबन की यात्रा पर है। इस घटना के बाद ही गांधी ने नस्ली भेदभाव के खिलाफ अभियान चलाया था। भारतीय नौसेना की ओर से जारी बयान के अनुसार, व्यापारी दादा अब्दुल्ला के कानूनी सलाहकार के रूप में काम करने के लिए गांधी 1893 में डरबन पहुंचे थे। सात जून 1893 को ट्रांसवाल में प्रिटोरिया की यात्रा के दौरान वह पहली बार पीटरमैरिट्जबर्ग स्टेशन पहुंचे। बयान में कहा गया है, टिकट खरीदने के बाद गांधी प्रथम श्रेणी के डिब्बे में बैठे थे, लेकिन एक यूरोपीय यात्री के कहने पर उन्हें डिब्बे से बाहर निकाल दिया गया था, क्योंकि उसके अनुसार कुली और अश्वेत लोगों को प्रथम श्रेणी के डिब्बों में यात्रा करने की अनुमति नहीं थी। आईएनएस त्रिशूल की डरबन यात्रा भारत की आजादी के 75 साल के उत्सव ह्यआजादी का अमृत महोत्सवह्न का भी हिस्सा है। डरबन में भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. थेल्मा डेविड ने कहा, पीटरमैरिट्जबर्ग में एक कार्यक्रम में पोत का बैंड महात्मा गांधी के कुछ पसंदीदा भजन बजाएगा। बैंड के सदस्य स्टेशन पर उस स्थान पर पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे, जहां गांधीजी को ट्रेन से बाहर निकाला गया था। उन्होंने बताया, कार्यक्रम में डॉ. बिंदेश्वर पाठक (एक भारतीय समाजशास्त्री एवं सामाजिक उद्यमी) भी हिस्सा लेंगे। वह स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से गांधीवादी विचारों का प्रसार करने को लेकर भी विचार साझा करेंगे। भारतीय नौसेना की ओर से जारी बयान के मुताबिक, आईएनएस त्रिशूल छह से नौ जून तक डरबन की यात्रा पर रहेगा।

संक्षिप्त खबरें

सड़क हादसे में पुलिस कांस्टेबल सहित चार की मौत

जयपुर। राजस्थान में सीकर के पास बुधवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में एक पुलिस कांस्टेबल सहित चार लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। फतेहपुर सदर थाने के अधिकारी ने बताया कि, यह हादसा सालासर-फतेहपुर मार्ग पर तड़के लगभग पांच बजे हुआ, जिसमें एक कार सामने से आ रहे ट्राले से टकरा गई। अधिकारी के मुताबिक, हादसे में कार में सवार पुलिस कांस्टेबल रेवंतराम और तीन अन्य युवकों-तेजाराम, शाहरुख व रियाज की मौत हो गई। ये चारों जोधपुर जिले के रहने वाले थे।

उन्होंने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है।

छत्तीसगढ़ में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी

रायपुर/सुकमा। छत्तीसगढ़ के अति नक्सल प्रभावित बीजापुर और सुकमा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। हालांकि अभी तक मुठभेड़ की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया गया है कि कोबरा बटालियन और एसटीएफ के जवान इलाके में सर्चिंग के लिए निकले थे। इस दौरान जंगल में घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया। बिना मौका गंवाए जवानों ने मोर्चा संभालते हुए गोलीबारी का जवाब देना शुरू किया। सूत्रों के अनुसार यह मुठभेड़ सुकमा और बीजापुर सीमावर्ती क्षेत्र तरेम के जंगल में हुई है।

मालगाड़ी से कटकर चार मजदूरों की मौत

भुवनेश्वर। ओडिशा के जाजपुर रोड रेलवे स्टेशन पर बुधवार को एक मालगाड़ी से कटकर कम से कम चार मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मजदूरों ने भारी बारिश से बचने के लिए खड़ी हुई मालगाड़ी के नीचे शरण ली थी कि तभी अचानक बिना इंजन के मालगाड़ी चल पड़ी और मजदूरों को उसके नीचे से निकलने का मौका नहीं मिला। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा, ह्लअचानक आंधी चली। मजदूर बगल की रेल लाइन पर काम कर रहे थे जहां एक मालगाड़ी खड़ी थी। उन्होंने इसके नीचे शरण ली, लेकिन दुर्भाग्य से मालगाड़ी जिसमें इंजन नहीं लगा था वह चलने लगी जिससे दुर्घटना हुई। उन्होंने कहा, इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। जाजपुर के स्थानीय लोगों ने हालांकि दावा किया कि दो और घायलों ने भी दम तोड़ दिया। यह घटना ओडिशा के बालासोर जिले में भीषण रेल हादसे के पांच दिन बाद हुई, जिसमें 288 लोगों की मौत हो गई थी।

बीएसएनएल को मिलेगा 4जी/5जी स्पेक्ट्रम

नई दिल्ली। सरकार ने दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के पुनरुद्धार की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उसे 4जी/5जी स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए 89047 करोड़ रुपए का पैकेज देने जी घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकार शेयर निवेश के जरिए बीएसएनएल को ये स्पेक्ट्रम आवंटित करेगी। इसके साथ ही बीएसएनएल की अधिकृत पूंजी 1.5 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर 2.10 लाख करोड़ रुपए हो जायेगी।

सरकार का एमएसपी पर बड़ा फैसला: धान की कीमतों में 143 व मूंग की कीमत में 803 रुपये प्रति क्विंटल वृद्धि

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार ने वर्ष 2023-24 के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की बुधवार को घोषणा की जिसके तहत धान सामान्य और धान ग्रेड ए की कीमतों में 143 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की है जबकि मूंग के कीमतों में 803 रुपये, अरहर की कीमतों में 400 रुपये और उड़द की कीमतों में 350 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गयी है। मूंगफली की कीमतों में 527 रुपये प्रति क्विंटल तथा मक्का की कीमतों 128 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की हुई बैठक में कृषि मंत्रालय के खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। धान सामान्य का न्यूनतम समर्थन मूल्य में 2022-23 में 2040 रुपये प्रति क्विंटल था जिसे बढ़ाकर 2183 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। धान ग्रेड ए का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2060 प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2203 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। मक्का की कीमत गत वर्ष 1962 रुपये प्रति क्विंटल था, जिसे बढ़ाकर 2090 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में मंत्रिमंडल के निर्णय की जानकारी देते कहा कि हुए वर्ष 2022-23 में मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7755 रुपये प्रति

क्विंटल था जिसे बढ़ाकर 8558 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। अरहर दाल की कीमत गत वर्ष 6600 रुपये प्रति क्विंटल था, जिसे बढ़ाकर 7000 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

उड़द की कीमत 6600 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 6950 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है और मूंगफली का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5850 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 6377 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। श्री गोयल ने बताया कि सूरजमुखी का गत वर्ष समर्थन मूल्य 6400 रुपये प्रति क्विंटल था जिसे बढ़ाकर 6760 प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इसी तरह से सोयाबीन पीली का न्यूनतम समर्थन मूल्य 4300 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 4600 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। ज्वार हाईब्रिड का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2970 रुपये से बढ़ाकर 3180 रुपये प्रति क्विंटल और ज्वार मालदंडी की कीमत 2990 रुपये से बढ़ाकर 3225 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। बाजरा की कीमत 2350 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये और रागी कीमत 3578 रुपये से बढ़ाकर 3846 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। तिल की कीमत 7830 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 8635 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

रामतिल की कीमत 7287 रुपये से बढ़ाकर 7734 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। कपास मध्यम की कीमत 6080 रुपये से बढ़ाकर 6620 रुपये जबकि कपास लंबी की कीमत 6380 रुपये से बढ़ाकर 7020 रुपये कर दी गयी है। श्री गोयल ने कहा कि सरकार के इन प्रयासों से किसानों को लाभकारी मूल्य मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि दलहन की कीमतों में लगभग 25 प्रतिशत और तिलहन की कीमतों में 30 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि श्री मोदी ने पिछले नौ वर्षों के दौरान महंगाई की कीमतों में नियंत्रण के लिए हर संभव प्रयास किया है और यह नियंत्रित है जबकि दुनिया के कई देशों में यह दर 30 से 40 फीसदी तक हो गयी थी। उन्होंने कहा कि कुछ समय के लिए महंगाई दर 6.5 प्रतिशत से सात प्रतिशत के बीच हो गयी थी जो अब लगभग साढ़े चार फीसदी पर आ गयी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013-14 की तुलना में खाद्यान्न फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में भारी वृद्धि हुई है।

राज्य में बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों का तबादला

एस सिद्धार्थ को गृह विभाग का जिम्मा, के के पाठक बने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। राज्य में बड़े पैमाने पर सीनियर आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी अधिसूचना के मुताबिक बिहार के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव एस सिद्धार्थ को गृह विभाग का नया अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। वहीं, मद्य निषेध विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक को शिक्षा विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। वे बिपार्ड के महानिदेशक के प्रभार में बने रहेंगे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव आईएएस दीपक कुमार को सहकारिता विभाग भेजा गया है। स्वास्थ्य के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत को आपदा प्रबंधन की अतिरिक्त प्रभार दी गई है। खान एवं भूतत्व विभाग के अपर मुख्य सचिव आईएएस हरजोत कौर को कला संस्कृति एवं युवा विभाग भेजा गया है। हरजोत कौर फिल्म विकास निगम के एमडी बनी रहेंगी जबकि महिला विकास निगम से मुक्त हो गई हैं। सामान्य प्रशासन के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर बी राजेन्द्र को श्रम संसाधन विभाग भेजा गया है। लघु जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव परमार रवि मनुभाई को खान

एवं भू तत्व विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये खानिज निगम एमडी के प्रभार में भी बने रहेंगे। श्रम संसाधन के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी को वित्त प्रधान सचिव बनाया गया है। जबकि केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से लौट आए आईएएस विजय-लक्ष्मी को पशुपालन प्रधान सचिव बनाया गया। एन सरवण कुमार को ग्रामीण विकास विभाग का सचिव बनाया गया है। एन श्रवण कुमार बिहार तकनीकी सेवा आयोग जांच आयोग के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। सहकारिता सचिव बंदना प्रेयसी को पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग भेजा गया है। आईएएस वंदना प्रेयषी को महिला विकास निगम के एमडी,जांच आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार मे रहेंगी। केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से लौट आए आईएएस आशिमा जैन लघु जल संसाधन के विशेष सचिव बनाया गया है। जबकि, आईएएस प्रतिभा रानी को दरभंगा का डीडीसी बनाया गया है।

मॉनसून को लेकर मॉपअप राउंड में हो रही विशेष सफाई

पटना,एजेंसी। मॉनसून की तैयारियों को लेकर पटना नगर निगम अलर्ट मोड में है। शहर के सभी 9 बड़े नालों की उड़ाही को पुर्ण कर लिया गया है इसके साथ ही बडे नालों को वार्डवार छोटे-छोटे अंशों मे विभक्त कर अभियंताओं/कर्मियों को उत्तरदायी बनाते हुए वॉकी टॉकी से कनेक्ट कर प्रतिनियुक्ति भी किया जा रहा है। जिससे वह लगातार वरीय अधिकारियों से जुड़े रहेंगे। सभी स्थायी/अस्थायी सम्प हाउस कर्मियों को भी वॉकी टॉकी से कनेक्ट किया जा रहा है। पटना नगर निगम द्वारा मॉपअप राउंड के तहत आगामी 15 दिनों के लिए सभी मेनहॉल, कैचपिट तथा खुलें नालें की विशेष सफाई/ उडाही की जा रही है। मानसून के दौरान 75 वार्डो को 19 जोन में बांट कर जोनल निरीक्षक सह-प्रभारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। यह जल जमाव की स्थिति में जल जमाव के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई प्रारंभ करेंगे।

हवाई किरायों को नियंत्रित रखें निजी एयरलाइनें : सिंधिया

प्रात: किरण एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार ने निजी एयरलाइनों को आगाह किया कि यात्री किरायों को लेकर उनके भी सामाजिक दायित्व हैं और किसी भी सेक्टर पर किरायों को बढ़ाने की एक सीमा होनी चाहिए। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज यहां अपने मंत्रालय की नौ वर्ष की उपलब्धियों के विवरण साझा करने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि देश में विमानन क्षेत्र नियंत्रण मुक्त या विनियमित है। इसमें एयरलाइनों को किराया तय करने के अधिकार दिये गये हैं जो बाजार नियंत्रित हैं। देश में विमानन बाजार सीजन आधारित है। उसके हिसाब भी दरें तय की जाती हैं। यदि क्षमता कम और मांग

ज्यादा होगी और इनपुट लागत कम नहीं होगी तो किराया दर ऊंची होगी। किराया तय करने की एक अल्गोरिद्म होती है। श्री सिंधिया ने कहा कि सोमवार को विमानन कंपनियों की एक बैठक बुलायी गयी थी और उनसे कहा गया था कि किराया दर को उचित स्तर पर रखा जाना चाहिए। मणिपुर में और फिर अभी ओडिशा में कुछ अप्रत्याशित घटनाएं हुई हैं, उनमें किराया दरों का ध्यान रखा जाना चाहिए।

संबंध भूटोरिया बोलें- प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत और स्थायी साझेदारी का प्रमाण है

भारत और अमेरिका के संबंध रणनीतिक और वैश्विक हैं : अमेरिकी सांसद

प्रात: किरण एजेंसी

वाशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाशिंगटन यात्रा से पहले अमेरिका के एक प्रभावशाली सांसद ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध रणनीतिक और वैश्विक हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह साझेदारी दोनों पक्षों की मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति से निर्देशित है। जॉर्जिया के तीसरे कांग्रेस (संसदीय) जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले ड्रियू फर्ग्यूसन ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी दुनियाभर में, विशेष रूप से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। फर्ग्यूसन ने कहा, अमेरिका और भारत के संबंध रणनीतिक और वैश्विक हैं। ये संबंध मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति से निर्देशित हैं। ये लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून के शासन

के प्रति सम्मान के साझा मूल्यों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आपके प्रभावशाली नेतृत्व के लिए आपका आभार और मैं आशा करता हूं कि आपकी यात्रा सार्थक होगी। वहीं, भारतीय-अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल ने मंगलवार को कहा कि दोनों देश अपने-अपने मामलों में समान चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, लेकिन इनसे निपटने के लिए उनके पास मिलकर काम करने का बेहतर अवसर है। उन्होंने कहा, भारत-अमेरिका संबंध कई स्तरों पर बहुत महत्वपूर्ण हैं। हम दो लोकतंत्र हैं। हमारे संविधान हम लोग से शुरू होते हैं। ऐतिहासिक रूप से हमारे मूल्य समान हैं और हमारे सामने समान चुनौतियां हैं।

जयपाल ने वाशिंगटन में भारतीय-अमेरिकी इंपैक्ट समिट से इतर पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, यह स्पष्ट है कि भारत को दुनिया में अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी को आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए वाशिंगटन आमंत्रित किया है। वह 22 जून को मोदी के सम्मान एक राजकीय रात्रिभोज भी देंगे। मोदी उसी दिन कांग्रेस के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे, जिससे वह अमेरिका की संसद को दो बार संबोधित करने वाले तीसरे विश्व नेता बन जाएंगे। वहीं, भारतीय-अमेरिकी समुदाय के एक प्रतिष्ठित नेता अजय जैन भूटोरिया ने कहा है कि इस महीने के अंत में प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत और स्थायी साझेदारी का प्रमाण है। भूटोरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका में बहुत लोकप्रिय हैं, क्योंकि भारत ने उनके नेतृत्व में विकास देखा है। उन्होंने कहा, मैं भारतीय-अमेरिकी समुदाय के एक नेता के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा को लेकर बहुत उत्साहित हूं। यह यात्रा हमारे दो महान देशों के बीच मजबूत और स्थायी साझेदारी का प्रमाण है। यह परिवार और दोस्ती के गर्मजोशी भरे बंधन की पुष्टि करती है, जो अमेरिका और भारत के लोगों को एकजुट रखते हैं। भूटोरिया ने कहा कि इस यात्रा का महत्व इसलिए भी है, क्योंकि यह अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी को मजबूत कर रही है तथा प्रशांत क्षेत्र में मुक्त, खुले, समृद्ध और सुरक्षित संबंधों के लिए साझा प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ा रही है।

संक्षिप्त खबरें

लावारिस अवस्था में अंग्रेजी शराब बरामद

दानापुर। खगोल रेल थाना जीआरपी के द्वारा स्टेशन पर चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर एक के पश्चिम छोर पर एक बैग में रखा लावारिस अवस्था में शराब बरामद किया गया थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया की चेकिंग अभियान के तहत प्लेटफार्म नंबर 1 के पश्चिमी छोर पर एक बैग में रखा अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है जिसमें रॉयल स्टैग बोतल चार पीस सिग्नेचर हाफ 4 पीस 8स्ने टेट्रा पैक 18 पीस बरामद किया गया थाना अध्यक्ष ने बताया की मामला दर्ज कर ली गई है।

वार्षिकोत्सव पर होगा धार्मिक अनुष्ठान

पटना सिटी (प्राकि)। मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के 26वीं वार्षिकोत्सव पर गुरुवार को गायघाट करनालगंज स्थित पौराणिक हनुमान मंदिर दुर्गा स्थान में धार्मिक आयोजन किया गया है। इसके तहत सुबह में भगवती की विशेष पूजा-अर्चना का अनुष्ठान होगा। इसके बाद अखंड हरिकीर्तन और शाम को महाआरती होगी। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। धार्मिक आयोजन के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

नाभ ने क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान को दी मान्यता

पटना सिटी। नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड फार हास्पिटल एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स एनएबीएच (आयुष) की मान्यता अगमकुआं स्थित क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान को मिल गई है। संस्थान के प्रभारी डॉ कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता के मानक का दर्जा सीसीआरएएस मुख्यालय के महानिदेशक वैद्य प्रोडॉ रवि नारायण आचार्य व परिषद के को-आर्डिनेटर डॉ वीके लावण्या के दिशा-निर्देश में कराए गए कार्य से संस्थान को यह मान्यता मिली है। भारत सरकार के केन्द्रीय आयुवेर्दीय विज्ञान अनुसंधान परिषद से जुड़े संस्थान में मान्यता रोगियों की देखभाल, उनकी जांच और सुरक्षा के अलावा तकनीकी एवं प्रशासनिक व्यवस्था के मूल्यांकन के प्रमाणन को देखते हुए दिया गया है। संस्थान में बाह्य रोगी विभाग (आउटडोर), प्रयोगशाला, निःशुल्क औषिध, जरा चिकित्सा समेत अत्याधुनिक सुविधाएं यहां उपलब्ध है। संस्थान की डॉ रितिका मिश्र ने बताया कि मान्यता मिलने से मानक अनुकूल सुविधाएं मरीजों को उपचार में मिलेंगी।

अज्ञात युवक का शव बरामद

दानापुर। रूपसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने बुधवार को पाटलिपुत्र स्टेशन के समीप से एक 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया है। शव का शिनाख्त नही हो पाया है। थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि बुधवार को दोपहर में सूचना मिला कि पाटिलपुत्र स्टेशन के समीप एक युवक का शव पडा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है। शव का अभी तक शिनाख्त नही हो पाया है।

विवाहिता की हत्या करने का प्रयास

दानापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आशियान नगर निजी अस्पताल में जीवन मौत से जुझ रही है। मामला थाना क्षेत्र के गोलारोड झखडी महादेव डा चौबे गली का है। इस संबंध में जख्मी छोटी की मां सरिता देवी ने स्थानीय थाना में उसके पति रजनीश कुमार, ससुर संतोष प्रसाद, सास कविता देवी व भैसुर मनीष कुमार के विरुद्ध लिखित शिकायत की है। बताया जाता है कि पलामू जिले के सतबरमा निवासी स्व शंभु प्रसाद की पत्नी सरिता देवी ने बताया कि अपनी पुत्री छोटी कुमारी की शादी दानापुर के गोला रोड झखडी महादेव डा चौबे गली निवासी संतोष प्रसाद के पुत्र रजनीश कुमार से हिंदू रीति रिवाज के साथ किया था और क्षमतानुसार दान दहेज दिया था। उन्होंने बताया कि मंगलवार को शाम को फोन पर सूचना मिला कि आपकी पुत्री फांसी लगा लिया है। सूचना पर बुधवार को सुबह पहुंचे और आशियान मोड स्थिति निजी अस्पताल में मेरी पुत्री छोटी कुमारी बेहोश पडी हुई थी और गले पर फंदे का दाग है। उन्होंने बताया कि मेरी पुत्री को ससुराल वालों दहेज के खातिर बराबर मारपीट कर प्रताडित किया जाता है। उन्होंने बताया कि दो माह पूर्व ही थाना में आपसी समझौता किया गया था और तीन दिन बाद मेरी पुत्री ससुराल चली गई थी। उन्होंने बताया कि बराबर मेरी पुत्री से पांच लाख रुपए मां से मांग कर लाने के लिए मारपीट कर प्रताडित किया जाता है। उन्होंने बताया कि मेरी पुत्री को पांच लाख रुपए के लिए ससुराल वालों ने गले में फंदे लगाकर हत्या करने का प्रयास किया गया है। जो अस्पताल में जीवन मौत से जुझ रही है।

तख्तश्री कमेटी कल तक आरओ को उपलब्ध कराए अभिलेख : चुनाव प्राधिकार

किसी प्रकार की देरी को निर्वाचन प्रक्रिया में व्यवधान माना जाएगा, अभिलेख सौंपने के बाद वोटर लिस्ट के प्रारूप कार्यक्रम का निर्धारण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के चुनाव को लेकर बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार गंभीर हो गया है। छह जून को जारी पत्रांक 1076 के माध्यम से प्राधिकार के परामर्शी कुमार शांत रक्षित ने तख्तश्री कमेटी के महासचिव को पत्र भेजा है, जिसमें तख्तश्री कमेटी के सदस्यों के निर्वाचन हेतु प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि विगत निर्वाचन में भी प्राधिकार के द्वारा प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन एवं उस पर प्राप्त होने वाली आपत्तियों के निष्पादन के संदर्भ में आवश्यक निर्देश देने के साथ-साथ तिथियों का निर्धारण भी किया गया था। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन प्रबंधक कमेटी तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के कार्यालय, निर्वाचन पदाधिकारी सह सिटी एसडीओ के कार्यालय एवं बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के वेबसाइट पर भी किया गया था। निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के दृष्टिकोण से प्राधिकार द्वारा फिर इन प्रक्रियाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। छह जून को आपसे हुई बातचीत एवं लिखित आश्वासन

के आलोक में अनुरोध है कि संबंधित अभिलेख नौ जून तक सिटी एसडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी को निश्चित तौर पर उपलब्ध कराई जाए। इसके बाद प्राधिकार द्वारा प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित किया जाएगा। इसमें किसी प्रकार की देरी को निर्वाचन प्रक्रिया में किए जा रहे व्यवधान के रूप में देखा जाएगा। इसके साथ ही सिटी एसडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी को भी प्रतिलिपि सौंपते हुए उनसे कहा गया है कि तख्तश्री कमेटी के महासचिव से संबंधित अभिलेखों को प्राप्त करने के लिए अपने स्तर से भी जरूरी कार्रवाई की जाए। निर्धारित समय सीमा में अभिलेखों को प्राप्त कर प्राधिकार के द्वारा 27 फरवरी, 23 को पत्रांक 430 के निदेर्शों के अनुरूप प्रारूप मतदाता सूची का मिलान कर प्राधिकार को 12 जून तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। निर्धारित समय सीमा में विलंब अवांछनीय है। प्राधिकार के परामर्शी कुमार शांत रक्षित ने कहा कि 25 मई को जारी पत्र में प्राधिकार को प्रारूप मतदाता सूची तख्त साहिब जी के कार्यालय सूचना पट पर प्रकाशित किए जाने की सूचना प्राधिकार को दी गई थी। इसके बाद फिर 31 मई को पत्रांक तपस 3/4938 और 3/4939/23 के द्वारा प्रारूप मतदाता सूची पर आपत्तियों के निष्पादन की तिथि निर्धारित की गई है। विदित हो कि प्राधिकार के द्वारा एक 11 मई को पत्रांक 951 द्वारा आपसे आग्रह किया गया था कि प्राधिकार की पूर्व अनुमति के बिना मतदाता सूची के संदर्भ में निर्णय नहीं लिया जाए, मगर आपके पत्रों से स्पष्ट होता है कि आपके द्वारा प्राधिकार के अनुरोध का अनुपालन नहीं कर अपनी मर्जी से मतदाता सूची की तैयारी के संदर्भ में कार्यक्रम का निर्धारण किया जा रहा है। यह कहीं से भी उचित नहीं है। ज्ञातव्य है कि प्राधिकार के द्वारा 27 फरवरी, 23 को पत्रांक 430 के द्वारा तख्तश्री कमेटी से निम्न अभिलेख निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया था। इसमें विगत निर्वाचन में प्रयुक्त मतदाता सूची, जिस पर मतदान हुआ था। विगत निर्वाचन में प्रयुक्त मतदाता सूची से हटाए गए वोटरों की सूची (हटाए जाने का कारण सहित), विगत निर्वाचन के बाद में जोड़े गए सदस्यों व मतदाताओं की सूची, वर्तमान निर्वाचन के लिए प्रस्तावित प्रारूप मतदाता सूची (विगत निर्वाचन की मतदाता सूची से हटाए गए वोटरों एवं नए जोड़े गए सदस्यों व मतदाताओं के बाद तैयार सूची), उपविधि के आर्टिकल 19 के अनुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पटना के द्वारा वर्तमान कमेटी के गठन से संबंधित आदेश की सत्यापित प्रति। मगर अब तक संबंधित अभिलेख निर्वाचन पदाधिकारी एवं प्राधिकार को उपलब्ध नहीं कराया गया है, जो दुखद है। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के द्वारा इस पत्र के जारी होने के साथ ही तख्तश्री कमेटी के पदाधिकारियों के बीच खलबली मच गई है। हालांकि संगतों और मतदाताओं के बीच अभी पूरी तरह से प्राधिकार का जारी आदेश नहीं जा पाया है। इससे लोग दावा-आपत्ति के निष्पादन होने की तिथि की बाट जोह रहे हैं और तख्तश्री कमेटी के पदाधिकारियों पर चुनाव को टालने का आरोप भी मढ़ रहे हैं।

कैंडल जलाकर रेल दुर्घटना मृतकों को दिया गया श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। ओड़िशा के बालासोर में भीषण रेल दुर्घटना बीते शुक्रवार को हुई थी जिसमें सैंकड़ों लोग मारे गए थे।

इसी को लेकर राष्ट्रीय जनता दल द्वारा फतुहा स्टेशन के प्लेटफार्म सं एक पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। साथ ही कार्यकताओं ने रेलमंत्री का इस्तीफा की मांग किया, कार्यकताओं ने कहा कि केंद्र सरकार कैग रिपोर्ट को अनदेखी किया जिसके कारण दुर्घटना हुई है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में डॉ दयानंद प्रसाद सिंह नगर अध्यक्ष राजद, शिवपूजन प्रशांत, श्यामनंदन यादव, प्रो. जवाहर लाल सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव, मनोज कुमार, महेंद्र प्रसाद, बिभु कुमार, अप्लेंदु कुमार, मनोज यदुवंशी, भोला सिंह, मृत्युंजय कुमार यादव प्रवक्ता, गीगल सिंह, मुन्ना यादव मो. कुर्दूस, रामयत्न यादव, प्रो. अवधेश कुमार, इन्द्र देव यादव, राजेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पटना साहिब स्टेशन पर टिकट रिजर्वेशन काउंटर नीचे शिफ्ट

ऊपर में होने से सीढ़ी चढ़ने में लोगों को होती थी परेशानी, दो मई निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने दिया था निर्देश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब स्टेशन का नाम शुरू से अब तक बदलता गया, मगर अब भी यह अपनी अनेक सुविधाएं यात्रियों को देने के लिए तरस रहा है। मगर मंत्री से लेकर अधिकारियों तक केवल आश्वासन के घूंट ही पिला दे रहे हैं। वर्तमान दानापुर मंडल के रेल प्रबंधक प्रभात कुमार एवं सीनियर डीसीएम सरस्वती चंद्र यहां दो मई को निरीक्षण करने को आए थे। इस दौरान स्थानीय स्तर पर समाजसेवी और यात्रियों के हित की सोच रखने वाले डॉ विनोद अवस्थी ने महिलाओं और वरीय नागरिकों को कमर, ठेहुना में दर्द के कारण स्टेशन की पहली मंजिल पर रेल टिकट

आरक्षण के होने से उन सबों और दिव्यांगजनों को सीढ़ी चढ़ने में परेशानी होती थी। संयोग से डीआरएम और सीनियर डीसीएम टीम के साथ यहां निरीक्षण करने को आए। जब उन्हें इस परेशानी से अवगत कराया गया, तब उन्होंने तत्क्षण ऊपर में रहे आरक्षण केंद्र को भूतल में लाने का आदेश जारी किया और एक महीने में ही टिकट आरक्षण केंद्र अपने पुराने स्थान यानी भूतल के पास जनरल टिकट काउंटर के पूरब में शिफ्ट हो गया। दरअसल वर्ष 2017 में आरक्षण कार्यालय स्टेशन के पहली मंजिल पर छत नीचे से ऊपर जाकर काम करने लगा। इससे बुजुर्गों, दिव्यांगों और कमर-ठेहुना दर्द वाले को खासी परेशानी ऊपर सीढ़ी चढ़कर जाने और उतरने में होती थी। रात को सन्नाटे में महिलाओं को भी असुरक्षा महसूस होता था। कर्मचारी को भी डर लगता था की यात्री टिकट लेने वाले न हों, तो सन्नाटे का फायदा उठा कर अपराधी लूटपाट या अन्य घटनाओं को अंजाम न दे दे। इसके अलावा ठंड और गर्मी में भी यात्रियों और बुकिंग क्लर्क को काफी परेशानी झेलनी पड़ती थी। इस निर्देश के मिलने के बाद अब टिकट रिजर्वेशन काउंटर स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के पूरब अपने पुराने स्थान पर आ गया है। इसका एक दरवाजा प्लेटफार्म संख्या एक भी खुलता है। यहां बगल में ही जीआरपी और आरपीएफ का कार्यालय भी है। कुछ भी समस्या होने पर तुरंत यहां आया जा सकता है। भूतल पर रेल टिकट आरक्षण केंद्र सोमवार से काम करना शुरू कर दिया है। स्टेशन मास्टर उपेन्द्र कुमार ने भी वहां जाकर निरीक्षण किए हैं। अब आरक्षण टिकट तत्काल या सामान्य लेने वाले को कोई परेशानी नहीं हो रही है। पर्यवेक्षक, बुकिंग क्लर्क भी खुश हैं और राहत महसूस कर रहे हैं।

बिहार प्रभारी विनोद तावड़े को शिवाला चौक पर भव्य स्वागत किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौव साल बेमिसाल कार्यक्रमों के दौरान आज बिहटा जाने के क्रम में बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े एवं पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद रामकृपाल यादव का प्रदेश भाजपा नेता भाई सनोज यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने शिवाला चौक पर हजारों हजारों की संख्या में भव्य स्वागत एवं अंगवस्त्र देकर हार्दिक अभिनन्दन किया गया।

बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े ने कार्यकताओं संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं को देश भर में गरीबों के बीच पहुंचाने का काम किए हैं। सांसद रामकृपाल यादव ने कहा कि बिहार में जो विरोधी पार्टियों का सपना है २५ मैं बिहार की जनता मनसुवें को चकना चूर कर देगी और देश में फिर से एक बार पीएम मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे कोई शक्ति नहीं रोकेंगी। इस मौके पर पटना जिला ग्रामीण अध्यक्ष धमेंद्र कुमार, मंडल अध्यक्ष सुबोध यादव, बिजेंद्र यादव, अमन कुमार चंद्रवंशी, जेपी यादव, सुधीर यादव, दीपक पटेल, विकास यादव, सोनू यादव, बिरवल कुमार सोनू अहमद, राजू राय, बाबू साहब, मनोज यादव, लाल साहब चंद्रवंशी, श्यामधर यादव, सुनील यादव, संचित राय, मनीष कुमार, संजय कुमार, सागर यादव, हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल सेवा, सुशासन और गरीब का कल्याण

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। केन्द्र सरकार के नौ साल -बेमिसाल कार्यक्रम के तहत फतुहा विधानसभा के फतुहा नगर के दरियापुर में कार्यक्रम प्रभारी मुन्ना सिंह के आवास पर वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ भोजन पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता फतुहा नगर मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, संचालन नगर महामंत्री अरूण कुमार झा और जिला प्रवक्ता रामजी प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में फतुहा विधानसभा के सभी मंडलों के दर्जनों वरिष्ठ कार्यकताओं को अंग

वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और उनका सुझाव लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फतुहा विधानसभा क्षेत्र के निर्वतमान प्रत्याशी ई. सत्येन्द्र कुमार सिंह, पटना साहिब लोकसभा के संयोजक रामजी सिंह, फतुहा विधानसभा प्रभारी कुंवर विजय पासवान ने नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा किए गये कार्यों को कार्यकताओं के बीच रखा और उनसे संवाद स्थापित कर पार्टी संगठन को मजबूती पर बल दिया। मौके पर किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव यादव, भाजयुमों के प्रदेश नेता विक्की सिंह, भाजपा नेता सुधीर यादव, केशवकांत जी, राणा राजेंद्र पासवान, सच्चिदानंद यादव, जिला उपाध्यक्ष भाष्कर पटवा, फतुहा नगर मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, महामंत्री अनामिका अग्रवाल, संपाचक मंडल अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह, फतेहपुर मंडल अध्यक्ष राजीव रंजन राजपूत, जल्ला मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, फतुहा दक्षिणि मंडल अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह, उतरी मंडल अध्यक्ष दुर्गेश चंद्रवंशी समेत किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मनीषा कुमारी, जिला मंत्री पिंकी साहु, महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रतिमा पांडेय, जिला मंत्री पूनम केशरी, फतुहा नगर मंडल उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, रंजना पटवा, अनुराधा सिंह, नगर मंत्री अनिल प्रेमी, शैलेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष सूरज कपूर, पंकज कुमार, भाजयुमों अध्यक्ष सुजीत कुमार समेत फतुहा विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हत्या मामले में दोषी टुन्नू राय को आजीवन कारावास

12 सितंबर, 18 को घर में घुस गोली मार की गई थी हत्या

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

घर में घुस कर गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (चतुर्थ) रवींद्र राय कुमार ने आरोपी को कठोर आजीवन कारावास की सजा एवं दस हजार रुपए का आर्थिक दंड की सुजा सुनाई है। आर्थिक दंड नहीं दिए जाने की स्थिति में छह माह की सजा अतिरिक्त भुगतनी होगी। मामला नदी थाना क्षेत्र से जुड़ा है। प्रभारी अपर लोक अभियोजक सैयद फैजुल होदा ने बताया कि न्यायालय ने नदी थाना क्षेत्र के गढोचक निवासी अभियुक्त टुन्नू राय को साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर दोषी पाया। इसके बाद सजा सुनाई गई है। घटना के संबंध में नदी थाना कांड संख्या 183/18 दर्ज किया गया था। प्रभावित कमला देवी ने दर्ज प्राथमिकी में बताया था कि 12 सितंबर, 2018 की रात करीब आठ बजे अभियुक्तण घर में घुस गए। आरोपी टुन्नू राय ने पति मुनारिक राय के बाएं आंख के पास गोली मार दी। गोली मारने

के बाद अभियुक्तों ने धमकाया कि हल्ला करने पर तुमको भी गोली मार देंगे। अस्पताल ले जाने के दौरान पति मुनारिक राय की मौत हो गई। लोक अभियोजक ने बताया कि दोष सिद्ध टुन्नु राय की सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। साथ ही न्यायिक अभिरक्षा में बिताए गए अवधि को दोषी को दिए जाने वाले दंडादेश में समायोजित किया जाएगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सात लोगों ने गवाही दी है। अदालत ने एक अन्य आरोपित जीवन राय को संदेह का लाभ देते हुए रिहा कर दिया।

निदेशक प्रमुख ने मिशन परिवर्तन कार्य का लिया जायजा, दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच में स्वास्थ्य विभाग की निदेशक प्रमुख डॉ निहारिका शरण और डॉ रत्ना शरण निरीक्षण को बुधवार को पहुंचीं। इस दौरान मिशन परिवर्तन के तहत होने वाले कार्य को लेकर जायजा लिया। अब तक किए गए काम को देखा गया और जरूरी निर्देश भी दिया गया। निरीक्षण के दौरान सेंट्रल रजिस्ट्रेशन काउंटर, सेंट्रल इमरजेंसी और दवा वितरण काउंटर के साथ वार्ड में उपलब्ध संसाधनों को देखा। इसके बाद अधीक्षक के साथ विचार विमर्श करते हुए चल रहे कार्यों में तेजी लाने का निर्देश भी दिया। निरीक्षण में बुनियादी सुविधाओं, चिकित्सा सेवा, दवाइयां, आधारभूत संरचना व संसाधन की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया गया। निरीक्षण में अस्पताल अधीक्षक डॉ राजीव रंजन, उपाधीक्षक डॉ अजय कुमार सिन्हा के अलावा अन्य चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे।

वार्ड 58 में पार्षद पद के लिए थमा प्रचार का शोर

30 बूथ पर 27 हजार 677 वोटर कल करेंगे वोट

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। महापौर सीता साहू की ओर से पार्षद पद से वार्ड 58 से इस्तीफा दिया गया था। वह महापौर और पार्षद पद दोनों का चुनाव जीतने में सफल रही थीं। बाद में उन्होंने पार्षद पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद रिक्त पड़े वार्ड संख्या 58 में पार्षद के लिए शुक्रवार नौ जून को मतदान होगा।

मतदान शांतिपूर्ण व निष्पक्ष हो, इसके लिए जिला स्तर पर तैयारी की गई है। उप चुनाव में नौ जून को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। मतों की गिनती का कार्य 11 जून को होगा। निर्वाचन कोषांग के अधिकारियों की मानें, तो वार्ड में बने 30 मतदान केंद्रों पर 27 हजार 677 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इसके पहले बुधवार की शाम चुनाव प्रचार का दौर समाप्त हो गया।

चुनाव मैदान में पार्षद पद के लिए आमने-सामने की टक्कर है। एक तरफ महापौर सीता साहू की बहू श्वेता चुनाव मैदान में हैं, तो दूसरी ओर पूर्व वार्ड पार्षद प्रमोद गुप्ता ने पूजा कुमारी को फिर से प्रत्याशी बना कर मैदान में उतारा है। दोनों पक्ष की ओर से लगातार जनसंपर्क अभियान चलाया गया है। चुनाव प्रचार का दौर समाप्त होने के बाद अब घर-घर पर्ची पहुंचाने से लेकर जनसंपर्क करने का अभियान भी घर-घर शुरू हो गया है।

पूर्णिया एयरपोर्ट निर्माण कार्य हेतु कई वर्षों से संघर्षरत हैं अधिवक्ता विचार मंच

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया। पिछले 12 वर्षों से एयरपोर्ट निर्माण की दिशा में संघर्ष जारी है जो पिछले कुछ महीनों से काफी तीव्र गति पकड़ चुका है। पूर्णिया में एयरपोर्ट के लिए यहां के प्रबुद्ध नागरिकों, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, ग्रीन पूर्णिया, अधिवक्ता विचार मंच, अखिल भारतीय वैश्य महासभा, अधिवक्ताओं, डॉक्टरों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, पूर्णिया एयरपोर्ट निर्माण संघर्ष समिति और पेंशनर समाज के लोगों के द्वारा लगातार एयरपोर्ट निर्माण के लिए धरना प्रदर्शन एवं सभा का कार्य किया जा रहा है। इस आलोक में सफलता की एक ऊंचाई के तहत एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और बिहार सरकार के मध्य मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग के तहत एयरपोर्ट बनाने के क्षेत्र में गतिशीलता आई है। मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग के तहत एयरपोर्ट के लिए 15 एकड़ जमीन सहित रोड कनेक्शन की स्वीकृति बिहार सरकार द्वारा मिल जाने से एयरपोर्ट निर्माण की दिशा का मार्ग प्रशस्त हो चुका है। अधिवक्ता विचार मंच के जिला अध्यक्ष दिलीप

कुमार दीपक और उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार झा ने राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की सूझबूझ का स्वागत किया है। सभी शर्तों को पूर्ण किए जाने से पूर्णिया में एयरपोर्ट बनना लगभग सुनिश्चित हो गया है। यह पूर्णिया की जनता का विकास के क्षेत्र में उड़ान माना जा सकता है। एयरपोर्ट बन जाने के बाद पूर्णिया के विकास में वह पर्यटन के क्षेत्र में असीमित प्रगति होने की संभावना है तथा यहां के युवाओं को रोजगार मिलने की भी संभावना प्रबल हो गई है। संसार के मानचित्र में पूर्णिया का स्थान एयरपोर्ट बन जाने के बाद प्रखरता के साथ दिखेगी। अधिवक्ता विचार मंच ने इस हेतु आंदोलनरत सभी आंदोलनकारियों एवं राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार को बहुत-बहुत बधाई दिया है।

टेकारी महाराज मंडल अध्यक्ष बाहरी को बनाने का विरोध

नहीं बदले जाने पर पार्टी से इस्तीफा देंगे कार्यकर्ता

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के द्वारा पटना महानगर के कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र में टेकारी महाराज मंडल मे बूथ अध्यक्ष, भवन प्रभारी एवं कार्यकताओं की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता रोहित कुमार चौधरी उर्फ बंटी ने की। इसमें टेकारी महाराज मंडल के नवगठित मंडल अध्यक्ष अरबिंद कुमार को बनाए जाने पर मंडल कार्यकताओं ने विरोध किया। रोहित कुमार चौधरी ने कहा कि टेकारी महाराज मंडल का अध्यक्ष मंडल के कार्यकर्ता को नहीं बना कर मंडल के बाहरी क्षेत्र से रहने वाले को प्रथमिकता दी गई। इससे मंडल में पार्टी के कार्यकर्ता, समर्थक एवं जनता में आक्रोश पनपता जा रहा है। इसमें पटना जिला अध्यक्ष एवं कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र के विधायक को चुनाव के समय काफी नुकसान देखने को मिल सकता है। बैठक मे

आए मंडल के कार्यकताओं ने कहा कि अगर टेकारी महाराज मंडल के अध्यक्ष को नहीं हटाया जाता है, तो मंडल के सभी कार्यकर्ता भाजपा से इस्तीफा देंगे। मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता शेखर सिंह ने कहा कि अनेक वर्षों से पार्टी के निदेर्शानुसार चुनाव के समय मंडल के कार्यकर्ता पूरी लगन एवं ईमानदारी से कार्य कर पार्टी को जिताने का कार्य करते चले आ रहे हैं। लेकिन पार्टी के गलत निर्णय से पार्टी को नुकसान पहुंच सकता है। इस पर गहन विचार की जरूरत है। मंडल के कार्यकताओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। बैठक का संचालन कर रहे मुन्ना कुमार राउत ने कहा कि मंडल के कार्यकर्ता हमेशा पार्टी के दुख और सुख में साथ खड़ा रह कर पार्टी के साथ खड़ा रहा है। मंडल अध्यक्ष किसी बाहरी को बनाने से मंडल के कार्यकर्ता अपने आपको अपमानित महसूस कर रहे हैं। इस तरह का कोई भी निर्णय, जो मंडल संगठन को नुकसान पहुंचा सकता है, तो उस पर गंभीर विचार करने की जरूरत है।

रिलायंस ज्वेल्स ने अपने विवाहम संग्रह का अनावरण किया

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। आभूषण उद्योग में एक प्रसिद्ध नाम, रिलायंस ज्वेल्स को अपने बहुप्रतीक्षित विवाहम संग्रह के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, शादी के गहनों की एक उत्कृष्ट श्रृंखला हर दुल्हन को उसके खास दिन पर रानी की तरह महसूस कराने के लिए डिजाइन की गई है, चाहे वह जिंदगी के किसी भी स्तर से आती हो। यह संग्रह भारत भर में क्षेत्रीय दुल्हनों की विविधता और भव्यता को सम्मान प्रदान करता है और उनकी अनोखी शैलियों और प्रेरणाओं को दशार्ता है। रिलायंस ज्वेल्स के सीईओ श्री सुनील नायक ने बताया, हमारा विवाह संग्रह भारतीय शादियों की भव्यता और विविधता का एक वसीयतनामा है। हमारा मानना है कि हर दुल्हन अपनी शादी के दिन रानी की तरह अनुभव करने की हकदार है, चाहे उसकी जाति, उम्र, सामाजिक-आर्थिक खंड या स्थान कुछ भी हो। हमारा संग्रह भारतीय दुल्हनों की शाही आकांक्षाओं को दिखलाता है, जो उनकी पसंद के आभूषण, पोशाक और समग्र आभा से स्पष्ट होता हैं। हम प्रत्येक क्षेत्र के मूलतत्त्व को कैप्चर करना चाहते थे, जिससे दुल्हनें लालित्य और अनुग्रह को विकीर्ण करते हुए अपनी सांस्कृतिक पहचान को गले लगा सकें। शादी की खरीदारी के आनंद को और बढ़ाने के लिए, रिलायंस ज्वेल्स सीमित समय के लिए विशेष छूट और ऑफर पेश कर रहा है। ग्राहक सोने के आभूषणों के मेकिंग शुल्क और हीरे के आभूषणों के मूल्यह्न पर 20 प्रतिषत तक की छूट का फायदा उठा सकते हैं। इसके अलावा, रिलायंस ज्वेल्स पुराने सोने के आभूषणों को उनके पूरे मूल्य में बदलने का एक सुनहरा मौका दे रहा है, जिससे होने वाली दुल्हनों के लिए झंझट मुक्त और लाभप्रद खरीदारी का अनुभव सुनिश्चित हो। विवाह संग्रह पूरे भारत में सभी रिलायंस ज्वेल्स आउटलेट्स पर मौजूद है।

संक्षिप्त खबरें

बालासोर ट्रेन हादसे की सीबीआई जांच महज लीपापोती : जदयू

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता और विधायक अजय चैधरी और प्रवक्ता डॉ सुनील कुमार सिंह ने उड़ीसा के बालासोर ट्रेन हादसे में मारे गए बिहार के 39 लोगों की मौत के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि इस हादसे में बिहार के 21 लोग लापता हैं जिसे ढूंढने में अभी तक केंद्र की बीजेपी सरकार विफल रही है। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई से कराने का फैसला लिया जो कि कहीं से भी उचित नहीं है। प्रवक्ताओं ने कहा कि सीबीआई से जांच के नाम पर केंद्र सरकार महज लीपापोती करना चाह रही है। साल 2016 में कानपुर में हुए रेल हादसे का हवाला देते हुए पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि उस घटना को भी साजिश करार देकर केंद्र सरकार ने उसकी जांच एनआईए से कराने का फैसला लिया था, लेकिन सालों बाद भी आज तक उस घटना के ठोस कारणों का पता नहीं चल सका। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस तरह एनआईए से कानपुर ट्रेन हादसे की जांच कराकर केंद्र सरकार ने उस घटना की लीपापोती की उसी तरह सीबीआई से बालासोर हादसे की जांच कराकर केंद्र सरकार बालासोर ट्रेन हादसे के कारणों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। प्रवक्ताओं ने कहा कि इस ट्रेन हादसे की जांच सीबीआई से ना कराकर रेलवे के टेक्निकल विभाग से कराया जाना चाहिए जिससे कि असल कारणों का पता चल सके।

माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य को मातृशोक

पटना। भाकपा-माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य की मां बानी भट्टाचार्य का लगभग 91 साल की उम्र में विगत 5 जून की रात कोलकाता में निधन हो गया। वे लंबे अरसे से बीमार चल रही थीं। उनके निधन की खबर सुनकर माले महासचिव तत्काल दिल्ली से कोलकाता पहुंचे। कोविड-19 महामारी की लगातार लहरों के बावजूद वे स्वस्थ और सुरक्षित रहीं, लेकिन हाल ही में वृद्धावस्था की समस्यायें जोर पकड़ने लगी थीं। जनवरी से अब तक उन्हें तीन बार अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। उनकी अंतिम यात्रा में पश्चिम बंगाल के पार्टी नेताओं के अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वेदश भट्टाचार्य, बिहार पार्टी के सचिव कुणाल और पोलित ब्यूरो के सदस्य अमर भी शामिल हुए। का. दीपंकर भट्टाचार्य ने अपने फेसबुक पोस्ट में अपनी मां को याद किया है। उनकी मां का जन्म तत्कालीन पूर्वी बंगाल और वर्तमान बांग्लादेश के बोगुरा जिले में हुआ था। उनका जीवन 1940 के दशक के दर्दनाक घटनाक्रमों से बाधित हुआ था। उनके पूरे परिवार को बोगुरा के दुबचिया से दिनाजपुर (वर्तमान में पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले का मुख्यालय) के बालुरघाट में प्रवासित होना पड़ा था। का. दीपंकर ने लिखा है कि उनके, उनके परिवार और उनके संपर्क में आने वाले सभी दोस्तों और साथियों के लिए वह अपने पीछे प्यार और ऊर्जा से भरी एक प्रेरक विरासत छोड़ गई हैं। उन्होंने अपनी मां को याद करते हुए लिखा है कि वे उनके जीवन की पहली शिक्षिका थीं और जीवन के हर उतार-चढ़ाव के दौरान प्रोत्साहित व प्रेरित करती रहीं। भाकपा-माले की बिहार राज्य कमिटी का. दीपंकर भट्टाचार्य की मां बेनी भट्टाचार्य के निधन पर गहरा शोक प्रकट करती है।

मुद्दाहीन भाजपा कर रही है अनाप शनाप बयानबाजी : श्रवण

● सम्प्रदायिक बयानबाजी करना भजपा नेता का एकमात्र काम : जयंत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि विपक्षी एकता की चिंता भाजपा को करने की जरूरत नहीं है। इनके बयानवीर नेताओं के पास कोई मुद्दा नहीं है इसीलिए ये लोग अनाप शनाप बयानबाजी करते रहते हैं। विपक्षी पार्टियों को एक मंच पर लाने की मुहिम उसी गति से आगे बढ़ रही है और जल्द ही बैठक के नई तिथि की घोषणा भी होगी। बुधवार को जदयू कार्यालय में आयोजित सुनवाई कार्यक्रम के दौरान उक्त मंत्री ने बाते कही। आगे उन्होंने चौधरी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें इतनी महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी है लेकिन वो सही दिशा में काम करने के बजाए प्रति दिन फालतू का बयानबाजी कर रहे हैं। उन्हें अपने पद की गरिमा का ख्याल रखते हुए कोई भी बयान देने से पहले शब्दो का सही चयन करना चाहिए। इस दौरान मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि जहरीला शराब पीने से मृत्य व्यक्ति को मुआवजा देने की प्रक्रिया सकरात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। मुआवजे की घोषणा के बाद जिन लोगों मृत्यु हुई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मौजूद है उन्हें आसानी से मुआवजा राशि मिल जाएगी लेकिन पूर्व में जिनकी दुखद मौत हुई थी और उनका पोस्टमार्टम भी नहीं हुआ है उन्हें जांच प्रक्रिया के बाद ही मुआवजा राशि सरकार द्वारा दी जाएगी। इसकी प्रक्रिया भी चल रही है। मंत्री श्री जयंत राज ने गिरिराज सिंह के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अपने विभाग से सम्बंधित एक भी काम गिरिराज सिंह नहीं करते हैं। सुबह से शाम से तक सम्प्रदायिक बयानबाजी करना उनका एकमात्र काम रह गया है। प्रधानमंत्री से आग्रह है कि गिरिराज सिंह को मौजूदा विभाग से पदमुक्त कर उन्हें अलग से सम्प्रदायिक विभाग का मंत्री बना देना चाहिए क्योंकि इसी एक काम में वो माहिर हैं। आगे उन्होंने यह भी कहा कि भागलपुर में निमाणार्धीन पुल गिरने से हम सभी आहत हैं। जांच प्रक्रिया में जो भी लोग दोषी पाए जाएंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। जनसुनवाई कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह एमएलसी रवीन्द्र प्रसाद सिंह एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण कुमार सिंह मौजूद थे।

अगुवानी पुल मामले की निष्पक्ष जांच के लिए सड़क पर उतरेगी भाजपा:पटेल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार में सुल्तानगंज-अगुवानी निमाणार्धीन पुल गिरने के मामले की निष्पक्ष जांच के लिए भाजपा अब सड़कों पर उतरने का निर्णय लिया है। भाजपा के प्रवक्ता प्रेमरंजन पटेल ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि निमाणार्धीन पुल गिरने मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग को लेकर भाजपा नौ जून को सभी जिला मुख्यालयों में सरकार का पुतला दहन करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल 12 जून को राज्यपाल से मिलेगा तथा उनसे इस मामले में निष्पक्ष जांच कराने का आग्रह करेगी। पटना के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में श्री पटेल ने कहा कि कहा जा रहा है कि यह मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि जब पुल गंगा नदी में समा गया तब कहा जाने लगा कि इसका डिजाइन ही गलत था। ऐसी स्थिति में एक इंजीनियर मुख्यमंत्री द्वारा निर्माण का आदेश दिया जाना, इसके भ्रष्टाचार को कहानी को खुद बयां कर रहा है। श्री पटेल ने यह भी कहा कि पहली बार जब यह पुल गिरा था , उसके बाद इसके निर्माण कार्य को फिर से शुरू कराया गया और 300 करोड़ कम्पनी को भुगतान किया गया। उन्होंने कहा कि यह जनता का पैसा था और जब तक इस मामले की जांच पटना उच्च न्यायालय के सिटिंग जज या सीबीआई से नहीं होती है तब तक भाजपा चैन से नहीं बैठने वाली है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जब सरकार ही दोषी है तो फिर इसकी जांच सरकार कैसे कर सकती है। पत्रकारों द्वारा रेल दुर्घटना से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में श्री पटेल ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि ममता बनर्जी दो वर्ष रेल मंत्री रही। इस दौरान रेल टक्कर के 54 मामले हुए और 839 बेपटरी होने के मामले सामने आए जबकि 1451 लोगों की मौत हुई। इसी तरह नीतीश कुमार के रेलमंत्री रहते 79 टक्कर के तथा 1000 रेल के बेपटरी होने की घटना घटी और 1527 लोगों की मौत हुई। इधर लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री काल में 51 टक्कर और 550 रेल के बेपटरी होने की घटना घटी जिसमे 1159 लोगों की मौत हुई। इसके अलावा नरेंद्र मोदी की सरकार में 29 रेल टक्कर के मामले सामने आए जबकि 426 रेल बेपटरी की घटनाएं घटी। इस दौरान 781 लोगों की मौत हुई। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश कुमार सिंह ,राजेश कुमार झा अशोक भट्ट उपस्थित थे।

भाजपा के रिमोट से कंट्रोल हो रहें हैं प्रशांत किशोर : उमेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर दिए गए प्रशांत किशोर के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि सिर्फ सोशल मीडिया में सुर्खियां बटोरने के लिए वे अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं। उनका बयान दशार्ता है कि उन्हें भाषा की बुनियादी समझ नहीं है। वह अपनी छवि अपने हाथों ही धूमिल कर रहें हैं। सार्वजनिक जीवन में रहने वाले व्यक्ति को तमीज और तहजीब का उचित ख्याल रखना चाहिए लेकिन प्रशांत किशोर की भाषा सड़क के एक मवाली की तरह हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्रशांत किशोर भाजपा के रिमोट से कंट्रोल हो रहें हैं और भाजपा आलाकमान के कहने पर बिहार की जनता को बरगलाने निकले थे लेकिन धरातल पर जनता द्वारा नकार दिए जाने के बाद से वो अंतर्मन से बौखलाए हुए हैं और इसी का नतीजा है कि वे अब अपना भाषाई नियंत्रण भी खो चुकें है, तमाम राजनीतिक मयादाओं को ताक पर रखकर वो हमारे नेता के खिलाफ अपमानजनक बयानबाजी कर रहे हैं। उनकी असलियत जनता के सामने आ चुकी है। प्रशांत किशोर बिहार में भाजपा का एजेंडा चला रहें हैं। आगे उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के अंदर सीधे तौर पर राजनीतिक लड़ाई लड़ने की क्षमता खत्म हो चुकी है इसीलिए वो अपने नकाबपोश पिट्ठू नेताओं को बिहार में एक्टिवेट कर रही है ताकि बिहार की जनता को दिग्भ्रमित किया जा सके लेकिन भाजपा को याद रखना चाहिए कि यह महान चाणक्य की भूमि है हर तरह की राजनीतिक कुटिलता यहां औंधे मुंह धराशाई हो जाती है। भाजपा की यह होशियारी भाजपा के लिए नुकसानदेह साबित होगा। श्री कुशवाहा ने आगे यह भी कहा कि भाजपा और उसके पिछलग्गू सहयोगी चाहे जितनी मर्जी कोशिश कर लें लेकिन 2024 लोकसभा उनकी लुटिया डूबना अब तय है। कोई भी शक्ति या साजिश भाजपा का सफाया होने से रोक नहीं सकती है। उन्होंने ने आगे तंज भरे लहजे में कहा की प्रशान्त किशोर बेवजह ही राजनीति में अपना समय जाया कर रहे हैं, कोई लाभ नहीं मिलने वाला है उन्हें। उनके लिए बेहतर होगा कि वह पुनः अपने पारंपरिक व्यापार में लग जाए। उनकी भाषाशैली और व्यवहार एक राजनेता की तरह कत्तई नहीं है।

अच्छे दिनों का सपना नौ वर्षों में चकनाचूर : राजीव

पटना। भाजपा को घेरते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने बुधवार को कहा है कि 2014 में भाजपा ने देश को अच्छे दिनों का जो सपना दिखाया था वह पिछले नौ वर्षों में पूरी तरह चकनाचूर हो गया है। इन वर्षों में सरकार का पूरा ध्यान पूंजीपतियों के विकास पर रहा है वहीं देश के गरीब, मजदूर, किसान व नौजवान हाशिये पर चले गये हैं। देश के संवैधानिक ताने-बाने और लोगों के जीवन पर बड़ा हमला हुआ है। भारतीय जनता सांप्रदायिकता और कॉर्पोरेट लूट के संयुक्त हमले का सामना कर रही है। इन सबके बीच भाजपा अपनी चुनावी मशीनरी के जरिये लोगों को फिर से बरगलाने और असल मुद्दों से दूर लेकर जाने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। केंद्र की पोल खोलते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने युवाओं को 2 करोड़ सालाना नौकरी देने का वादा किया था लेकिन इसके उलट आज देश में बेरोजगारी नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। सीएमआईई के आज अनुसार देश में बेरोजगारी की दर 7.45रू तक पहुंच गई है। स्थिति यह है कि हर वर्ष लाखों लोग काम की आयु में प्रवेश कर रहें हैं, लेकिन उनके लिए रोजगार है ही नहीं। केन्द्र में 10 लाख रिक्तियां होने के बावजूद भर्तियाँ नहीं निकाली गयीं। जदयू महासचिव ने कहा कि इतनी समस्याओं के बावजूद दूसरी तरफ सरकार पूंजीपतियों को मुनाफा कमाने में लगातार मदद कर रही है। पिछले 9 वर्षों में 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऋण बट्टे खाते में डाल दिए गए हैं। उन्हें भारी कर रियायतें भी दी गई हैं13 कंपनियों द्वारा लिए गए लगभग 4.5 लाख करोड़ रुपयों के निकृष्ट ऋणों को 64 प्रतिशत की भारी कटौतियों के साथ ह्यसेटलह्न किया गया है। वास्तव में केंद्र की गलत नीतियों से आज देश विनाश की तरफ जा रहा है, वहीं सरकार के नेता 9 वर्षों का जश्न मनाने में व्यस्त हैं। यह इनकी संवेदनहीनता को दशार्ता है।

शिक्षक अभ्यर्थियों को किया जा रहा गुमराह : शिक्षक संघ

पटना। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रघुवंश प्रसाद सिंह एवं महासचिव सह पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने आरोप लगाया है कि शिक्षक अभ्यर्थियों को गुमराह किया जा रहा है। श्री सिंह ने शिक्षा मंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि नौजवान शिक्षक अभ्यर्थियों को बिहार के शिक्षामंत्री ही बहला रहे हैं और उन्हें गुमराह भी कर रहे हैं। शिक्षक अभ्यर्थी आज उनसे यह जानना चाहते हैं कि सातवें चरण तक जिस नियमावली के तहत अभ्यर्थियों को शिक्षक पद के लिए नियुक्ति पत्र मिलने वाले थे, उन्हें किस गुनाह के कारण तीसरी बार बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा देने के लिए जबरन मजबूर किया जा रहा है ? शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने कहा कि यदि आठवें चरण से आयोग द्वारा परीक्षा लेकर शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाती तो शिक्षा के गुणात्मक विकास पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। पूर्व से नियुक्त शिक्षकों पर भी फिर से नई नियुक्ति के लिए नई शर्त लादना अनुचित है। अध्यापक नियुक्ति नियमावली 2023 में उनके 20 वर्षों की सेवा संरक्षण का कोई प्रावधान नहीं करना सरासर अन्याय है। शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने कहा कि 1,70,000 पदों पर ही 4 लाख कार्यरत शिक्षकों एवं 2 लाख नये शिक्षक अभ्यर्थियों की परीक्षा लेना भारी संख्या में युवाओं को बेरोजगार रखने वाली नीति है। यदि सरकार की सोच सही और फैसला विवेकपूर्ण होता तो पूर्व से कार्यरत शिक्षकों, शारीरिक शिक्षकों एवं पुस्तकालयाध्यक्षों को बिना शर्त राज्यकर्मी घोषित करती और सातवें चरण के बाद नई नियमावली लागू करती। उन्होंने कहा है कि सरकार जब तक अपने इस फैसले को वापस नहीं लेती है और बिना शर्त शिक्षकों, शारीरिक शिक्षकों एवं पुस्तकालयाध्यक्षों को राज्यकर्मी घोषित नहीं करती है तब तक हम आंदोलन जारी रखेंगे। अन्यथा की स्थिति में पूरे राज्य में शिक्षा व्यवस्था को ठप करने की जबाबदेही सरकार की होगी।

पटना के सतीश सिंह लंदन की संसद में सम्मानित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कथा यूके और हिंदी अकादमी मुंबई की ओर से साहित्य के माध्यम से भारत और इंग्लैंड के बीच सेतु निर्माण कार्यक्रम का आयोजन लंदन की संसद में किया गया। इसमें पटना निवासी पेशे से बैंकर, वरिष्ठ स्तंभकार, कथाकार, कवि और गीतकार सतीश सिंह को हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। सतीश सिंह ने यह पुरस्कार सांसद वीरेंद्र शर्मा, पंजाबी लेखक और काउंसलर केसी मोहन, हिंदी और उर्दू की लेखिका और काउंसलर जकिया जुबैरी के हाथों से ग्रहण किया। इस अवसर पर भारत के उच्चायुक्त दीपक चौधरी, पुरवाई के संपादक एवं प्रवासी साहित्यकार तेजेंद्र शर्मा, प्रवासी साहित्यकार जय वर्मा और हिंदी अकादमी के अध्यक्ष प्रमोद पांडेय उपस्थित रहे। सतीश सिंह की सम-सामयिक, आर्थिक एवं बैंकिंग विषयों पर हिंदी एवं अंग्रेजी में 2000 से अधिक लेख पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। साथ में 500 से अधिक कविताएं एवं गजलें और तीन दर्जन से अधिक कहानियां विविध पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। दिसंबर 2021 में पिया ओ रे पिया शीर्षक से एक म्यूजिक एल्बम भी जारी हो चुका है। उनकी अब तक तीन पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं और उन्हें एक दर्जन से अधिक पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

राष्ट्रीय ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में बिहार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया

35 स्वर्ण , 10 रजत और 22 कांस्य पदक के साथ बिहार लौटे खिलाड़ी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रैपलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में 1 से 5 जून तक देवास ,मध्यप्रदेश में अयोजित 16वीं राष्ट्रीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता 2023 में पूरे भारत मे बिहार ने 35 स्वर्ण पदक ,10रजत पदक ,22कांस्य पदक प्राप्त कर तृतीय स्थान रहा। पूरे भारत से 22 राज्यो से लगभग 800 खिलाड़ियो ने हिस्सा लिया । वहीं, प्रथम स्थान पर हरियाणा और द्वितीय स्थान पर मध्य प्रदेश रहा। बिहार रेजीमेंट बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए लुकेश कुमार ने 84 किलोग्राम में फाइनल में राजस्थान को हरा कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया । बिहार रेजीमेंट के ही राधेश्याम, अरविंद ने क्रमशः उत्तर प्रदेश और जम्मू कश्मीर को फाइनल में शिकस्त दी और स्वर्ण पदक अपने नाम किया । साक्षी कुमारी ने फाइनल में हरियाणा को 10 से 11 वर्ष - 50 केजी वर्ग में, श्रेया सिंह ने तमिलनाडु की पीएस कट्टू को फाइनल में 12 से 13 वर्ष में 42 किलोग्राम में स्वर्ण पदक प्राप्त किया वही सोनी कुमारी ने फाइनल में राजस्थान की पूजा को हरा कर स्वर्णपदक अंकुर भारद्वाज जिन्होंने 10 से 11 वर्ष वर्ग में -50 केजी में फाइनल में हरियाणा को हराकर स्वर्ण पदक , मिनी कुमारी ,मुस्कान कुमारी, ने भी अपने अपने उम्र वर्ग एव भार वर्ग में स्वर्ण पदक, खुशी कुमारी उम्र भर के 16 से 17 वर्ष-केजी में तमिलनाडु को फाइनल में हराकर स्वर्ण पदक , चांदनी कुमारी 12 से 13 वर्ष में माइनस -72 किलोग्रम में राजस्थान को हरा कर स्वर्ण पदक पर ,रौशन कुमार ने भी अपने उम्र वर्ग एवं भार वर्ग में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया । रजत पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का नाम उज्जवल भूषण ,मिरत्युञ्जय भूषण अविशेखर मौर्या रहे। वहीं, कांस्य पदक पाने में चंदन कुमार विहार रेजमेंट ,श्यामसुंदर ,विपुल, प्रिंस ,अर्जुन कुमार , मणिकांत प्रकाश आदि सफल रहे । पटना आगमन पर खेल महानिदेशक के. रविंद्रशंकरण ने खिलाड़ियों से मिलकर शुभकामनाएं बधाई दी। मौके पर सदस्य बिहार विधान परिषद महेश्वर सिंह बिहार स्टेट कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन सत्येंद्रनारायण सिंह ग्रेपलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष आईपीएस ओपी नारवाल , बिहार के महासचिव सुबोध कुमार यादव रिजवान उल हक, प्रियेश कुमार ने भी अपनी शुभकामनाएं दी। उक्त आशय की जानकारी ग्रेपलिंग डेवलपमेंट कमेटी के अध्यक्ष हरिओम उत्तम ने दिया ।

बरौनी-मुंबई सेंट्रल समर स्पेशल का पाटलिपुत्र में समय बदलाव

● गांधीधाम-भागलपुर समर स्पेशल का भी नरकटियागंज स्टेशन पर समय में हुआ बदलाव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

अपरिहार्य कारणवश गाड़ी संख्या 09061/09062 मुंबई सेंट्रल-बरौनी-मुंबई सेंट्रल समर स्पेशल का पाटलिपुत्र स्टेशन पर एवं 09451/09452 गांधीधाम-भागलपुर-गांधीधाम समर स्पेशल का नरकटियागंज स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय में तत्काल प्रभाव से आंशिक बदलाव किया गया है । संशोधित समय सारणी के अनुसार गाड़ी संख्या 09061 मुंबई सेंट्रल-बरौनी समर स्पेशल 01.55 बजे पाटलिपुत्र पहुंचेगी तथा 02.05 बजे प्रस्थान करेगी । इसी तरह 09062 बरौनी-मुंबई सेंट्रल 00.55 बजे पाटलिपुत्र पहुंचेगी एवं 01.05 बजे प्रस्थान करेगी । इसी तरह गाड़ी संख्या 09451 गांधीधाम-भागलपुर समर स्पेशल संशोधित समय 10.20 बजे नरकटियागंज पहुंचेगी एवं 10.30 बजे प्रस्थान करेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 09452 भागलपुर-गांधीधाम समर स्पेशल 13.42 बजे नरकटियागंज पहुंचकर 13.52 बजे पस्थान करेगी । इन ट्रेनों का अन्य स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है ।

पिछड़ों एवं अतिपिछड़ों को राजद ने हमेशा मान सम्मान दिया : राजद

राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश एवं जिलाध्यक्षों की सूची जारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल ने हमेशा पिछड़ों, वंचितों एवं अतिपिछड़ों को मान-सम्मान, हक और अधिकार दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव हमेशा इन वर्गों के राजनीतिक और सामाजिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए कार्य किया है। इनके द्वारा जो कार्य किये गये हैं उससे वंचितों, शोषितों और अतिपिछड़ों के बीच पार्टी के नेतृत्व के प्रति विश्वास मजबूती से बना हुआ है क्योंकि इनके लिए कार्य करने का जो संकल्प है वो हमेशा सरजमीन पर उतरा है। उक्त बातें राजद कार्यालय में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में राजद प्रवक्ता शक्ति यादव ने कही। प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय प्रवक्ता नवल किशोर यादव, विधायक भरत बिन्द, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद एवं अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द कुमार सहनी भी मौजूद रहें। राजद नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल हमेशा इन वर्गों के सामाजिक, राजनीतिक उत्थान तथा इनको सरकार की हर योजनाओं में शामिल करने के लिए जो कार्य किया है वह अविस्मरणीय है। लेकिन केन्द्र सरकार की नीतियां इन वर्गों के प्रति ठीक नहीं है, जिस कारण जातीय जनगणना कराने से केन्द्र सरकार भाग रही है और दूसरी ओर भाजपा बिहार में जातीय गणना नहीं हो इसके लिए पिछले दरवाजे से खेल खेल रही है लेकिन राष्ट्रीय जनता दल इन वर्गों के मान-सम्मान, अधिकार और योजना आकार में शामिल कराने के लिए जातीय गणना के प्रति संकल्पित है और इसको हर परिस्थितियों में बिहार में कराने का महागठबंधन सरकार का जो संकल्प है उसे आगे बढ़ाया जायेगा और केन्द्र सरकार की पिछड़ा, अतिपिछड़ा विरोधी नीतियों के खिलाफ पूरे राज्य भर में अभियान चलाकर आम लोगों को सच्चाई से अवगत कराया जायेगा। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह के द्वारा अनुमोदित सूची को राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सहनी ने प्रदेश एवं जिलाध्यक्षों की सूची जारी करते हुए बताया कि 30 उपाध्यक्ष, 39 महासचिव, 19 सचिव एवं 03 प्रदेश प्रवक्ता सहित 28 जिलों में जिलाध्यक्ष एवं 13 जिलों में जिला प्रधान महासचिव मनोनीत किया है, जिसकी सूची संलग्न है। इस अवसर पर संवाददाता सम्मेलन में प्रशांत कुमार मंडल एवं अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र चन्द्रवंशी भी उपस्थित थे।

रालोजपा प्रदेश पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्षों की बैठक 17 व 18 को

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि 2024 लोकसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस के निदेशार्नुसार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व समस्तीपुर सांसद प्रिंस राज की अध्यक्षता में प्रदेश पदाधिकारियों एवं प्रदेश प्रकोष्ठों के राज्याध्यक्षों की संयुक्त बैठक 17 जून को एवं जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारियों की बैठक 18 जून को प्रदेश कार्यालय पटना में बुलाई गई है। इस बैठक में मुख्य वक्ता पार्टी के बिहार प्रभारी व पूर्व विधायक अनिल चौधरी होगें। प्रवक्ता ललन चन्द्रवंशी ने बताया कि एनडीए के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल के किये उपलब्धियों तथा कार्यो को जनता के बीच पहुंचानें का काम पार्टी के पदाधिकारी, राज्यध्यक्ष, प्रखण्ड अध्यक्ष के अलावे प्रकोष्ठ के राज्याध्यक्ष गांव-गांव तक पहुंचानें का काम करेगें।

पुल ध्वस्त मामले में 1700 करोड़ रुपये कंपनी से वसूलना चाहिए : पप्पू

पटना। जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद पप्पू यादव ने उत्तरी मंदिरी स्थित आवास पर बुधवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया। मीडिया से बातचीत के दौरान जाप सुप्रीमो पप्पू यादव ने भागलपुर में निमाणार्धीन पुल गिरने को लेकर सरकार से सवाल किया और कहा कि सिंगला कंपनी जब ब्लैक लिस्टेड थी 8 राज्यों में, तब इस कंपनी को फिर किन कारणों से टेंडर दिया गया। उन्होंने कहा कि इस पुल का टेंडर 600 करोड़ से शुरू हुआ और टेंडर 2700 करोड़ रुपये पहुंच गया। इनमें किन-किन अधिकारियों और मंत्रियों की मिलीभगत है, सरकार बताये। उन्होंने कहा कि ब्लैक लिस्टेड होने के बावजूद केंद्र सरकार ने गुजरात में सिग्नेचर पुल बनाने का काम इस कंपनी को किया दिया, जो पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। साथ ही इस भागलपुर में भी केंद्र सरकार इस कंपनी को काम क्यों दिया। श्री यादव ने कहा कि नीतीश कुमार का इस्तीफे का कोई सवाल नहीं है। उन्होंने कहा कि 17 सालों से इस विभाग में बीजेपी का मंत्री था। नंदकिशोर यादव से लेकर नितिन नवीन तक रहे। इस दौरान जांच क्यों नहीं हुई। वहीं, पप्पू यादव ने इस पूरे मामले पर महागठबंधन सरकार का बचाव करते हुए कहा कि, इस सरकार के 9 महीने हुए हैं, इस मामले में इस सरकार की कोई भूमिका नहीं है। अगर बीजेपी में हिम्मत है तो सिंगला कंपनी की जांच सीबीआई और स्वतंत्र कोर्ट से जांच करायें। क्या कारण है कि अभी तक बीजेपी नेताओं ने सिंगला कंपनी का नाम तक क्यों नहीं लिया। पप्पू यादव पुल गिरने के मामले में 1700 करोड़ रुपये सिंगला कंपनी से वसूलना चाहिए। पूरे बिहार जानता है कि कौन है ये पदाधिकारी, जिसे 100-100 करोड़ रुपये दिये गये। पुल निगम भ्रष्टाचार का अड्डा है। वहीं, पप्पू यादव ने कहा कि वे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलेंगे, पुल गिरने की मामले की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराया जाये, मेरी मांग है कि सिंगला कंपनी पर 302 को मुकदमा हो, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाये, सिंगला कंपनी ने किस-किस कंपनी को पैसा दिया उसकी जांच की जाये।

महिला समेत आठ को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पुलिस कॉन्स्टेबल प्रदीप कुमार के घर में घूस कर उनके लाइसेंसी हथियार को गायब करने की घटना में पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। पटना पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित आठ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन अपराधियों के पास से पुलिसकर्मी के लाइसेंसी हथियार को बरामद कर लिया है। इसके साथ पुलिस ने देसी कट्टा भी बरामद किया है। वहीं पुलिस की खुलासे में इस मामले मे अलग रुप ले लिया है। मिली जानकारी अनुसार इस मामले के आरोपियों ने गलतफहमी के शिकार होकर पुलिसकर्मी के घर पहुंच गए थे। बताया जा रहा कि, आरोपी महिला एक बैंक कर्मी है। जिसने अपनी प्रेमी के साथ मिलकर इस लूट के घटने को अंजाम देने की साजिश को रची थी। आरोपी महिला अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने किसी अन्य दोस्त के घर लूट की घटना को अंजाम देने वाली थी। लेकिन घर का पता गलत होने के कारण सारे अपराधी पुलिस कर्मी के घर पहुंच गए थे। जहां से आपराधियों ने पुलिसकर्मी का लाइसेंसी हथियार को लेकर फरार हो गए थे। वहीं पुलिस ने अब इन मामले का सफल उद्भेदन कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पांच वर्षों में राज्य के सभी जिलों में संस्थागत प्रसव के आंकड़ों में हुई वृद्धि

● 93.2 प्रतिशत संस्थागत प्रसव के साथ मुंगेर जिला है राज्य में अव्वल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों के अनुसार रा

संक्षिप्त खबरें

जिले के विभिन्न थानों में कार्यरत आठ महिला पुलिस अधिकारियों का थाना अंतर्गत तबादला

समस्तीपुर। जिले के विभिन्न थानों में कार्यरत आठ महिला पुलिस अधिकारियों का तबादला किया गया है। एसपी विनय तिवारी ने सभी को तत्काल प्रभाव से नए स्थानों पर योगदान करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही दारोगा के योगदान करने के साथ ही संबंधित थानाध्यक्ष व डीएसपी को रिपोर्ट करने का भी निर्देश दिया है। एसपी द्वारा तबादले की जारी सूची के अनुसार दलसिंहसराय में कार्यरत पुअनि कंचन कुमारी को विद्यापतिनगर व सीमा कुमारी को अंगारघाट थाना भेजा गया है। कल्याणपुर थाने की पुअनि संगीता कुमारी को बंगरा थाना, महिला थाने की पुअनि गुलनाज कौसर को बिथान थाना भेजा गया है। वहीं मथुरापुर ओपी की पुअनि पुतुल कुमारी को महिला थाना, ताजपुर थाने की सअनि मधुबाला देवी को हथौड़ी थाना, रोसड़ा थाने की सअनि कोईली मिंज को पूसा थाना एवं पटोरी थाने में कार्यरत सअनि कुमारी पार्वती चौधरी को एससीएसटी थाना में तबादला किया गया है। सभी को तत्काल प्रभाव से संबंधित थाना में योगदान करने का आदेश दिया गया है।

अनुसूचित जाति के लोगों के साथ हुई मारपीट के मामले में पहुंचा लोजपा रा की टीम

बेगूसराय। लोजपा रामविलास बेगूसराय के जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बुधवार को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास बेगूसराय के जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान के नेतृत्व में लोजपा प्रतिनिधि मंडल टीम तेघरा प्रखंड के आलापुर पंचायत के धनकौल विषहर स्थान पहुंची। लोजपा रामविलास के प्रतिनिधिमंडल को स्थानीय लोगों ने पूरी जानकारी दी। लोगों ने बताया कि 4 जून 2023 को शाम 7:00 बजे दलित समाज मटकोर करने जाते वक्त गांव के जिला परिषद शिव चंद्र महतो के पुत्र नीतीश कुमार एवं सोनू कुमार के द्वारा महिला के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। दलित समाज के साथ मारपीट भी की। जांच टीम को स्थानीय लोगों ने बताया कि अनुसूचित जाति जनजाति थाना को आवेदन दिए। लेकिन अभी थाना घटनास्थल पर जांच में नहीं पहुंची है। लोजपा जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान ने तुरंत प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान बात किए। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान से पीड़ित परिवार को बातचीत करवाएं, उन्होंने आश्वासन दिया कि बेगूसराय एसपी से बात कर आप लोगों को उचित न्याय मिलेगा। नहीं तो लोकसभा में इस घटना की चर्चा होगी और उच्च स्तरीय जांच होगी। इस लोजपा प्रतिनिधिमंडल में लोजपा के युवा जिला अध्यक्ष अजय कुमार, जिला महासचिव रोहित कुमार, जिला सचिव दीपक पासवान, जिला सचिव मोहम्मद कासिम, तेघड़ा प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव पासवान, मन्टू पासवान और दर्जनों लोजपा के नेता मौजूद थे।

25 उम्मीदवार के भाग्य की फैसला करेंगे 133 मतदाता

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत सब्जी उत्पादक सहयोग समिति के अलग-अलग विभिन्न पदों के 25 उम्मीदवारों का भाग्य का फैसला 133 मतदाता करेंगे। जिसकी सारी तैयारी पूरी कर दी गई है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ आज मतदान होगी। बता दें कि अध्यक्ष के 1 पद के लिए तीन उम्मीदवार पूनम देवी, बिंदेश्वर महतो, राज कुमार रंजन, उपाध्यक्ष के एक पद के लिए भी 3 उम्मीदवार गुड्डू कुमार चौधरी, रामकरण महतो, हरि नारायण सिंह, सचिव के 1 पद के लिए दो उम्मीदवार प्रवीण कुमार, सुशील कुमार मिश्रा तथा सदस्य के 9 पदों के लिए कुल 17 उम्मीदवार अखिलेश कुमार, छोटन राय, जिवछ महतो, पवन कुमार मिश्र, पुष्पा देवी, पूनम देवी, प्रमोद कुमार रजक, विजेंद्र कुमार, मुकेश कुमार सिंह, रंजीत कुमार यादव, राम सजीवन महतो, रामबाबू दास, रिंकू कुमारी, विनोद महतो, सुनैना देवी, सुरेश दास, सोनी देवी मैदान में डटे हुए हैं। आज प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी में सुबह 7:00 बजे से शाम के 4:30 बजे तक मतदान होगी। मतदान एवं मतगणना के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान एवं मतगणना होगी।

अनियमितता पाए जाने पर 10 दवा दुकानों पर कार्रवाई

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले में दवा दुकानों में फार्मासिस्ट नहीं रहने एवं विभिन्न प्रकार के अनियमितता मिलने के कारण औषधि विभाग ने दस दवा दुकानों पर कार्रवाई की है। जहां पांच दवा दुकानों का लाइसेंस निर्धारित समय के लिए निलंबित कर दिया गया है। वहीं पांच दवा दुकानों के संचालकों से जवाब तलब किया गया है। निलंबित अवधि में दवा दुकान खोले जाने पर दुकानदार पर सख्त कारवाई करने की चेतावनी दी गयी है। डीएम योगेंद्र सिंह ने विभागीय समीक्षा व एनसीओआरडी की बैठक के बाद दवा दुकानों की नियमित जांच करने का आदेश औषधि विभाग को दिया था। जिसके बाद डीआई की टीम लगातार जांच कर रही है। निलंबित अवधि में दवा दुकान खोले जाने पर दुकानदार पर सख्त कारवाई करने की चेतावनी दी गयी है। डीएम योगेंद्र सिंह ने विभागीय समीक्षा व एनसीओआरडी की बैठक के बाद दवा दुकानों की नियमित जांच करने का आदेश औषधि विभाग को दिया था। जिसके बाद डीआई की टीम लगातार जांच कर रही है। डीएम के आदेश पर औषधि विभाग की एडीसी निलिमा कुमारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञिप्ति के अनुसार समस्तीपुर के न्यू वर्मा मेडिकल हॉल, केवस निजामत रेबाड़ी ढाला भूषण चौक स्थित न्यू दुर्गा मेडिकल स्टोर, रोसड़ा सिनेमा चौक स्थित अन्नपूर्णा ड्रग्स, अस्पताल रोड गंगापुर पूसा रोड स्थित न्यू मिश्रा मेडिकल हॉल एवं पूसा के मोरसंड चौक स्थित भवानी मेडिकल हॉल का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। दवा दुकानों की जांच के दौरान मिली गड़बड़ी के कारण पांच दुकानों के विक्रेता से जवाब तलब किया गया है। एडीसी ने बताया कि रोसड़ा ब्लॉक रोड स्थित कृष्णा ड्रग्स, न्यू मार्केट मूलचंद रोड समस्तीपुर स्थित हेल्थ ड्रग्स एजेंसी, कल्याणपुर के पुरुषोतमपुर के न्यू मेडिसीन सेंटर, दलसिंहसराय के तृप्ति सुंदर कॉम्पलेक्स स्थित न्यू भारत होमिया हॉल एवं पटोरी के डीह मोहनपुर स्थित मां काली मेडिकल स्टोर के विक्रेता से जवाब तलब किया गया है। दवा दुकानों में गड़बड़ी की शिकायतों के बाद डीएम के निर्देश पर लगातार दवा दुकानों पर छापेमारी जारी है। इस दौरान इन दवा दुकानों में कई गड़बड़ी मिली है। एडीसी निलिमा कुमारी ने बताया कि विभिन्न कारणों से कार्रवाई की गयी है। इसमें मुख्य रूप से दवा दुकानों पर फार्मासिस्ट का नहीं होना। शिड्यूल एच वन पंजी का अद्यतन नहीं होना। बिना डॉक्टरी पर्ची के दवा बेचने की अद्यतन रिपोर्ट उपलब्ध नहीं होना, पर्चेज बिल का नहीं होना सहित अन्य कारण से कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा कि निलंबन अवधि में दवा दुकान खुले रहने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कल्याणपुर प्रखंड में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए किसान सलाहकार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड के किसान सलाहकार कार्य का पूर्णता बहिष्कार करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में बुधवार से प्रखंड मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। सलाहकारों की मांग है कि जब तक उन्हें नियमित कर्मी की तरह सारी सुविधाएं नहीं दी जाती, तब तक यह हड़ताल अनिश्चितकालीन जारी रहेगा। इस आशय का पत्र जारी करते हुए सलाहकार यूनियन के प्रखंड अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार धीरज ने सलाहकारों से अपनी एकता बनाए बनाते हुए आंदोलन में बने रहने की अपील की। उन्होंने जल्द ही मांगों को माने जाने का दावा भी किया। मौके पर अमित कुमार, सुमित कुमार, निशांत कुमार, संजय कुमार, संजय कुमार बैठा, नरेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, शंभू शरण झा, विनोद गुप्ता, मुकेश कुमार राय, गौरी कुमार, खुशब कुमारी, बसंत कुमार अनुपम कुमारी सहित अन्य सलाहकार भी उपस्थित रहे।

सड़क जर्जर होने से वाहनों की आवाजाही में परेशानी

शिवाजीनगर, प्रात : किरण संवाददाता

शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत परशुराम चौक से बंधार होते हुए हांसोपुर चौक जाने वाली मुख्य सड़क की हाल काफी जर्जर हो चुका है। बीच सड़क पर जगह-जगह गड्ढा बन जाने के कारण सड़क पर वाहनों के आवागमन के साथ आम लोगों को के सामने कई वर्षों से भारी समस्या उत्पन्न हो गई है। स्थिति यह है कि सड़क जर्जर होने कारण आम जनों को पैदल चलने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सड़क और पीचिंग सड़क जगह-जगह टूट जाने के कारण मिट्टी उखड़ चुका है। जगह जगह ऐसी गड्ढा बन गया है जिससे कब कोई वाहन दुर्घटना हो जाए इसकी आशंका बनी रहती है। बरसात के मौसम में काफी परेशानियों का सामना लोगों को करना पड़ता है। सड़क के बदहाली के कारण आए दिन लोग के कारण आए दिन लोगों के सामने समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसके कारण सड़क से गुजरने वाले वाहनों के साथ राहगीरों को घंटों तक परेशानी से जूझना पड़ता है। हल्की बारिश होने के बाद सड़क पर पानी जमा हो जाने से लोगों की परेशानी बढ़ जाती है।

लड़की के बुलावे पर उसके घर गया था कुंदन, पिता और भाइयों ने पीट-पीटकर कर दी हत्या

- पुलिस ने लड़की के पिता और दो भाइयों को गिरफ्तार कर किया मामले का खुलासा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर पुलिस ने जिले के पूसा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरपुर गांव में बीते सोमवार की रात एक युवक की पीट-पीटकर हुई हत्या मामले का पुलिस ने बुधवार को उद्भेदन कर दिया। पुलिस ने इस मामले के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान थाना क्षेत्र के हरपुर पूसा निवासी फुदेनी राम उर्फ फूदेना के पुत्र शिवनारायण राम (55 वर्ष), शिवनारायण राम के पुत्र दीपक कुमार (25 वर्ष) एवं रौशन कुमार (19 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने इस घटना में मृतक का एक मोबाइल और दो अभियुक्तों के दो मोबाइल को बरामद किया है। बुधवार को सदर डीएसपी कार्यालय समस्तीपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में मामले का खुलासा करते हुए सदर डीएसपी संजय कुमार पांडे ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उनके नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा आसूचना संकलन के आधार पर 24 घंटे के अंदर हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों ने विस्तृत पूछताछ में बताया है कि शिवनारायण राम की पुत्री के साथ कुंदन कुमार का प्रेम प्रसंग चल रहा था। लड़की के परिवार वाले आक्रोशित थे और कुंदन कुमार को रास्ते से हटा देना चाहते थे। योजना अनुसार उन लोगों ने लड़की के माध्यम से कुंदन कुमार को सोमवार की रात 10:00 बजे बुलाया और घर में कुंदन को बंदकर लाठी-डंडे लोहे की रॉड से पीट-पीटकर कुंदन की हत्या कर दी। प्रेस वार्ता में पूसा थानाध्यक्ष चंद्रकांत गौरी व अन्य उपस्थित थे।

सरायरंजन में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन थाना क्षेत्र के किशनपुर पंचायत के खालिसपुर गांव में बुधवार की सुबह श्रीरामजानकी स्कूल के प्रागंण में पुलिस ने फंदे से लटकी एक युवक की लाश बरामद किया है। घर से सौ गज की दूरी पर दो पेड़ में बंधे बांस के बल्ला में जमीन में पैर सटा गमझा से लटकी हुई लाश मिली है। मृतक की पहचान खालिसपुर गांव के वार्ड 7 निवासी इंटर के छात्र अमित कुमार राय (20) के रूप में की गई है। गांव के लोग शौच के लिए बुधवार की सुबह निकले थे, लोगों की नजर स्कूल में पेड़ से झुलती एक लाश पर गई। ग्रामीणों ने पहुंचकर देखा तो वह लाश अमित की थी। लाश मिलने की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई। देखते देखते वहां लोगों की भारी भीड़ जुट गई। लोगों ने लाश मिलने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने लाश को पंचनामा करते हुये पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर भेजने की प्रक्रिया करने में जुट गये। लोगों ने बताया कि उक्त युवक को मंगलवार की रात में किसी ने और कहीं साक्ष्य छूपाने के लिए हत्याकर शव को घर के निकट ही पेड़ से टांग दिया है। वहीं जुटी लोगों की भीड़ से आवाज आ रही थी कि युवक को किसी हत्यारे ने अन्य जगह पर हत्या कर शव को इस जगह पर टांग दिया है। परिजनों ने बताया कि उक्त युवक रात में खाना खाकर सोने चला गया। सुबह जब युवक बिछाबन पर नहीं था तो खोजबीन की गई। खोजबीन में घर के निकट ही लाश मिली। युवक की लाश मिलने पर लोगों में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। थानाध्यक्ष रविकांत कुमार ने बताया कि फिलहाल युवक की लाश फंदे से लटकी हुई मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और परिजनों द्वारा आवेदन देने के बाद ही घटना के कारणों का पता चल पाएगा। इधर, मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

कामेश्वर नारायण सिंह गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक समस्तीपुर में तीन दिवसीय हैकाथोन कार्यक्रम शुरू

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड स्थित जिला के एकमात्र पॉलिटेक्निक संस्थान कामेश्वर नारायण सिंह गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक समस्तीपुर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना द्वारा स्पॉन्सर्ड तीन दिवसीय कर्मशाला का आगाज हुआ। कर्मशाला का आगाज बिहार सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रधान सचिव लोकेश कुमार सिंह, आईआईटी पटना के निर्देशक प्रो टीएन सिंह संयुक्त रूप से वर्चुअली रूप से किया। कार्यक्रम का आगाज करते हुए प्रधान सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बताया कि बिहार के सभी पॉलिटेक्निक संस्थानों को बिहार सरकार के सात निश्चय पार्ट 2 कार्यक्रम के तहत जोड़कर आईआईटी पटना के द्वारा लिंकेज करते हुए हब एवं स्पोक के रूप में तैयार किया गया है। प्रत्येक हब एवं स्पोक किसी न किसी विशिष्ट कोर्स के लिए विकसित किया जा रहा है ताकि यहां से पास आउट होने के बाद छात्र छात्राओं को रोजगार प्राप्त करने में कोई कठिनाई का सामना ना करना पड़े। आईआईटी पटना के निर्देशक प्रो टीएन सिंह ने बताया कि बिहार सरकार का यह महत्वाकांक्षी कार्यक्रम बच्चों को रोजगारोन्मुख बनाने में अहम भूमिका अदा करेगी। मौके पर संस्थान के प्राचार्य डॉ असीम कुमार ठाकुर द्वारा बिहार के गौरवशाली अतीत से वर्तमान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया एवं छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मौके पर आईआईटी पटना के मेंटर्स, सहायक, राजकीय पॉलिटेक्निक खगड़िया, वैशाली, बेगूसराय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं तथा संस्थान के नोडल ऑफिसर प्रो अफताब अंजुम, डॉ कृष्ण कुमार, प्रो विश्वजीत कुमार भारतीयम, राजेश रंजन, विवेक कुमार, नीरज कुमार एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

जांच प्रतिवेदन में पत्रांक दिनांक नहीं देने के कारण जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के कई मामले लंबित

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

- यह जानकारी देते हुए चकहबीब पंचायत के आवेदक अजय कुमार झा ने जानकारी देते हुए बताया है
- उपरोक्त 10 व्यक्तियों के द्वारा इसकी शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी को करते हुए जांच उपरांत कार्रवाई करने की मांग किया है

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत अलग-अलग पंचायतों के पंचायत सचिव द्वारा दिए गए जांच प्रतिवेदन में पत्रांक दिनांक नहीं देने के कारण जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के कई मामले लंबित है। इसकी शिकायत लोगों ने बीडीओ से किया हैं। शिकायत में कहा हैं की 29 पंचायत के इस प्रखंड में सप्ताह में मात्र एक दिन सांख्यिकी पदाधिकारी के द्वारा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए समय निर्धारित किया गया है। उसमें भी पंचायत सचिव की लापरवाही के कारण आवेदन में तकनीकी गडबड़ी मिलती है। जिसको लेकर जन्म प्रमाणपत्र समय से नहीं बन पाता है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। यह जानकारी देते हुए चकहबीब पंचायत के आवेदक अजय कुमार झा ने जानकारी देते हुए बताया है कि उन्होंने अपने पुत्र सिद्धांत का जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन किया था। प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय से पंचायत सचिव को जांच प्रतिवेदन देने हेतु पत्र भेजकर मांग किया गया था। जिसके आलोक में पंचायत सचिव के द्वारा त्रुटि पूर्ण जांच प्रतिवेदन एवं पत्रांक दिनांक अंकित किए बिना रिपोर्ट प्रखंड विकास पदाधिकारी को समर्पित कर दिया। जिसके वजह से प्रमाण पत्र नहीं बन पाया। इसी प्रकार बेलसंडी तारा पंचायत के आवेदक अमरेश कुमार जो अपने पुत्र जयंत कुमार कश्यप के लिए, खास टभका उत्तर पंचायत के कमलेश कुमार अपने पुत्री कीर्ति प्रिया के लिए, बोरिया पंचायत के अवधेश प्रसाद सिंह अपनी पुत्री अनुपम कुमारी के लिए, भरपुरा पट पारा के राजीव कुमार अपने पुत्र राजवीर राज के लिए, महिषी पंचायत के भूषण कुमार जो अपने पुत्र समर्थ भूषण हेतु, महम्मदपुर सकरा पंचायत के जो अपने पिता की मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु, भरपुरा पट पारा के राजीव कुमार जो अपने पुत्री आराध्या कुमारी के लिए और राजू राय अपने पुत्र अजय राय के लिए जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन समर्पित किया था। इसके अलावा सैकड़ों ऐसे आवेदक जिन्होंने अपना आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष समर्पित किया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा मांगे गए प्रतिवेदन में पंचायत सचिव द्वारा मनमाने तरीके से बिना पत्रांक दिनांक के प्रतिवेदन सौंपा गया। जिसके खाना कई जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पाया, या तो लंबित पड़ा हुआ है या फिर प्रतिवेदन रद्द कर दिया गया है। उपरोक्त 10 व्यक्तियों के द्वारा इसकी शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी को करते हुए जांच उपरांत कार्रवाई करने की मांग किया है। स्थानीय समाजसेवी पूर्व जिला परिषद सदस्य भाजपा नेता कृष्ण प्रसाद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विभागीय लापरवाही एवं पंचायत सचिव की उदासीनता, जांच करने नहीं जाने के कारण इस तरह की दिक्कतें सामने आई है। इस प्रकार के कितने आवेदन लंबित पड़े हैं जो अधूरे जांच प्रतिवेदन दिए गए हैं।

दो पक्षों में हुई मारपीट, दोनों पक्षों ने दर्ज करायी प्राथमिकी

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के चकहबीब पंचायत वार्ड 05 में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर डायन का आरोप लगाते हुए अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज करवाया है। एक और जहां परमेश्वर साह की पत्नी पानो देवी डायन बताकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पडोस के ही दिनेश साह, कमलेश साह, निलमा देवी, नीलम देवी को नामजद किया है। वहीं दूसरी ओर दिनेश साह ने डायन बताकर मारपीट करने का आरोप लगाकर पडोस के ही राजेश साह, पंकज साह, परमेश्वर साह, पानो देवी, पूनम देवी, रूणा देवी को नामजद किया है।

बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर हुई समीक्षात्मक बैठक

कल्याणपुर, समस्तीपुर। बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की बैठक में लिए गए सुझाव पर विस्तृत चर्चा हुई। जिसको लेकर मनरेगा भवन के परिसर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी ने किया। मौके पर एडीएम नीलेश कुमार भी मौजूद रहे। कार्यशाला में बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर नाव का परिचालन, ऊंचे शरण स्थल का चयन, मेडिकल की व्यवस्था, पशु चारा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ साथ तटबंध की स्थिति आदि विषयों पर चर्चा हुई। मौके पर जनप्रतिनिधियों के उन्मुखीकरण कार्यशाला में मुख्यमंत्री निशक्तता पेंशन योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना, परिवहन दुर्घटना योजना एवं बिहार स्टूडेंट क्रेडिट योजना सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मवीर कुमार प्रभाकर, अंचलाधिकारी कमलेश कुमार, मनरेगा, सीडीपीओ सहित डॉक्टर बीके ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

विवादित जमीन और मकान को लेकर मारपीट कर रहे लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बेगूसराय। पुलिस कप्तान योगेंद्र कुमार ने काली स्थान चौक के नजदीक विवादित जमीन को लेकर मारपीट करने के मामले में बताया कि मंगलवार की शाम को नगर थाना क्षेत्र के काली स्थान चौक के समीप रामेश्वर एण्ड सन्स किराना दुकान के परिसर में विवादित जमीन व मकान को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस टीम महज 5 मिनट में मौके पर पहुँच कर दोनों पक्षों के द्वारा हंगमा कर रहे लोगों को शांत कराया गया। पहले पक्ष (चंदन सिंह) और दूसरे पक्ष (संजीव सिंह) के लोग एक ही गाँव मटिहानी थाने के सिंहमा के हैं।आपस में पड़ोसी और दूर के रिश्तेदार हैं। नगर थाने की पुलिस द्वारा मामले का शांत करा रही थी। इस बीच दूसरे पक्ष के द्वारा अपनी लाईसेंसी राईफल से हवाई फायरिंग की गई। जिससे चली गोली परिसर की छत से लगी और पीछे मुड़कर पास खड़े दो पुलिस जवानों के शरीर को छुते हुए नीचे फर्श पर टकराई।

पूछताछ में घटना का कारण उक्त मकान के दोहरे जमाबंदी व मालिकाना हक को लेकर बताया गया है। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि दोनों पक्ष का मालिकाना हक का विवाद न्यायालय में वर्ष 2010 से चल रहा है। हंगामें और शांति भंग की कोशिश करने वाले दोनों पक्षों के लोगों को नगर थाना की पुलिस टीम द्वारा तुरंत हिरासत में ले लिया गया। आगे की पूछताछ की जा रही है और उनके पास मौजूद लाईसेंसी राइफल की जाँच की जा रही है।

अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर गए किसान सलाहकार

शिवाजीनगर, प्रात : किरण संवाददाता

शिवाजीनगर प्रखंड के किसान सलाहकारों ने बुधवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने का फैसला लिया है। इस संबंध में किसान सलाहकारों ने शिवाजीनगर प्रखंड कृषि पदाधिकारी उमेश बैठा को ज्ञापन देकर सूचित किया है की बिहार प्रदेश किसान सलाहकार संघ के आहवान पर उक्त फैसला लिया गया है। इन लोगों ने कहा है कि जबतक सरकार संघ के मांगों को मान नहीं लेती तबतक शिवाजीनगर प्रखंड के सभी किसान सलाहकार राज्य व्यापी हड़ताल के समर्थन में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहेंगे। किसान सलाहकारों मुख्य मांगो में किसान सलाहकारों को जन सेवक में समायोजन करने, त्रि-स्तरीय कमेटी की अनुशंसा को लागू करने एवं उसके अनुरूप वेतन देने की मांग शामिल है। ज्ञापन देने वाले में किसान सलाहकार के अध्यक्ष रामाकांत रमन रमन, मुकेश कुमार, संजय कुमार, विशंभर नाथ प्रसाद, मनीष कुमार, शीधी नाथ राय, रंजीत कुमार, अमित कुमार श्रीवास्तव व अन्य शामिल थे।

रामेश्वर प्रशांत की कविता है कवि-दृष्टि अत्यंत सूक्ष्म और गहरी

प्रात : किरण संवाददाता

गढहारा, बेगूसराय। जनवादी लेखक संघ जिला इकाई बेगूसराय एवं गढहारा दर्पण परिवार के संयुक्त तत्त्वावधान में गढहारा में हिन्दी के वरिष्ठ साहित्यकार रामेश्वर प्रशांत की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व केन्द्रित परिचर्चा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता और गढहारा दर्पण के संस्थापक सदस्य लक्ष्मीकांत मिश्र ने की।जबकि जलेस बेगूसराय के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. चन्द्रशेखर चौरसिया ने संचालन किया।कार्यक्रम के प्रारंभ में सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कविवर रामेश्वर प्रशांत के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। जनवादी लेखक संघ बिहार के राज्य सचिव कुमार विनीताभ ने आगत अतिथियों और साहित्यप्रेमियों का स्वागत करते हुए कहा कि कविवर रामेश्वर प्रशांत राग और आग के कवि थे। वे जनवादी-प्रगतिशील मानवीय धारा के प्रतिबद्ध कवि थे। उन्होंने जैसी कविताएं रचीं, वैसा ही जीवन जिया। उनकी कथनी और करनी समान थी।

जलेस बेगूसराय के उप सचिव और बीएसएस कालेजिएट उच्च माध्यमिक विद्यालय में हिन्दी व्याख्याता डॉ. निरंजन कुमार ने कहा कि रामेश्वर प्रशांत की काव्य-यात्रा एक ऐसे कवि की काव्य-यात्रा थी, जहां कोई विचलन नहीं। उनकी कविताओं में न प्रगतिकामी जनचेतना से और न ही कविता होने की शर्त से कोई विचलन देखने को मिलता है। कविता जन पक्षधरता के साथ खड़ी होकर भी कविता ही रहे।यह अद्भुत गुण उनकी कविताओं में मिलता है। जनपद के लब्धप्रतिष्ठ संस्कृति कर्मी और ह्यहमराहीह्ल के अध्यक्ष रवि रंजन ने कहा कि साठोत्तरी पीढ़ी के महत्वपूर्ण कवियों में रामेश्वर प्रशांत की गिनती की जाती है और 1967 के बाद से जीवनपर्यन्त वे कविताएं लिखते रहे। एक दौर में बेगूसराय का कोई भी साहित्यिक समारोह इनके बगैर संभव नहीं था। प्रलेस के जिला उपाध्यक्ष और एटक के राष्ट्रीय परिषद सदस्य ललन लालित्य ने कहा कि रामेश्वर प्रशांत की कविताओं को पढ़ने से स्पष्ट होता है कि उनकी कवि-दृष्टि अत्यंत सूक्ष्म और गहरी है। इनकी रचनाओं का पाठ और उनपर और अधिक कार्यक्रम किए जाने की जरूरत है। मुख्य वक्ता जलेस बेगूसराय के पूर्व अध्यक्ष डॉ. भगवान प्रसाद सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि रामेश्वर प्रशांत के काव्य संसार में व्यक्तिगत रूप से अनुभव किये गये। यथार्थ का ठोस साक्ष्य है। जो कभी विलीन नहीं होता और अपने अस्तित्व की छाप अंकित कर देता है। वे अपनी कविताओं में आग की तपन भरपूर ढंग से ले आते हैं। भारत की क्रांतिकारी जनवादी कायाकल्प के लिए उनकी प्रतिबद्धता अटूट और अडिग रही है। ऐसे कवि और उनकी रचनाओं पर बारंबार विमर्श किए जाने की जरूरत है। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में लक्ष्मी कांत मिश्र ने गढहारा दर्पणह्ल और जनवादी लेखक संघ से समाज के लिए स्वयं को न्योछावर करने वाली विभूतियों के अवदानों के स्मरण हेतु इस तरह के आयोजन निरंतर किये जाने की अपील की।

मौके पर गढ़हरा-2 के पूर्व सरपंच राजन कुमार चौधरी, कर्मचारी नेता रामानंद सागर, समाज सेवा संघर्ष समिति के संयोजक मुक्तेश्वर वर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम अनुग्रह शर्मा, सीपीएम नेता रमेश प्रसाद सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य उदयकांत यादव, गढहारा दर्पणह्ल के संस्थापक सदस्य विजय कुमार राय, एलारसा बरौनी के शाखा सचिव अंजनी कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सिन्हा, दिनकर पुस्तकालय सचिव संजीव फिरोज, युवा कवि श्याम नंदन निशाकर, विनोद बिहारी, मनोज यादव, चिकित्सक राज कुमार आजाद, पत्रकार प्रवीण प्रियदर्शी, रंजीत कुमार सिंह, रविशंकर झा, शरद कुमार, संजय कुमार, अधिवक्ता अशोक ठाकुर, प्रधानाध्यापक योगेन्द्र सहनी, प्रकृति कुमार ह्यअनुजह्ल, सामाजिक कार्यकर्ता फुलेना राय, चन्द्रदेव राय एवं अन्य ने कविवर रामेश्वर प्रशांत के साहित्यिक-सामाजिक अवदानों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किया।वहीं खड़ग नारायण, अनुज तांती, प्रभात तांती, ऋषि पान, उदय कुमार, राजद नेता उपेन्द्र यादव, चन्द्र भूषण राय, मनोज दास, सुख नंदन दास, शीतांसु भास्कर, मुन्ना कुमार, संतोष कुमार, बलराम जी, धर्मेंद्र वर्णवाल, मंजूलता, सूक्ति देवी, ममता देवी, माया देवी, सुष्मिता भारती, सिमरन भारती, शांभवी समेत अन्य मौजूद थे। अधिवक्ता रामरतन दास ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजद कार्यालय पर शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बुधवार को कपूर्री आश्रम समस्तीपुर स्थित जिला राजद कार्यालय पर राजद शिक्षक प्रकोष्ठ की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सह पूर्व प्राचार्य शत्रुध्न यादव ने की। मौके पर शिक्षक प्रकोष्ठ की कमिटी का विस्तार किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुमर राय ने शिक्षक प्रकोष्ठ का पुनर्गठन सभी प्रखंडों में करने तथा केन्द्र सरकार की नयी शिक्षा नीति के खिलाफ आंदोलन छेड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नयी शिक्षा नीति भेदभावपूर्ण व दोषपूर्ण है। इसे व

संक्षिप्त खबरें

खेसारी लाल यादव को देखने गए युवक की बाइक चोरी, प्राथमिकी दर्ज

भोरे। भोरे थाना क्षेत्र के गांव में भोजपुरी के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव का कार्यक्रम देखने गए एक युवक की बाइक चोरी हो गई। घटना के बाद बाइक की काफी तलाश की गई, नहीं मिलने पर स्थानीय थाने में पीड़ित युवक के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जाता है कि कटेया थाना क्षेत्र के मगहिया गांव निवासी मिट्ठू कुमार साह खलवा गांव में खेसारी लाल यादव का कार्यक्रम देखने गया था। कार्यक्रम स्थल पर अत्यधिक भीड़ होने के कारण उसने अपनी बाइक सड़क के किनारे ही खड़ी कर दी थी। पूरी रात कार्यक्रम देखने के बाद सुबह जब वह अपनी गाड़ी के पास पहुंचा, तो गाड़ी वहां से गायब थी। मामले को लेकर पीड़ित व्यक्ति ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

कार खड़ी करने के विवाद में एक ही परिवार के पांच लोगों को पीटा

उचकागांव। उचकागांव थाना क्षेत्र के कवही गांव में दरवाजे पर कार खड़ी करने के विवाद में कुछ लोगों ने एक ही परिवार के पांच लोगों को लाठी-डंडे से पीटकर जख्मी कर दिया। मामले में घायल भवेश यादव, उनके भाई अभिषेक कुमार यादव, गर्भवती पत्नी अनीता देवी, भावज राधिका देवी और पिता हरेंद्र यादव का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। घटना एक जून के शाम की बताई जा रही है। मामले में घायल भवेश यादव के आवेदन पर अपने चाचा सत्येंद्र यादव, उनकी पत्नी श्वेता यादव, मंजू देवी, मीना देवी सहित पांच के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

23 वर्षीय युवक रहस्यमय ढंग से गायब

उचकागांव। उचकागांव थाना क्षेत्र के सांखे खास इनर राय के टोला से अख्तर हुसैन 23 वर्षीय बेटा पप्पू आलम रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। घटना 15 मई के दिन की बताई जा रही है। काफी खोजबीन के बाद भी जब युवक का कहीं पता नहीं चला तो मामले में अपहृत युवक की मां नूरजहां खातून के आवेदन पर अज्ञात के विरुद्ध अपहरण की प्राथमिकी थाने में कराई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

लू लगने से मजदूर की मौत

गोपालगंज। जिले के विजयीपुर थाने के सिंहपुर गांव में चिलचिलाती धूप में काम करने के दौरान लू की चपेट में आने से मजदूर की मौत हो गयी। मृतक मजदूर इसी गांव का सभापति राम बताया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सिंहपुर के उत्तर दिशा में सरकारी योजना से सोलिंग का निर्माण कार्य चल रहा था। काफी धूप व गर्मी के कारण मजदूर को प्यास लगी थी। वह पानी पीकर ज्योंहि पुनः सोलिंग करने लगा एकाएक पेट में दर्द हुआ और तत्काल उसकी मौत हो गई।

आपसी विवाद में एक ही परिवार के तीन लोगों को मारपीट कर किया जख्मी

उचकागांव। उचकागांव थाना क्षेत्र के नवादा परसौनी गांव में कुछ लोगों ने गांव की महिला सुशीला देवी, उनकी बेटी संगीता कुमारी और ननद चंदा कुमारी को लाठी डंडे से मारपीट कर जख्मी कर दिया। घटना 6 जून के दिन की बताई जा रही है। जब सभी पीड़ित घर से थावे बाजार करने के लिए निकले थे। इस दौरान आरोपितों ने महिला के पास रखे पचास हजार रुपए नगद और सोने की सिकड़ी भी छीन लिया गया। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। मामले में घायल सुशीला देवी के आवेदन पर अपने पट्टीदार विनय कुमार, उनके भाई विशाल कुमार, रवि कुमार, प्रमोद कुमार और अर्जुन कुमार के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

अपनी मांगों के समर्थन में किसान सलाहकारों ने दूसरे दिन भी किया प्रदर्शन

मांझा। मांझागढ़ प्रखंड अंतर्गत किसान सलाहकारों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे किसान सलाहकारों ने ई किसान भवन पर जमकर प्रदर्शन किया, तथा सरकार के विरोध में नारेबाजी की। विदित हो कि किसान सलाहकार के जिलाध्यक्ष अरविंद मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में बुधवार को प्रखंड के सभी किसान सलाहकारों ने अपनी मांगों के समर्थन में ई किसान भवन पर प्रदर्शन किया तथा सरकार के विरोध में नारे लगाए। इस मौके पर किसान सलाहकार संघ के प्रखंड अध्यक्ष विदया पति ने कहा कि सरकार उन्हें वीएलडब्लू में समायोजन करते हुए वीएलडब्लू का वेतन का भुगतान करें। उन्होंने कहा कि सभी किसान सलाहकार प्रस्तावित हड़ताल का समर्थन करते हुए बुधवार से हड़ताल पर चले गए। उन्होंने कहा कि सरकार यदि उनकी मांगों को नहीं मानती है तो संघ के द्वारा सरकार के खिलाफ कड़ा निर्णय लिया जाएगा और विरोध प्रदर्शन को और भी तीव्र गति से आगे बढ़ाया जाएगा। इसको लेकर हड़ताल का पहला दिन प्रखंड के ई किसान भवन पर किसान सलाहकारों ने विरोध प्रदर्शन किया।

भोरे के लाला छापर में जमीन पर कब्जा करने को लेकर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग

भोरे प्रात : किरण संवाददाता

भोरे थाना क्षेत्र का लालाछापर बाजार बुधवार की सुबह रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। जमीन पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, ईंट पत्थर चले, तो वहीं इस दौरान लगभग 4 राउंड फायरिंग भी की गई। फायरिंग की घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया। वहीं सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से गोली का एक खोखा बरामद किया है। इसके अलावा घटनास्थल पर से क्षतिग्रस्त हुई दो बाइकों को भी जब्त किया गया है। जबकि घटना में संलिप्त व्यक्ति के लाइसेंसी राइफल को पुलिस ने कब्जे में लिया है। जिसका सत्यापन करने की बात कही जा रही है। वहीं इस घटना में कुल चार लोग जख्मी हुए हैं। जिसमें एक पक्ष के तीन और दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति शामिल हैं। पुलिस ने फायरिंग के आरोप में दो लोगों को हिरासत में ले लिया है।

क्या है पूरा घटनाक्रम: घटना के संबंध में बताया जाता है कि स्थानीय थाना क्षेत्र के भोपतपुरा गांव निवासी विनय कुमार साह ने लाला छापर बाजार में नौ धुर जमीन रजिस्ट्री कराई है। उस जमीन पर पहले से ही विवाद चल रहा था। जिस पर पुलिस के द्वारा 144 की कार्यवाही की गई थी। इसके बावजूद भी आरोप है कि विनय कुमार साह और उनके भाई के द्वारा कुछ असामाजिक तत्वों के साथ आकर देर रात उस जमीन पर करकट रखा गया। इसके साथ ही जिसके साथ विवाद चल रहा था। उस उन लोगों के साथ मारपीट की गई। इधर, बुधवार की सुबह जैसे ही दूसरे पक्ष को विवादित जमीन पर करकट रखने की जानकारी हुई कि उन लोगों ने करकट को उखाड़ कर फेंक दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और मारपीट होने लगी। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर ईंट पत्थर चले। इसके बाद 4 राउंड फायरिंग भी की गई। इस मारपीट की घटना में भोपतपुरा गांव के राजकुमार साह, मनोज साह और विनय कुमार साह जख्मी हुए हैं। जबकि विरती टोला के बिंदा लाल कुशवाहा को भी गंभीर चोटे आई है।

पुलिस ने घटनास्थल पर से एक खोखा व दो बाइक किया बरामद: घटना की जानकारी मिलने के बाद भोरे थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव लाला छापर बाजार में भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पहुंच गए, जहां पुलिस बल की तैनाती की गई। इसके साथ ही भोपतपुरा गांव के विनय कुमार साह और मनोज साह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। घटनास्थल की छानबीन के दौरान 7 ।65 एमएम की गोली का एक खोखा पुलिस ने बरामद किया है। दो छतिग्रस्त बाइक को भी थाने ले जाया गया है घटना के बाद पुलिस ने वो पूरा गांव से एक राइफल बरामद किया है इससे लाइसेंसी बताया जा रहा है फिलहाल पुलिस इस राइफल के सत्यापन की बात बता रही है

कानून हाथ में लेने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: एसपी

लाला छापर में हुई घटना को लेकर गोपालगंज के एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि जो भी व्यक्ति कानून हाथ में लेगा। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लाइसेंसी हथियार का प्रयोग आत्मरक्षा के लिए है न की दहशत फैलाने के लिए। लाला छापर में हुई घटना के दौरान राइफल को जप्त किया गया है। सत्यापन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

साइबर अपराध के शिकार बने पंचदेवरी बीडीओ मनीष कुमार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

गोपालगंज के पंचदेवरी प्रखंड के बीडीओ मनीष कुमार श्रीवास्तव का फेसबुक अकाउंट हैक कर साइबर अपराधी उनके शुभचिंतकों से पैसे मांग रहे हैं। इस अकाउंट को तत्काल बंद कर बीडीओ ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गयी है। साइबर अपराधियों ने दो दिन पूर्व उनका फेसबुक अकाउंट हैक किया था। बीडीओ को इसकी जानकारी बाद में अपने एक शुभचिंतक के जरिए हुई। बीडीओ के फेसबुक अकाउंट हैक कर अपराधी ने उनके एक फेसबुक फ्रेंड से चैटिंग किया। हालचाल लेने के बाद पूछा कि एक छोटा सा काम है। गुगल पे या फोन पे चालू है ? कुछ पैसे चाहिए। कल सुबह लौटा देंगे। गुगल एवं फोन पे चालू नहीं रहने की बात कहकर वह शुभचिंतक ठगी से बच गया। इसके बाद एक-एक कर कई और शुभचिंतक को चैटिंग कर पैसे की मांग की गयी। इस मामले की जानकारी होते हुए बीडीओ ने थाने में आवेदन कर शिकायत दर्ज करा दी है। पुलिस शिकायत के आधार पर पूरे मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी है।

सांसद ने सिधवलिया दलित बस्ती में किया सड़क का उद्घाटन

जनता को अपने द्वारा किए गए कार्यो की दी जानकारी

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जनता का हित सर्वोपरि है तथा विकास ही उनका लक्ष्य है। उक्त बातें सिधवलिया प्रखंड क्षेत्र के लोहिजरा पंचायत के सुरहियां गांव के दलित बस्ती में सडक के उद्घाटन के मौके पर सांसद सह जदयू के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार सुमन ने कही। इस दौरान उद्घाटन समारोह का भी आयोजन किया गया।

गौरतलब हो कि सांसद मद से सिधवलिया प्रखंड के लोहिजरा पंचायत के सुरहिया गांव के दलित बस्ती में आंगनबाडी केन्द्र से जोगियार जाने वाली पथ का पीसीसी निर्माण कार्य कराया गया था। जिसका उद्घाटन किया गया। मौके पर सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता का हित उनके लिए सर्वोपरि है तथा क्षेत्र का विकास ही उनका अंतिम लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि वे जिधर नजर उठाएं, उधर विकास का प्रकाश दिखाई पडेगा। लगभग हर गांव में सड़कों का जाल बिछा दिया गया है। इसके अलावा जहां भी पुल-पुलिया है, वहां भी निर्माण जोरो पर है। किसानों के हित के लिए हर खेत में बिजली की व्यवस्था की जा रही है। हर घर नल जल योजना पहुंच गयी है।

गांवों को स्वच्छ रखने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जल, जीवन, हरियाली योजना को चलाया जा रहा है। इस दौरान सांसद ने दर्जनो लोगो की समस्याओं को सुनकर उसका तत्काल निष्पादन भी किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष राघव सिंह, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष ललन मांझी, प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार पटेल, रामाशीष सिंह, धर्मराज सिंह, इबराम खान, मुन्ना कुंवर, योगेन्द्र राम, बुलेट सिंह, मोहम्मद तौहिद, गजेन्द्र सिंह, विनोद सिंह, सुरेन्द्र गिरी, परवेज आलम सहित अन्य मौजूद थे।

बोलेरो पिकअप लूट कांड का आरोपी थावे से गिरफ्तार

घटना में प्रयुक्त मोबाइल को भी पुलिस ने किया बरामद

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

नगर थाना क्षेत्र के तुरकाहां नहर के समीप से बोलेरो पिकअप लूट कांड के एक शातिर को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस गिरफ्त में आया लूटेरा थावे थाने के चितु टोला गांव का शुभम पाण्डेय बताया गया है। इसकी जानकारी देते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि नगर थाने के तुरकाहां नहर के समीप चाकू व हथियार के बल पर एक पिकअप की लूट कर ली गयी थी। इस मामले को लेकर कांड संख्या 332/23 दर्ज की गयी थी। पुलिस पिकअप लूटकांड में शामिल दो अपराधियों को पूर्व में ही जेल भेज चुकी है। पूछताछ के क्रम में थावे थाने के चितु टोला गांव के शुभम पाण्डेय का नाम भी आया था। तब से पुलिस इसकी तालाश में छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली की शुभम पाण्डेय थावे मंदिर के समीप स्थित तालाब के पास बैठा हुआ है। पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के पास से लूटकांड में प्रयुक्त मोबाइल भी बरामद किया गया है। पुलिस गिरफ्तार लूटेरे से पूछताछ करने में जुटी हुयी है।

बरात में अश्लील गाना बजाने के विवाद में मारपीट, तीन गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के महम्मदपुर थाने के हरपुर गांव में बरातियों द्वारा बरात में अश्लील गाना बजाने से मना करने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट की घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तनाव को देखते हुए पुलिस गांव में कैंप कर रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर थाने के तिरविरवा गांव से महम्मदपुर थाने के हरपुर गांव में बारात गयी थी। बारात में अश्लील भोजपुरी गाना बजाने को लेकर दोनो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनो पक्ष आपस में भीड गए। जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगो की मदद से घायलो को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही सूचना पाकर पंहुची पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए साउंड बॉक्स व स्पीकर को जप्त कर लिया। वही मारपीट में शामिल हरपुर गांव के विशाल पटेल, तिरविरवां गांव के रामायण प्रसाद और राजकिशोर प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया।

बोलेरो से यूपी की बंटी और बबली के साथ दो गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के अमठा भुवन गांव के समीप लाइन बाजार सिसवनिया मुख्य मार्ग पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश से आ रही एक बोलेरो से यूपी की बंटी और बबली देशी शराब की भारी खेप को बरामद कर लिया। इस दौरान पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जाता है कि उचकागांव थानाध्यक्ष सुबाष कुमार सिंह को सूचना मिली कि थी की उत्तर प्रदेश से शराब की बड़ी खेप लाई जा रही है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष पुलिस के साथ अमठा भुवन के समीप पहुंच गए तथा लाइन बाजार सिसवनिया मुख्य पथ पर वाहनों को रोक कर उसकी जांच पड़ताल करने लगे। तभी उत्तर प्रदेश की तरफ से आ रही एक बोलेरो को पुलिस ने रोक कर उसकी जांच पड़ताल किया तो उसमें यूपी निर्मित 72 पेटी यानी 648 लीटर देशी शराब बंटी और बबली मिली। पुलिस ने बोलेरो सहित शराब को जब्त करते हुए बोलेरो पर सवार दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए तस्कर उचकागांव थाने के पिडरा गांव के मुन्ना कुमार और उदेश कुमार बताए गए है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया।

मशरख वार्ड संख्या 03 में वार्ड पार्षद हेतु 09 जून को होगा मतदान

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा ।नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार एवं सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग बिहार से प्राप्त पत्र के आलोक में जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी (न०) अमन समीर के द्वारा बताया गया कि नगर निकाय मशरख के वार्ड संख्या-3 में वार्ड पार्षद के रिक्त पद हेतु उप निर्वाचन शुक्रवार को होना निर्धारित हुआ है। उप निर्वाचन हेतु दो मतदान केन्द्रों बनाये गये है। मतदान पूर्वाह्न 07:00 बजे से 05:00 बजे तक होगा। नगर निकाय मशरख उप निर्वाचन-2023 के अवसर पर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस पदाधिकारियों, दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। जो राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश के आलोक में कार्य करेंगे।

जिला पदाधिकारी-सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (न०) के द्वारा बताया गया कि मढ़ौरा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत मशरख के वार्ड संख्या-03 में निर्वाचन हेतु 154, आँगनबाड़ी केन्द्र बायां भाग एवं 154. आँगनबाडी केन्द्र दायां भाग को मतदान केन्द्र बनाया गया है। शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान संपन्न कराने हेतु पुलिस बल, सेक्टर दण्डाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, जोनल दण्डाधिकारी, सुपर जोनल दण्डाधिकारी एवं सुपर जोनल पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। उन्हें निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने हेतु मतदान से पूर्व एवं मतदान के दिन उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो एवं दायित्वों की विस्तृत जानकारी दे दी गयी है। बताया गया कि उक्त परिपेक्ष्य में अनुमंडल दण्डाधिकारी, मढ़ौरा, सारण के द्वारा विगत 04 मई 2023 को निर्गत आदेशानुसार धारा 144 के अधीन निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। जिसके फलस्वरूप मतदान केंद्र के आसपास अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। मतदान दिवस को मतदान केन्द्र के बाहर पाँच या पाँच से अधिक लोगों को एक साथ एकत्रित नहीं होंगे। मतदान की समाप्ति के समय से 48 घंटे पूर्व ही किसी भी अभ्यर्थी द्वारा प्रचार-प्रसार किया जाना वर्जित रहेगा। सभी अभ्यर्थी एवं उनके समर्थक मतदान केन्द्र के बाहरी दीवार से 100 मीटर की परिधि से बाहर रहेंगे। मतदान केन्द्र पर उम्मीदवारों एवं उनके अभिकताओं को अनुमति प्राप्त वाहन का प्रयोग करने की अनुमति होगी, जो मतदान केन्द्र की बाहरी दीवार से 100 मीटर की परिधि से बाहर रहेगा। मतदान के दिन किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना या प्रदर्शन तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग वर्जित रहेगा। यह आदेश बारात पार्टी, शव यात्रा, हाट बाजार, अस्पताल में ले जा रहें मरीज के साथ जाने वाले व्यक्तियों, विद्यालय एवं महाविद्यालय में जाने वाले छात्र-छात्राओं एवं कर्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी / पुलिस बल, परम्परागत ढंग से शस्त्र धारण करने वाले समुदाय. विधि-व्यवस्था एवं निर्वाचन कर्तव्य पर लगे दण्डाधिकारी / निर्वाचन कर्मियों और पुलिस कर्मियों पर लागू नहीं होगा।

मतदान स्वच्छ, निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराने के निमित्त एवं विधि व्यवस्था पर प्रभावकारी नियंत्रण एवं सूचनाओं से संबंधित पदाधिकारी को अवगत कराते हुए उसका अनुश्रवण कर यथोचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर जिला नियंत्रण कक्ष एवं अनुमण्डल स्तर पर अनुमण्डल नियंत्रण कक्ष तथा नगर निकाय स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जायेगी।

उचकागांव में किसानों को दी गयी उन्नत कृषि की जानकारी

उचकागांव प्रात : किरण संवाददाता

उचकागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन परिसर में बुधवार के दिन प्रखंड के किसान सलाहकारों और कृषि समन्वयकों के हड़ताल के बावजूद प्रखंड स्तरीय खरीफ महाअभियान सह किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख विश्वजीत यादव, आत्मा के उप परियोजना निदेशक रेणू कुमारी और प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी अमरनाथ कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी अमरनाथ कुमार ने कहा कि बिहार और केंद्र सरकार के द्वारा कृषि को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिनका लाभ लेकर किसान कम लागत में अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकते हैं। फसल सहायता योजना के द्वारा फसल की बीमा कर करा सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा कराए गए क्रॉप कटिंग में 30: से अधिक फसल क्षति पाए जाने पर बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि खेतों में पराली जलाने से किसानों के लिए उपयोगी कीट भी आग की चपेट में आने से मृत हो जाते हैं। जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी धीरे-धीरे घटने लगती है। जिसको देखते हुए सरकार ने पराली जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। यदि किसान पराली जलाते हुए पाए जाते हैं तो उनका किसान रजिस्ट्रेशन रद्द करते हुए उनको सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित कर दिया जाएगा। आत्मा की उप परियोजना निदेशक रेणु कुमारी ने कहा कि सरकार किसानों की लागत कम करने के लिए किसानों के लिए मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना से 90: अनुदान, सामान्य बीज के अंतर्गत 10 वर्ष से कम और 10 वर्ष से अधिक वर्ग के दो प्रकार के बीजों को 50: अनुदान पर किसानों को उपलब्ध करा रही है। जिसका लाभ लेते हुए किसान कम लागत में उन्नत बीज का प्रयोग करते हुए अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकते हैं। केवीके सिपाया से आए वैज्ञानिक अभिषेक राणा, बीटीएम धर्मपाल ओझा और कमलेश कुमार सिंह ने भी कृषि विभाग द्वारा अनुदानित दर पर दी जाने वाली अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन लेखापाल चंदन दुबे ने किया। मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि पंकज पटेल, एटीएन अनिल गुप्ता, कंप्यूटर ऑपरेटर कुंदन कुमार, आमिर पटेल आदि उपस्थित थे।

उर्दू अदब की जुबान है, इसकी तरक्की को ले आम बोलचाल में इस्तेमाल जरूरी: मुख्य अतिथि

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। दुनिया की सभी तरक्कीयाफ्ता कौमें अपनी मादरी जुबान से बहुत प्यार करती हैं, उसके बदौलत ही वे दुनिया के सबसे विकसित देशों में शामिल हैं, हमें भी अपनी मातृ भाषा से वैसी ही मुहब्बत दिखानी होगी। उक्त बातें उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने उर्दू भाषी छात्र प्रोत्साहन योजना के तहत आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि उर्दू का विकास तभी होगा, जब हम उसे पढ़ें, बोलें और उसका प्रयोग करें, घरों में उसका इस्तेमाल हो, उर्दू विषय से सिविल सर्विस से लेकर तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पायी जा सकती है। उर्दू भाषा इस्तेमाल में खूबसूरती, असर और प्रभाव पैदा होता है। उन्होंने प्रतियोगिता के लिहाज से महत्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित किया, अतिथियों का स्वागत करते हुए उर्दू भाषा कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह डीएमडब्लूओ रजनीश कुमार राय ने कार्यक्रम पर प्रकाश डाला । अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के उर्दू निदेशालय के द्वारा प्रायोजित यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष जिला उर्दू भाषा कोषांग आयोजित करता है। इसके अतिरिक्त मुशायरा-सेमिनार और कार्यशाला तथा उर्दू पत्रिका का प्रकाशन आदि के द्वारा भी उर्दू के विकास का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने उर्दू को विशुद्ध रूप से भारतीय भाषा बताते हुए उसे प्यारी और मीठी जुबान कहा। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका अविस्मरणीय है, इसका प्रयोग आज भी संसद से लेकर सड़कों तक भाईचारा और एकता स्थापित करने के लिए किया जा रहा है। इससे पूर्व दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया गया। अतिथियों को पौधों का गमला प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। प्रतियोगिता में कुल 54 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से मैट्रिक स्तर पर रुखसार असलम खान को प्रथम, साजिया व तबस्सुम को द्वितीय और माहेनूर व सिमरन को तृतीय स्थान पर चयनित किया गया। जबकि इंटर स्तर पर बुशरा को प्रथम, फरहा व दैयान अली को द्वितीय तथा शाइस्ता व फिजा को तृतीय स्थान पर चुना गया। वहीं स्नातक स्तर पर जैनब को प्रथम, सना व दिलावर को द्वितीय रौशनी व होदा को तृतीय स्थान पर चयनित किया गया।

तंदुरूस्ती और आंतरिक संतुलन को बढ़ावा देता है योग : डॉ जी के पाल

एम्स पटना में योग पखवाड़े की हुई शुरूआत

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। एम्स पटना योग पखवाड़े की शुरूआत बुधवार को हुई। इस मौके पर एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. जी के पाल ने कहा कि दो सप्ताह का योग प्रशिक्षण और संवेदीकरण कार्यक्रम के आयोजन पर खुशी हो रही है। यह आयोजन से 20 जून तक होगा, जिसमें दैनिक सत्र 6 से आयोजित होंगे। एम्स पटना के छात्रों और निवासियों के लिए सुबह 06बजे से 7 बजे तक और संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के लिए शाम 6 से शाम 7 बजे तक। कार्यक्रम का समापन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में होगा। उन्होंने कहा कि योग, एक समग्र अनुशासन जो मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करता है, ने अपने कई स्वास्थ्य लाभों के कारण दुनिया भर में अत्यधिक लोकप्रियता हासिल की है। समग्र कल्याण को बनाए रखने में योग के महत्व को पहचानते हुए, एम्स पटना ने समुदाय के भीतर आत्म-देखभाल और सचेतनता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया है। एमबीबीएस छात्रों, नर्सिंग छात्रों, निवासियों, कर्मचारियों और संकाय सदस्यों सहित सभी आयु समूहों और अनुभव स्तरों के प्रतिभागियों ने भाग लिया और 15 दिवसीय कार्यक्रम के लिए नामांकन किया। अनुभवी योग प्रशिक्षकों के नेतृत्व में, सत्रों में मुख्य रूप से आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के शासनादेश के अनुसार सामान्य योग प्रोटोकॉल को शामिल किया गया। शारीरिक शक्ति, लचीलापन, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक स्थिरता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न योग आसन, श्वास अभ्यास और ध्यान तकनीक शामिल हैं। योग पखवाड़ा अस्पताल परिसर और आवासीय परिसर दोनों में आयोजित किया जाएगा ताकि छात्र और कर्मचारी समुदाय के सभी समूह अपने परिवार के सदस्यों के साथ इसका लाभ उठा सकें। डॉ पाल ने कहा कि योग में उल्लेखनीय क्षमता है व्यक्तियों को सशक्त बनाना, उनकी शारीरिक और मानसिक स्थिति के बीच सामंजस्य को बढ़ावा देना। योग पखवाड़े के माध्यम से, हमारा लक्ष्य अपने समुदाय को स्वस्थ, अधिक संतुलित जीवन जीने के लिए आवश्यक उपकरणों से प्रेरित और सुसज्जित करना है।ह्व कार्यकारी निदेशक की सक्रिय भागीदारी के अलावा, 100 से अधिक छात्रों और संकाय सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम के पहले दिन भाग लिया। भाग लेने वाले फैकल्टी सदस्यों में डॉ. कमलेश झा, फैकल्टी इंचार्ज, एडवांस्ड सेंटर फॉर योग एम्स पटना, डॉ. निधि सुनहारे, फैकल्टी ऑफ एनाटॉमी, डॉ. वीना सिंह, हेड, प्लास्टिक सर्जरी और डॉ. अजीत कुमार, मेडिकल ऑफिसर शामिल थे। आयुर्वेद विभाग आदि। संस्थान निकट भविष्य में समग्र स्वास्थ्य विकास के लिए अपने उन्नत योग केंद्र के माध्यम से बिहार की आबादी को पूरा करने की कल्पना करता है।

ब्राहिमपुर गोपी और बहियारा चवर का सारण डीएम ने किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सारण डीएम अमन समीर द्वारा मशरक प्रखंड के राधाकान्त सिंह, ग्राम - ब्राहिमपुर गोपी, पंचायत- नवादा के तालाबों और बहियारा चवर में मनोज सहनी के तालाबों का निरीक्षण किया गया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधित विस्तृत जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान उपस्थित डॉ० जय शंकर ओझा, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सारण ने बताया कि योजनाओं के तहत सामान्य वर्ग के लिए 50 प्रतिशत अनुदान पर तालाब निर्माण एवं इनपुट योजना स्वीकृत है तथा अति-पिछड़ी जाति / अनुसूचित जाति के लाभुकों के लिए योजना 70 प्रतिशत अनुदान पर स्वीकृत है। योजना के तहत तीन मॉडल उपलब्ध हैं, जिसमें एक हेक्टर में एक तालाब निर्माण, एक हेक्टर में दो तालाब निर्माण एवं एक हेक्टर में चार तालाब निर्माण की इकाई लागत क्रमशः 9.69, 8.88, 7.32 लाख है। जिलाधिकारी महोदय ने निदेश दिया की कृषकों को औषधीय पौधों की खेती, मोती संवर्धन, मत्स्य पालन के साथ सोलर उर्जा का एकीकरण जैसे नवाचार हेतु कृषकों / पदाधिकारियों को शीघ्र प्रशिक्षित किया जाए। कृषक राधाकान्त सिंह के प्रक्षेत्र पर जिलाधिकारी महोदय ने वृक्षारोपण किया। इस क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा मानोज कुमार सहनी के बहियारा चवर स्थित तालाबों का निरीक्षण किया गया तथा जयन्ती रोहु की अंगुलिकाओं का संचयन किया गया तथा मत्स्य उत्पादन में आ रही समस्याओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा निदेशित किया की बेहतर ब्रूड की व्यवस्था हेतु एक शोध-परक अध्ययन किया जाए तथा किसानों के मत्स्य विपणन सं

सम्पादकीय

पहलवानों का संघर्ष थमा नहीं

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ बीती 3 जून की रात्रि 11 बजे मुलाकात और चर्चा के बाद आंदोलनकारी पहलवान रेल मंत्रालय में अपनी-अपनी ड्यूटी पर लौट आए। आम निष्कर्ष यह निकाला गया कि पहलवानों ने आंदोलन समाप्त कर दिया। शायद गृहमंत्री के स्तर पर कोई दबाव दिया गया होगा! यह भी हो सकता है कि गृहमंत्री ने देश के पदकवीर पहलवानों को कोई आश्वासन दिया हो और उसके सम्मान के लिए पहलवान अपनी नौकरी पर लौट गए! कई अटकलें और अफवाहें भी तैर रही हैं। उनमें से कुछ तो बड़े अंग्रेजी अखबारों में भी छपी हैं। जिज्ञासा हुई, तो सवाल भी कौंधने लगे कि भारतीय कुश्ती संघ में यौन-शोषण, उत्पीड और भद्दे-धमकी भरे व्यवहार सरीखे मुद्दों का क्या होगा? क्या महिला पहलवानों को निर्णायक इंसाफ नहीं मिलेगा? क्या पुलिसिया जांच इसी तरह खिंचती और टलती रहेगी, क्योंकि यौन-सीमाएं लांघने के गंभीर आरोप कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर लगे हैं।

क्या हिन्दी फिल्मों के खलनायक की तरह बृजभूषण का भी सामाजिक व्यवहार होगा और उसकी मुस्कान भी व्यंग्यमयी होती जाएगी? कुश्ती संघ के भीतर नाबालिग, बालिग और पदकवीर महिला पहलवानों का किस तरह यौन-शोषण, उत्पीड और शारीरिक संबंध बनाने की जो हरकतें एक बड़े अंग्रेजी अखबार में, प्राथमिकी के आधार पर, पृष्ठ एक पर छपती रही हैं और टीवी चैनलों पर खुली बहस होती रही है, क्या उसे असत्य और फर्जी करार दे दिया जाएगा? बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक भारत के पदकवीर, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रहे हैं। बजरंग ने ट्वीट कर स्पष्ट किया है कि हम न पीछे हटे हैं और न ही हटेंगे। मैडल की कीमत आंकने वाले हमारी नौकरी के पीछे पड़े हैं। यदि जिंदगी दांव पर लगी है, तो उसके सामने नौकरी बहुत छोटी चीज है। हम नौकरी को भी छोड़ सकते हैं। आंदोलन वापस लेने की खबर झूठी अफवाह है। आखिरी इंसाफ तक हम संघर्ष करते रहेंगे। कुछ और फर्जी खबरों का निराकरण भी हुआ है। मसलन-न्यायाधीश के सामने धारा 164 के तहत दोबारा और नया बयान दर्ज नहीं कराया जा सकता। यौन-शोषण संबंधी पुलिस में दर्ज प्राथमिकी को खारिज नहीं किया गया है। जो शिकायतकर्ता नाबालिग पहलवान थी, उसके पिता ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने अपनी शिकायत और बयान वापस नहीं लिए हैं। यौन-शोषण और पदक जीतने के वक्त पहलवान नाबालिग थी और आज भी नाबालिग ही है, लिहाजा पॉक्सो कानून के तहत ही केस चलाया जाएगा। क्या गृहमंत्री ने पहलवानों को आश्वस्त किया है कि आरोपित बृजभूषण शरण सिंह को पॉक्सो के तहत अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया? क्या भविष्य में गिरफ्तारी संभव है? यदि देश के गृहमंत्री ने पहलवानों को कोई सकारात्मक आश्वासन दिया है, तो बेहतर है, क्योंकि देश की पुलिस उनके अधीन कार्यरत है। लेकिन सवाल बजरंग आदि से भी है कि उनके निवास पर किसान और खाप पंचायतों के नेताओं की बैठकें क्यों हो रही हैं? क्या बजरंग और दूसरे पहलवान 10-11 जून की जयपुर में प्रस्तावित महापंचायत में हिस्सा लेंगे? आंदोलन पहलवानों का है या उनकी आड़ में किसानों की राजनीति खेली जा रही है? पहलवानों के सरोकारों और समस्याओं के साथ देश खड़ा हो सकता है, लेकिन क्षुद्र सियासत पर देश का औसत नागरिक अपना स्वतंत्र मत बनाने को स्वतंत्र है।

रेल विकास : दर्पण झूठ न बोले

निर्मल रानी

भारतीय रेल के इतिहास में गत 2 जून की शाम ओडिशा के बालासोर में हुआ भीषण ट्रेन हादसा अब तक देश में हुये भयंकरतम ट्रेन हादसों के रूप में अपना नाम दर्ज करा गया। लगभग 300 लोगों की जान लेने व लगभग 900 लोगों को घायल कर देने वाले इस रेल हादसे के अगले ही दिन ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस भीषण दुर्घटना के मद्देनजर एक दिन के राजकीय शोक घोषित किया जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित अनेक मंत्रियों,उच्चाधिकारियों ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया। दुर्घटना की जांच लापरवाही, यांत्रिक खामियां या साजिश का नतीजा थीं, इन सभी कोणों से की जा रही है। इस दुर्घटना के बाद सरकार की खूब आलोचना भी हो रही है और निश्चित रूप से विपक्ष को इस भीषण ट्रेन हादसे के रूप में एक मुद्दा भी हाथ लग गया है। इतिहास के पिछले पन्ने पलटने पर यक ीन रखने वाली इस सरकार को लोग रेल इतिहास की वह दुर्घटना भी याद दिला रहे हैं जिसके बाद तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने रेल दुर्घटना की जिम्मेदारी खुद पर लेते हुये मंत्री पद से त्याग पात्र दे दिया था।

पिछले कुछ समय से वर्तमान सरकार रेल संबंधी विकास कार्यों को भी कुछ उसी अंदाज में पेश कर रही थी गोया रेल विकास भी भारत में अब मोदी काल में ही होना शुरू हुआ है। एक एक वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री स्वयं झंडी दिखाकर रवाना कर रहे हैं और ऐसे प्रत्येक अवसर पर रेल विकास की महिमा का बखान किया जाता है। जिस देश में दशकों से राजधानी,शताब्दी,संपर्क क्रांति,दूरंतो,तेजस जैसी 130 से लेकर 150 किमी/घंटा की गति से दौड़ने वाली ट्रेन्स की सीरीज सफलता से चल रही हो और देश के यात्रियों को अपनी सेवाएं देती आ रही हो वहाँ वन्दे भारत को सबसे तेज व आधुनिक बताकर पिछली सरकारों की उपलब्धियों को धुंधला करने की कोशिश की जाती है। पैसेंजर ट्रेन्स को मेल बताकर जनता से तीन गुना किराया वसूल कर और वरिष्ठ नागरिकों को किराये में मिलने वाली छूट समाप्त कर रेल कमाई में इजाफे का ढोल पीटा जाता है।

वंदे भारत एक्सप्रेस के बारे में बताया गया है कि यह देश की सबसे तेज गति वाली ट्रेन है। इसकी गति सीमा 160 /180 किलोमीटर प्रति घंटे है। और भविष्य में इसके 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से भी दौड़ने की योजना है। अब जरा रेल ट्रैक की हक ीकत देखें तो यही वंदे भारत एक्सप्रेस मथुरा में तीसरे ट्रायल में ही नीलगाय से टकरा गयी थी। इसके बाद वंदे भारत गुजरात के अतुल रेलवे स्टेतशन के पास ट्रेन के सामने बैल आ जाने से टक्करा गयी। इससे ट्रेन का आगे का हिस्सा टूट गया था। यही तीव्र गति वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन गांधीनगर से जाते समय वडोदरा सेक्शन में आनंद स्टेशन के पास ट्रेन के आगे गाय आने से टकरा गयी। उसी तरह एक बार वंदेभारत अहमदाबाद रेलवे स्टेशन के पास भैंसों के झुंड से टकरा गयी थी। इस हादसे में चार भैंसों की मौत हो गई थी और ट्रेन का सामने का हिस्सा टूट गया था। दिल्ली से वाराणसी जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस में एक बार तकनीकी त्रुटि आने के बाद ट्रेन के पहिए जाम हो गए थे। तब ट्रेन लगभग 5 घंटे खुर्जा स्टेशन पर रुकी रही। बाद में यात्रियों को शताब्दी एक्सप्रेस से उनके गंतव्य तक भेजा गया। क्या वनदे भारत के रेल ट्रैक को पूर्ण सुरक्षित रेल ट्रैक कहा जा सकता है?

उधर वंदे भारत से भी आगे बढ़कर देश तीव्रगामी बुलेट ट्रेन की भी प्रतीक्षा कर रहा है। जापानी प्रधानमंत्री के साथ तीव्रगामी बुलेट ट्रेन के समझौता शो को भी देश देख ही चुका है। इन परिस्थितियों में सबसे अहम सवाल यह है कि जब देश की अधिकांश रेल लाइनें खुली हुई हैं। जहाँ हाथी,गाय भैंस व अन्य जानवर आये दिन कट कर मरते हों व ट्रेन को भी नुक़्सान पहुंचते हों। जहां पूरी की पूरी रेल लाइन चोरी हो जाने की खबरें आती हों। जहाँ नक्सल वादी व अन्य लुटेरे लोग ट्रेन में डकैतियें डाल सकते हों व रेल लाइन को क्षतिग्रस्त कर सकते हों। जहां रोजाना जहर खुरानी की घटना के शिकार सैकड़ों यात्री होते हों, जहाँ तमाम स्टेशंस पर पीने का पानी समुचित रूप से उपलब्ध न हो और कहीं बिना टूंटी के बहता दिखाई दे,जहां बाबा व भिखारी का रूप धारण कर लाखों लोग ट्रेन में मुफ़्त यात्रा कर टिकटधारी यात्रियों के लिये मुसीबत खड़ी करते हों, जहां अनेक व्यस्ततम दूरगामी सामान्य ट्रनों में कुली, पैसेंजर्स को खिड़की में बोरी की तरह घुसेड़ने के बदले सैकड़ों रुपए वसूलते हों,जहाँ के तमाम स्टेशंस भिखारियों,जुआड़ियों,चोर,पॉकेटमार व नशेड़ियों के अड्डे बन चुके हों, जहाँ ट्रेन्स में यात्रियों व उनके सामान की सुरक्षा सुनिश्चित न हो ऐसी रेल व्यवस्था मेंशत प्रतिशत सुरक्षित ट्रेन परिचालन की उम्मीद कैसे की जा सकती है?

लिहाजा रेल विभाग की प्राथमिकता बुलेट ट्रेन या वंदे भारत में बढ़ोतरी की नहीं बल्कि वर्तमान रेल परिचालन व्यवस्था में सम्पूर्ण सुधार होना चाहिये। वर्तमान ट्रेन्स में यात्रियों की सुरक्षा व ट्रेंस का पूर्ण सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। देश की बड़ी आबादी बुलेट ट्रेन या वंदे भारत में नहीं बल्कि अन्य मेल एक्सप्रेस व यात्री ट्रेन्स में चलती है। जब वर्तमान ट्रैक पूर्ण सुरक्षित हो जायेंगे, स्टेशंस सर्व सुविधायुक्त व असामाजिक तत्वों के चंगुल से मुक्त होंगे तो वंदे भारत से भी तीव्र गति की ट्रेन भी इन पर दौड़ सकेगी। निःसंदेह ओडिशा के बालासोर में हुआ दर्दनाक भीषण ट्रेन हादसा इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये पर्याप्त है कि रेल विकास के दावे कितने ही क्यों न हों परन्तु दर्पण कभी झूठ नहीं बोलता।

बदलते दौर की खेती-किसानी में तकनीकी ज्ञान जरूरी

खेतों की सिंचाई के तरीके भी बदल गए हैं। यूं कहिए कि अब 80% खेती—किसानी में मशीनी प्रयोग बढ़ गए हैं। इस वजह से कहीं वैज्ञानिक या व्यवस्थित खेती हो रही है तो कहीं आज भी किसान तकनीकी खेती के मुकाबले बहुत पीछे है। इन दिनों ड्रोन का चलन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इसे बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार भी तत्पर है। इस दिशा में किसानों को हर तरह की मदद दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं इस दिशा में रूचि दिखा रहे हैं और समय—समय पर कृषि मंत्रालय समेत कृषि विश्वविद्यालयों एवं संबंधित अन्य संगठनों को निर्देशित करते रहते हैं। ट्रैक्टर की तरह इन दिनों देश में ड्रोन क्रांति देखी जा सकती है। हर कहीं खेती—किसानी के लिए ड्रोन खरीदे जा रहे हैं। यह सच है कि ड्रोन से खेतों में कम लागत और कम समय में खाद—बीज या कीटनाशक दवाओं का छिड़काव संभव हो जाता है लेकिन चिंताजनक बात यह हैकि जिस प्रकार बाजार में इस नए तरह के उत्पाद ड्रोन की बिक्री हो रही है

सुशील देव
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

खेती—किसानी करने के अंदाज बदल रहे हैं। दो बैलों के सहारे खेतों की जुताई अब ट्रैक्टर कर रहे हैं तो खेतों में खाद—बीज और कीटनाशकों का छिड़काव के लिए ड्रोन का सहारा लिया जाने लगा है। खेतों की सिंचाई के तरीके भी बदल गए हैं। यूं कहिए कि अब 80% खेती—किसानी में मशीनी प्रयोग बढ़ गए हैं। इस वजह से कहीं वैज्ञानिक या व्यवस्थित खेती हो रही है तो कहीं आज भी किसान तकनीकी खेती के मुकाबले बहुत पीछे है। इन दिनों ड्रोन का चलन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इसे बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार भी तत्पर है। इस दिशा में किसानों को हर तरह की मदद दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं इस दिशा में रूचि दिखा रहे हैं और समय—समय पर कृषि मंत्रालय समेत कृषि विश्वविद्यालयों एवं संबंधित अन्य संगठनों को निर्देशित करते रहते हैं।

ट्रैक्टर की तरह इन दिनों देश में ड्रोन क्रांति देखी जा सकती है। हर कहीं खेती—किसानी के लिए ड्रोन खरीदे जा रहे हैं। यह सच है कि ड्रोन से खेतों में कम लागत और कम समय में खाद—बीज या कीटनाशक दवाओं का छिड़काव संभव हो जाता है लेकिन चिंताजनक बात यह है कि जिस प्रकार बाजार में इस नए तरह के उत्पाद ड्रोन की बिक्री हो रही है, उस अनुपात में उसके संचालन करने वालों की बेहद कमी है। गौरतलब है कि हर साल भारत को करीब एक लाख ड्रोन पायलटों की आवश्यकता है लेकिन पूरे देश में अभी 5000 से भी कम प्रशिक्षित रिमोट पायलट हैं यानी ड्रोन तो गांव—गांव में पहुंच रहे हैं मगर वहां प्रशिक्षित रिमोट पायलटों की बहुत कमी है। उसी कमी को पूरा करने के लिए सरकार ने स्थानीय निकायों के साथ मिलकर रिमोट पायलटों को प्रशिक्षित करने का काम शुरू किया है, मगर इसकी संख्या अभी कम है। ज्ञात हो कि ड्रोन उड़ाने के लिए भी नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए के द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं से ही प्रशिक्षण प्राप्त किया जा सकता है। लेकिन कई राज्यों में यह रिमोट पायलट प्रशिक्षण केंद्र यानी आरपीटीओ है ही नहीं। इस वजह से वहां के लाखों किसान तकनीकी ज्ञान व लाभ से वंचित हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में वर्तमान समय में राज्यवार कुल 53 रिमोट पायलट प्रशिक्षण केंद्र हैं, जो नाकाफी है। इनमें महाराष्ट्र में 12, हरियाणा में 8, तेलंगाना में 6, गुजरात में 5, तमिलनाडु में 4, आंध्र प्रदेश में 3, कर्नाटक में 3, उत्तर प्रदेश में 3, मध्यप्रदेश में 3, केरल में 1, उड़ीसा में 1, पंजाब में 1, हिमाचल प्रदेश में 1, असम में 1 और नई दिल्ली में 1 है। हालांकि केंद्र सरकार इस दिशा में बेहद गंभीर हैं तथा जिला व ग्रामीण समितियों, कृषि विश्वविद्यालयों की साझेदारी से ऐसे पायलट प्रशिक्षण केंद्र को खोलने पर बल दे रही है।

इससे गांव के युवाओं को भी रोजगार मिल रहे हैं तो वहां की खेती—किसानी भी समृद्ध हो रही है। इसी क्रम में पिछले दिनों भारत की एक अग्रणी ड्रोन निमार्ता कंपनी आयोटेकवर्ल्ड एविगेशन ने राजस्थान के जोबनेर, कर्नाटक के बंगलोर और गुड़गांव के फाजिलपुर समेत करीब 10 स्थानों पर साझीदार कंपनियों के साथ मिलकर आरपीटीओ खोला है, जिससे खेती—किसानी का भविष्य और आसान बन सके। डीजीसीए से पहला टाइप सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाली आयोटेकवर्ल्ड एविगेशन के सह संस्थापक दीपक भारद्वाज एवं अनूप उपाध्याय के मुताबिक प्रधानमंत्री के कृषि क्षेत्र में तकनीकी समृद्धि एवं संकल्प को आगे बढ़ाने के मद्देनजर जल्द ही 5 अन्य राज्यों में कुल 7 रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन एवं सर्विस सेंटर जल्द खोलने की योजना है।

ज्ञात हो कि राजस्थान में अब तक एक भी रिमोट पायलट प्रशिक्षण केंद्र नहीं था। पिछले हफ्ते ही जयपुर के जोबनेर में इसकी शुरूआत की गई है। बकौल श्री भारद्वाज कंपनी ने इस वित्तीय वर्ष में 3000 ड्रोन की बिक्री का लक्ष्य रखा है, इसलिए नया आरपीटीओ खोले जाने की सख्त जरूरत है। इसके लिए कृषि विश्वविद्यालयों समेत प्रसिद्ध संस्थानों की साझेदारी को लेकर बातचीत चल रही है। जबकि जून में ही तीन और आरपीटीओ का संचालन गुरुग्राम (हरियाणा), चिकबल्लपुर (कर्नाटक) और समस्तीपुर (बिहार) शुरू हो जाएंगे। बाकी के दो आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी और विजयवाड़ा में जुलाई में संचालित होने की संभावना है। इन आरपीटीओ की क्षमता प्रत्येक स्थान पर सालाना 360 नये ड्रोन पायलटों को प्रशिक्षित करने की होगी। कंपनी ने अभी तक 400 से ज्यादा पायलटों को प्रशिक्षण दिलवाने में सहायता की है। आयोटेकवर्ल्ड अभी 12 राज्यों में काम कर रही है और वर्तमान वित्तीय वर्ष में नये क्षेत्रों में विस्तार करेगी।

गौरवशाली अतीत की अभिव्यक्ति

पुराना संसद भवन ब्रिटिश शासन द्वारा बनाया गया था। नई संसद आत्मनिर्भर भारत की प्रतीक है लेकिन विपक्ष ने अपनी राजनीति को ही महत्व दिया। उन्होंने राष्ट्रीय गौरव के समारोह का बहिष्कार किया। इतना ही नहीं राहुल गांधी ने अमेरिका जाकर नए संसद भवन की आलोचना की। उनका कहना था कि समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए सरकार ने यह कार्य किया। इस प्रकार विपक्ष ने यहां निर्मिति भारत के गौरवशाली अतीत की कलाकृतियों का भी बहिष्कार किया। इससे पाकिस्तान जैसे देशों का मनोबल बढ़ा। उन्होंने यहां निर्मित अखंड भारत के भित्तिचित्र की निंदा की। इसे भारत की विस्तारवादी मानसिकता मान रहे हैं और इससे भविष्य को लेकर चिंतित हो रहे हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अखंड भारत का दावा भारत की विस्तारवादी मानसिकता का दिखावा है जो उनके पड़ोसी देशों, धार्मिक अल्पसंख्यकों की विचारधारा और संस्कृति को दबाना चाहती है।

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

महाराष्ट्रीय गौरव के विषयों पर राष्ट्रीय सहमति दिखनी चाहिए अन्यथा देश विरोधी तत्वों को अनावश्यक प्रतिक्रिया देने का अवसर मिलता है। नए संसद भवन के उद्घाटन पर भी विपक्षी नेताओं ने ऐसी ही मानसिकता दिखाई। पुराना संसद भवन ब्रिटिश शासन द्वारा बनाया गया था। नई संसद आत्मनिर्भर भारत की प्रतीक है लेकिन विपक्ष ने अपनी राजनीति को ही महत्व दिया। उन्होंने राष्ट्रीय गौरव के समारोह का बहिष्कार किया। इतना ही नहीं राहुल गांधी ने अमेरिका जाकर नए संसद भवन की आलोचना की। उनका कहना था कि समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए सरकार ने यह कार्य किया। इस प्रकार विपक्ष ने यहां निर्मिति भारत के गौरवशाली अतीत की कलाकृतियों का भी बहिष्कार किया। इससे पाकिस्तान जैसे देशों का मनोबल बढ़ा। उन्होंने यहां निर्मित अखंड भारत के भित्तिचित्र की निंदा की। इसे भारत की विस्तारवादी मानसिकता मान रहे हैं और इससे भविष्य को लेकर चिंतित हो रहे हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अखंड भारत का दावा भारत की विस्तारवादी मानसिकता का दिखावा है जो उनके पड़ोसी देशों, धार्मिक अल्पसंख्यकों की विचारधारा और संस्कृति को दबाना चाहती है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने भारत से विस्तारवादी विचारधारा से दूर रहने और शांतिपूर्ण तरीके से अपने पड़ोसी देशों के साथ विवादों का निपटारा करने का आग्रह किया है। नेपाल के पूर्व पीएम बाबूराम भट्टराई ने इस बारे में अपनी चिंता जाहिर करते हुए भारत से स्पष्टीकरण मांगा है। नेपाल के पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली ने भी चिंतित स्वर में इसे अनुचित बताया है। जबकि इस भित्तिचित्र का वर्तमान परिदर्शन से कोई मतलब नहीं है। यह भारत का अतीत है। प्रत्येक देश को अपने गौरवशाली अतीत का स्मरण करने, उनको कलाकृतियों में समेटने का अधिकार है। भारत ने यही किया है। वर्तमान में वह सभी देशों की स्वतंत्रता सम्प्रभुता का सम्मान करता है।

पाकिस्तान ने भारत को विस्तारवादी बताया लेकिन यह वही पाकिस्तान है जिसे भारत ने युद्ध में गई जमीन ताशकंद और शिमला समझौते के तहत वापस कर दी थी। पाकिस्तान का जन्म हुआ था। जन्म लेने वाले देश जब अपने अतीत पर विचार करेंगे, तब उन्हें सच्चाई दिखना शुरू हो जाएगा। नेपाल के दो पूर्व प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेताओं ने अखंड भारत कलाकृति की आलोचना की है। इनको उसी प्रकार महत्व नहीं देना चाहिए जैसे भारत के विपक्षी नेताओं के बयानों को विदेशों में कोई महत्व नहीं दिया जाता है। नेपाल के वर्तमान प्रधानमंत्री प्रचंड इसी समय पर भारत यात्रा पर आए थे। उन्होंने अखंड भारत की कलाकृति पर बयान नहीं दिया। कहा कि उनकी यात्रा से भारत नेपाल के बीच मित्रता, आपसी समझ और साझेदारी मजबूत हुई है। भारत के नए संसद भवन में लगे अखंड भारत के म्यूरल आर्ट में प्राचीनकाल में भारत के नक्शे को दशार्या गया है। अखंड भारत के इस नक्शे में वर्तमान का पाकिस्तान, नेपाल अफगानिस्तान, मालदीव, श्रीलंका, म्यांमार और बांग्लादेश दिखाए गए हैं। पहले ये भारत का हिस्सा थे।

अखण्ड भारत में आज के अफगानिस्थान, पाकिस्तान, तिब्बत, भूटान, म्यांमार, बांग्लादेश, श्रीलंका आते हैं। प्राचीन काल में भारत का साम्राज्य में आज के मलेशिया, फिलीपीन्स, थाईलैण्ड, दक्षिण वियतनाम, कम्बोडिया, इण्डोनेशिया आदि में सम्मिलित थे। 1857 से 1947 के बीच भारत के कई खंड हुए। कैलाश मानसरोवर से पूर्व में वर्तमान का इंडोनेशिया है। पश्चिम में ईरान प्रदेश हिमालय के अंतिम छोर पर हैं। श्रीलंका या कन्याकुमारी से पूर्व व पश्चिम की तरफ हिंद महासागर इंडोनेशिया ईरान तक ही है। इनके बाद ही दोनों ओर महासागर का नाम बदलता है। हिमालय, हिंद महासागर, आर्यान ईरान व इंडोनेशिया के बीच का पूरे भू-भाग को आर्यावर्त अथवा भारतवर्ष कहा जाता था।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह सम्राट अशोक के शासनकाल में भारत के मानचित्र को दशार्ता है। भारत ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह मुद्दा एक दिन पहले भारत और नेपाल के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई बैठक में भी नहीं उठा था। यह कलाकृति लोक आधारित शासन व्यवस्था को बताता है। भित्ति चित्र के पास यह जानकारी भी लिखी है। 1937 में अहमदाबाद में हिंदू महासभा के वार्षिक सत्र में भारतीय कार्यकर्ता और हिंदू महासभा के नेता विनायक दामोदर सावरकर ने एक अखंड भारत की धारणा को प्रतिपादित किया कि कश्मीर से रामेश्वरम तक, सिंध से असम तक एक और अविभाज्य रहना चाहिए। उन्होंने कहा था कि सभी नागरिक जो भारतीय राष्ट्र और भारतीय राज्य के प्रति अविभाजित वफादारी और निष्ठा रखते हैं, उनके साथ पूर्ण समानता के साथ व्यवहार किया जाएगा। जाति, पंथ या धर्म के बावजूद कर्तव्यों और दायित्वों को समान रूप से साझा करेंगे, और प्रतिनिधित्व भी करेंगे या तो एक व्यक्ति एक वोट के आधार पर या पृथक निर्वाचक मंडल के मामले में जनसंख्या के अनुपात में और सार्वजनिक सेवाएं अकेले योग्यता के आधार पर होंगी। परतंत्रता काल में कन्हैयालाल मणिक लाल मुन्शी ने अखंड भारत के प्रति समर्थन व्यक्त किया था। इस प्रस्ताव से महात्मा गांधी भी सहमत थे। उनका कहना था कि ब्रिटेन फूट डालो और राज करो की नीति अपनाकर अपने साम्राज्य को बनाए रखना चाहता है। एकता के बल पर उसके प्रयासों को विफल करना आवश्यक है। मूल संविधान में प्रत्येक अध्याय के प्रारंभ में चित्रों को सजाया गया था। प्रारंभ में अशोक की लाट का चित्र है। उसके साम्राज्य को अखंड भारत कलाकृति में दिखाया गया। संविधान की प्रस्तावना को सुनहरे बार्डर से घेरा गया है, जिसमें मोहन जोदड़ो के घोड़ा, शेर, हाथी और बैल के चित्र बने हैं। भारतीय संस्कृति के प्रतीक कमल का भी चित्र है। अगले भाग में मोहन जोदड़ो की सील है। इसके बाद वैदिक काल की झलक है। इसमें ऋषि आश्रम में बैठे गुरु, शिष्य और यज्ञशाला है। मूल अधिकार वाले भाग के प्रारंभ में त्रेतायुग है। इसमें भगवान राम रावण को हराकर सीताजी को लंका से वापस ले कर आ रहे हैं। राम धनुष-बाण लेकर आगे बैठे हुए हैं और उनके पीछे लक्ष्मण और हनुमान हैं। नीति निर्देशक के प्रारंभ में श्रीकृष्ण भगवान का गीता उपदेश वाला चित्र है। भारतीय संघ के पांचवें भाग में गौतम बुद्ध की जीवन यात्रा से जुड़ा एक दृश्य है। संघ और उनका राज्य क्षेत्र एक में भगवान महावीर को समाधि की मुद्रा में दिखाया गया है। आठवें भाग में गुप्तकाल से जुड़ी एक कलाकृति है। दसवें भाग में गुप्तकालीन नालंदा विश्वविद्यालय की मोहर दिखाई गई है। बारहवें भाग में नटराज की मूर्ति बनाई गई है। तेरहवें भाग में महाबलिपुरम मंदिर है। शेषनाग के साथ अन्य देवी-देवताओं के चित्र हैं। भागीरथी तपस्या और गंगा अवतरण को भी इसी चित्र में दशार्या गया है। जब इन चित्रों को मूल संविधान में लगाया गया था, तब अखंड भारत की कलाकृतियों को नई संसद में सजाना अनुचित कैसे हो सकता है।

भारत के विद्युत क्षेत्र में परिवर्तन: सतत ऊर्जा और सार्वभौमिक पहुंच की ओर बढ़ते कदम

भारत के बिजली क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं, जिनका उद्देश्य लोगों को विश्वसनीय, किफायती और सतत ऊर्जा प्रदान करना है। पिछले 9 वर्षों में, बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने, बिजली तक पहुंच का विस्तार करने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और अभिनव नीतियों को लागू करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। यहां हम उन प्रेरणादायक उपलब्धियों और बदलाव लाने वाली पहलों पर विचार कर रहे हैं, जिन्होंने भारत के बिजली क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

हरित भविष्य की दिशा में भारत की यात्रा को वैश्विक मान्यता मिली है। पिछले नौ वर्षों में उत्पादन क्षमता में 175 जीडब्ल्यू से अधिक की वृद्धि के साथ, भारत बिजली की कमी वाले देश से एक बिजली अधिशेष राष्ट्र में परिवर्तित हो गया है। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के लिए देश की प्रतिबद्धता ने इस उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सौर और पवन ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि ने नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने में विश्व के अग्रणी देश के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया है। आज, भारत नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता के सन्दर्भ में पूरी दुनिया में चौथे स्थान पर है, इसकी कुल स्थापित बिजली क्षमता का 43% गैर-जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों पर आधारित है।

बिजली उत्पादन और सार्वभौमिक विद्युतीकरण के लिए भारत की प्रतिबद्धता इस परिवर्तन की प्रेरणा-शक्ति रही है। प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) पहल को सफलता के प्रतीक के रूप में मान्यता मिली है, जिसके तहत सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण हासिल करने के लिए देश के हर गांव और जिले को कवर किया गया है। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत, 25 सितंबर, 2017 से ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बिजली की सुविधा से वंचित 2.86 करोड़ परिवारों को बिजली कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने इसे बिजली सुविधा तक पहुँच के सन्दर्भ में, बिजली के इतिहास में दुनिया का सबसे तेज विस्तार कहा

है। ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। बिजली की उपलब्धता, ग्रामीण क्षेत्रों में 2014 के प्रति दिन लगभग 12 घंटे से बढ़कर वर्तमान में 22.5 घंटे प्रति दिन और शहरी क्षेत्रों में लगभग 24 घंटे तक हो गयी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार के लिए, 2014 में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) शुरू की गई थी। डीडीयूजीजेवाई कार्यक्रम ने 28 अप्रैल, 2018 को 18,374 गैर-विद्युतीकृत गांवों का विद्युतीकरण करके 100% ग्रामीण विद्युतीकरण का लक्ष्य हासिल किया। इसके लिए वितरण नेटवर्क को मजबूत किया गया तथा यह सुनिश्चित किया गया कि बिजली ग्रामीण भारत के हर कोने तक पहुँचे।

सरकार द्वारा ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के प्रयासों के भी उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं। किफायती एलईडी द्वारा सभी के लिए उन्नत ज्योति (उजाला) योजना के तहत, 2014 और 2019 के बीच एलईडी बल्बों की खरीद कीमत में लगभग 90% की कमी आई है। एक एलईडी बल्ब की कीमत 310 रुपये से घटकर 39.90 रुपये रह गयी है। इस योजना के तहत अब तक 36.86 करोड़ से अधिक एलईडी बल्ब वितरित किए जा चुके हैं। इस पहल से न केवल घरों में बिजली की लागत कम हुई है, बल्कि एलईडी बल्बों के घरेलू निर्माण को भी बढ़ावा मिला है और ह्लमेक इन इंडियाह्व अभियान को समर्थन मिला है। परिणामस्वरूप, भारत ने ऊर्जा-कुशल प्रकाश समाधानों को व्यापक रूप से अपनाया है, जिसने ऊर्जा की खपत को कम करने के साथ हरित पर्यावरण में भी योगदान दिया है।

बिजली वितरण की दक्षता बढ़ाने के लिए, सरकार ने पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) जैसी पहलों को लागू किया है। आरडीएसएस से बिजली वितरण कंपनियों का वितरण घाटा वित्त वर्ष 2020-21 के 21.5% से कम होकर वित्त वर्ष 2021-22 में 16.5% रह गया है। ये पहलें; तकनीकी और वाणिज्यिक घाटे को कम करने, मीटर और बिल प्रणाली में सुधार करने और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। स्मार्ट ग्रिड, उन्नत मीटर अवसंरचना और मांग प्रतिक्रिया व्यवस्था के एकीकरण से ग्रिड स्थिरता में वृद्धि हुई है और उपभोक्ताओं को अपनी ऊर्जा खपत को सक्रिय रूप से प्रबंधित करने की सुविधा मिली है।

2014 से भारत के बिजली क्षेत्र में हुए बदलाव, प्रगति और सहनीयता की एक उल्लेखनीय गाथा है। सार्वभौमिक विद्युतीकरण, नवीकरणीय ऊर्जा का तेज विस्तार, बेहतर वितरण प्रणाली और बढ़ी हुई ऊर्जा दक्षता जैसी उपलब्धियों के साथ भारत ने दुनिया के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण पेश किया है। हितधारकों की भागीदारी के साथ भारत सरकार

संक्षिप्त खबरें

दस दिवसीय खादी मेला-सह-उद्यमी बाजार आज से

मुजफ्फरपुर। बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मुजफ्फरपुर के राम दयालु सिंह कॉलेज मैदान में दिनांक 8 जून से 17 जून तक खादी मेला सह मुख्यमंत्री उद्यमी बाजार लगाया जाएगा। जिला प्रशासन ने इसके लिए जगह का आवंटन कर दिया है। बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि मुजफ्फरपुर खादी मेला सह मुख्यमंत्री उद्यमी बाजार में कुल 120 स्टॉल लगाए जाएंगे जिसमें राज्य के खादी उत्पादकों, ग्रामोद्योग उद्यमियों, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लाभुकों, राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजना के लाभुकों, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट के स्टॉल लगाए जाएंगे। खादी मेला सह मुख्यमंत्री उद्यमी बाजार के उद्घाटन के लिए उद्योग मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ से अनुरोध किया गया है। मेला में प्रतिदिन उद्योग संबंधी योजना तथा बैंकों की योजनाओं के संबंध में सूचना परक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ प्रस्ताव पारित

बोचहा। प्रखंड मुख्यालय स्थित ई. किसान भवन में खरीफ महा अभियान सह उत्पादन वितरण की बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक मंगलवार को आयोजित की गई थी। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अमर कुमार पासवान प्रमुख साजन पासवान, उपप्रमुख आशिफ नदीम फरीदी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुभद्रा कुमारी, संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया कृषि भवन में खरीफ महाअभियान 2023 अंतर्गत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उत्पादन वितरण समारोह में जिला से नामीत पदाधिकारी की अनुपस्थिति पर किसानों ने नाराजगी जाहिर की और इस कार्यक्रम को स्थगित करने की मांग की उर्वक विक्रेता और किसानों ने अनुपस्थित पदाधिकारी पर कार्रवाई को लेकर सहमति से प्रस्ताव पारित कर जिला अधिकारी से कार्रवाई की मांग की। वही विधायक ने जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक उद्यान, सहायक निदेशक कृषि अभियंता कृषि विज्ञान केंद्र तुर्की, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी पूर्वी सहित अन्य पदाधिकारी की अनुपस्थिति को देखते हुए सरकार के महत्वकांक्षी योजना खरीफ महा अभियान 2023 का आयोजन स्थगित कर करते हुए कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना जो किसानों के हित के लिए हैं ऐसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग न लेने वाले अधिकारी व पदाधिकारी पर कार्रवाई को लेकर सहमति से प्रस्ताव पारित कर कार्रवाई हेतु जिला अधिकारी को भेजा गया।

आग लगने से लाखों की सम्पत्ति राख, दो गाय झुलसे

बखरी, बेगूसराय। बुधवार को थाना क्षेत्र के डरहा थान सिंह गांव में आग लगने से आधे दर्जन से अधिक घरों में लाखों रुपया के नगदी व सामान आदि जलकर राख हो गया। वही तीन गाय झुलस कर जख्मी हो गया। घटना का मुख्य कारण बिजली शॉर्ट सर्किट का होना बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिंद्र महतों के दो गाय तथा अरविंद महतों, पवन महतों, रामसुंदर महतों, श्याम सुन्दर महतों, प्रमोद महतों, रामटहल महतों, चंद्रदीप महतों, अकली देवी, अंजनी देवी, सुभाष कुमार के घर में रखे अनाज, कपड़ा, जेवरात सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। इधर अगलगी की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों तथा स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका।वही आग लगते ही गांव में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान महिलाएं व बच्चें जान बचाने में लगे हुए थे।

बाढ़ सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर डीएम ने कहा जानकारी ही बचाव है

वरीय अधिकारियों ने प्रखंड स्तरीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ किया बैठक

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

संभावित बाढ़-सुखाड़ को लेकर डीएम के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों में वरीय अधिकारियों ने प्रखंड स्तरीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ किया बैठक। संभावित बाढ़-सुखाड़ को लेकर जिले के सभी प्रखंडों में एक साथ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। डीएम अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश पर प्रखंडों के वरीय अधिकारियों ने अपने संबधित प्रखंड में पहुँचकर प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियो एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अब तक प्रखंड स्तर पर संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ को लेकर की गई तैयारियों का समीक्षा किया वही उपस्थित जनप्रतिनिधियों से कई महत्वपूर्ण सुझाव के साथ साथ फीडबैक भी लिया। बैठक में अब तक विभिन्न विभागों द्वारा संभावित बाढ़-सुखाड़ को लेकर की गई तैयारी यथा जीआर सूची का अपडेशन पॉलीथिन शीट की उपलब्धता एवं उसका भौतिक सत्यापन पंडौल स्थित वेयर हाउस का भौतिक सत्यापन प्रखंड स्तरीय संचार योजना का निर्माण प्रखंडस्तरीय बाढ़-सुखाड़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना नाव की मरम्मति नाविकों के साथ एकरारनामा नाविकों का बकाया भुगतान की स्थिति बाढ़ राहत स्थल सामुदायिक रसोई का भौतिक सत्यापन एवं अक्षांश-देशांतर के साथ सूची की उपलब्धता तटबंधों का निरीक्षण तटबंधों की निगरानी क्षतिग्रस्त तटबंधों की मरम्मती भेंट की सफाई सुलिस गेट की स्थिति पेयजल की उपलब्धता बाढ़ -सुखाड़ को लेकर आकस्मिक फसल योजना डीजल अनुदान की व्यवस्था कृषि फीडर से किसानों को निर्बाध विधुत आपूर्ति की व्यवस्था नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुचाने की व्यवस्था क्षतिग्रस्त सड़को की मरम्मति बाढ़ की स्थिति में वैकल्पिक सड़क की व्यवस्था आदि की समीक्षा होगी। प्रखंडों में निर्मित एवं बन रहे स्थायी बाढ़ स्थल की अधतन स्थिति एवं उसका भौतिक सत्यापन आदि विषयों पर व्यापक समीक्षा की गई। गौरतलब हो कि जिले में वर्तमान में बाढ़ सुरक्षा सप्ताह मनाई जा रही है।हमारे मधुबनी जिला बिहार के अधिकतम बाढ़ प्रभावित राज्यों में से एक है ।जिले 21 प्रखंडो में से 18 प्रखंड बाढ़ प्रणव है ।जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के नेतृत्व में बाढ़ से बचाव के लिए जिला प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर अनेक उपाय किये जा रहे है ।इसी क्रम में जिला प्रशासन मधुबनी द्वारा जागरूकता एवं बाढ़ पूर्व तैयारी के लिए बाढ़ सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है ।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ से पूर्व बाढ़ के दौरान एवं बाढ़ के बाद उपायों को अपनाकर बाढ़ से बचने एवं उससे होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है ।

आम जानता की सुरक्षा के लिए निम्न प्रकार है : बाढ़ से पहले क्या करें ड्ड ऊँचे आश्रय स्थल का चयन ड्ड दवाई रुपए जेवर एवं जरुरी कागजात सूखे भोजन आदि तैयार रखना ड्ड नाव ट्यूब लाइफ जैकेट रस्सीयाँ तारपोलोन शीट आदि की तैयारी नालियों की सफाई करनाड्ड सुरक्षित रास्तो का चयन तथा बचाव की योजना बनानाड्ड चेतावनी एवं सूचना पर ध्यान देना व समुदाय में बताना बाढ़ के दौरान क्या करें ड्ड चेतावनी एवं सूचना पर ध्यान देना तुरंत ऊँचे सुरक्षित स्थानों पर सपरिवार चले जाना ड्ड पानी उबालकर ठंडा कर एवं छानकर पीना क्या न करें ड्ड बाढ़ के पानी में न उतरे ड्ड बिजली के खम्भे के निकट न खड़े रहे ड्ड खुले में शौच न करें बाढ़ के बाद क्या करें ड्ड मरे हुए जानवरो को गड्ढे में दफनाना शुद्ध पेयजल हेतु हेलोजेन की गोलियों का प्रयोग ड्ड गंदगी व कुड़ो पर ब्लीचिंग पाउडर के घोल का छिड़काव क्या न करें ड्ड बिना सफाई किये हैंडपंप व कुओ का पानी न पिएं ड्ड बिना सफाई किये गंदे घरों में न रहें राहत व बचत के साधनों को सहेजकर उचित स्थान पुर नहीं रखना आपदाओ में हर पशुओं का महत्व आपदा से पहले ड्ड सुनिश्चित करें कि सभी पशुओं का पहचान चिन्ह हो, जैसे कान पर टैग ब्रांडिंग रंगीन टैटू दस्तावेजी साक्ष्य तैयारी कोई हो ड्ड अपने और अपने पशुओं के लिए एक आपातकालीन कीट तैयार करें आपदा के दौरान ड्ड पशु छोड़ते समय पट्टा रस्सी मोहरा एवं गर्दन की रस्सी को उनपर नहीं छोरे क्योंकि इनके द्वारा पशुओं को एक सुरक्षित स्थान पर पहुंचने में रूकावट आ सकती है ।ड्ड पशुओं को एक साथ नहीं बांधे इसे उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाना और संभालना कठिन होगा ।ड्ड पशुओं को उनकी जरूरत है के आधार पर चुने ' पशुओं को अन्य जोखिमो में डालने से बचें और गंभीर रूप से प्रभावित पशुओ को झुण्ड से अलग करें ।अपने पशुओ को पर्याप्त चारा पानी पशु चिकित्सीय देखभाल औ आवास प्रदान करें ।आपदा के बाद ड्ड मृत पशुओं का उचित रूप से निवारण करें ताकि संदूषण की रोकथाम हो सके। पशु आवासो नादो का विसंक्रमन औ सफाई करें ।ड्ड अपने मौजूदा और नए लाए गए पशुओं की स्वास्थ्य जांच के लिए टीकाकरण और पेट के कीड़ों के लिए पशु चिकित्सक से सलाह लें ।

डूबे युवक को इलाज के लिए लोगों ने भेजा बेगूसराय

बखरी, बेगूसराय। नगर परिषद क्षेत्र के जयलख शकरपुरा मोहल्ला स्थित एक पोखर में एक युवक डूब गया। युवक की पहचान बुद्धन महतों का 15 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार के रूप में की गई है। घटना दोपहर करीब ढाई बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त युवक गर्मी अत्यधिक होने के कारण पोखर में नहाने गया था, जहां पैर फिसल जाने के कारण गहरे गड्ढे में चला गया। डूबते युवक के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने किसी तरह पानी से बाहर कर इलाज हेतु बखरी पीएचसी लाया। जहां नाजुक हालात को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल रेफर कर दिया।समाचार प्रेषण तक बालक को होश नहीं आया था। जिससे बालक को होश में लाने व चिकित्सीय उपचार हेतु भेंडिलेशन में रखा गया है। इधर बालक के डूबने की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। वहीं पोखर पर लोगों की हुजूम देखने उमड़ पड़ी।

प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उत्पादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला के खजौली प्रखंड़ ई कृषि कार्यालय सभागार में वुधवार को खरीफ महाभियान 2023 के अंतगर्त प्रखंड़ स्तरीये प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड़ आत्मा अध्यक्ष बिलट प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में किया गया. इस कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर आत्मा अध्यक्ष बिलट प्रसाद सिंह, प्रमुख कुमारी उषा, उप प्रमुख गुलशन आरा,बीडीओ मनीष कुमार,बीएओ राम कुमार मिश्र,बीटीएम अशोक कुमार,एटीम अवधेश कुमार शर्मा एव बसैठ चानपुरा के कृषि वैज्ञानिक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.इस कार्यक्रम के संचालन के दौरान कृषि सलाहकार एव कृषि समन्वयक की हड़ताल पर चले जाने के कारण प्रखंड़ क्षेत्र में प्रचार,प्रसार नही होने के कारण खरीफ महाअभियान में किसान की उपस्थिति कम रहने से प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यकरण असफल हो गया. वही कार्यक्रम के दौरान बीडीओ मनीष कुमार ने उपस्थित किसानों को खेती के बारे में जानकारी दी गयी.वही प्रमुख कुमारी उषा ने कहा कि धान की खेती के लिए किसान द्वारा खेत मे बिजरा लगाया है वह भी भीषण गर्मी में सभी बिजरा सूखने लगी है.उन्होंने प्रखंड़ बीएओ को निर्देश दिया कि सरकार द्वारा धोषित डीजल अनुदान राशि किसानों को देने की मांग की. वही प्रखंड़ आत्मा अध्यक्ष बिलट प्रसाद सिंह ने उपस्थित किसान को धान की खेती करने को लिए बारीकी से जानकारी दी.वही बीएओ राम कुमार मिश्र ने किसान को संम्बोधन के दौरान मक्का,धान की खेती सहित खेत मे उवर्रक डालने की विधि जानकारी दी.इस कार्यक्रम के मौके पर प्रखंड़ प्रमुख कुमारी उषा,उप प्रमुख गुलशन आरा प्रखंड़ आत्मा अध्यक्ष बिलट प्रसाद सिंह बीटीएम अशोक कुमार,एटीम अवधेश कुमार शर्मा,भाजपा नेता शंम्भूनाथ ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

बढ़ती गर्मी में चमकी बुखार के प्रति सजग रहने की जरूरत

मुजफ्फरपुर, प्रात : किरण संवाददाता

एईएस चमकी बुखार को लेकर जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई ।चमकी बुखार में जन जागरूकता कई स्तरों पर किया जा रहा है। लगातार पदाधिकारियों द्वारा पंचायतों में विजिट किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी द्वारा की गई समीक्षा में निदेश दिया गया कि अभी गर्मी का प्रकोप बढ़ा है हमें सर्तक और जागरूक होने की आवश्यकता है। अभी तक जिलें में 21 मामले प्रतिवेदित हुए है। सभी प्रखंडों से केस देखने को इस बार मिला है। औराई, बंदरा जैसे भी प्रखंड में भी चमकी के केस प्राप्त हुए है जहाँ कभी मामले नहीं आये थे। विगत तीन सालों में प्राप्त मामले का लगातार फॉलअप करने का निदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त महोदय को निदेश दिया गया कि उन परिवारों का समाजिक आर्थिक उत्थान करने के लिए उन्हें सरकारी लाभों का शत प्रतिशत सुविधा मुहैया कराये। प्राप्त मामले पर लगातार नजर रखने की आवश्यकता है। जांच कराने आ रहे बच्चों चाहे वह बुखार ही क्यों न हो उनका 10 दिनों तक लगातार फॉलोअप करने का निदेश दिया गया। आशा लगातार भ्रमण कर उसकी स्थिति से अवगत कराते रहेगें। जिला स्तर और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्तर पर एक नोडल व्यक्ति लगातार दूरभाष से फॉलअप करेंगें। इधर आईसीडीएस जीविका द्वारा पंचायतों में प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे है। प्रभावित पंचायतों में वरीय पदाधिकारी द्वारा लगातार भ्रमण कर जागरूकता वातावरण का निर्माण किया जा रहा है। बैठक में डीडीसी, सिविल सर्जन, नोडल एईएस, डीपीओ आईसीडीएस, डीपीआरओ, डीपीएम स्वास्थ्य आदि उपस्थित थे।

अगले चार दिनों तक बनी रहेगी हीट बेव की स्थिति

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।उत्तर बिहार के जिलों में 11 जून तक हीट बेव और प्रचंड गर्मी की स्थिति बनी रहेगी ।यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र डा० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा, द्वारा दी गई है ।7 से 11जून तक के लिए जारी मौसम पूवार्नुमान में बताया गया है कि पिछले कुछ दिनों से उत्तर बिहार के जिलों में हीट बेव और प्रचंड गर्मी की स्थिति बनी हुई है ।यह स्थिति 11 जून तक बनी रह सकती है ।इस स्थिति में अधिकतम तापमान 40 से 42डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है ।न्यूनतम तापमान 24 से 27डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 70से 75प्रतिशत और दोपहर बाद 40-45 प्रतिशत के बीच रहने की सम्भावना है। मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 40.5 एवं 222 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 64 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 27 प्रतिशत, हवा की औसत गति 4.1 किमी० प्रति घंटा एवं दैनिक वापन 7.7 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 11.4 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 29.2 एवं दोपहर में 43.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा।

किसानों को सलाह दी गई है कि जिन किसान के पास सिचाई की उचित व्यस्था है ,वैसे किसान धान का विचड़ा बीजस्थली में लगाने का काम शुरू कर दें। 10 जून तक लम्बी अवधि वाले धान का विचडा गिराने का उपयुक्त समय है ।आज का अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो इस मौसम का अबतक का सर्वाधिक तापमान है।

शब्बर हसन बने तंजीम -ए-इंसाफ के संयोजक

मुजफ्फरपुर। शब्बर हसन को आल इंडिया तंजीम-ए-इंसाफ के मुजफ्फरपुर जिला संयोजक बनाये जाने पर विधानपार्षद प्रो० संजय कुमार सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य अजय कुमार सिंह, किसान सभा के जिला सचिव चन्देश्वर प्रसाद चौधरी, खेत मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष अवधेश पासवान, भाकपा जिला सचिव रामकिशोर झा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि शब्बर हसन एक कुशल संगठनकर्ता है। इनकी अगुवाई में जिला में ऑल इंडिया तंजीम-ए-इंसाफ का संगठन सशक्त होगा तथा संगठन इंसाफ के लिए संघर्ष को नया आयाम मिलेगा।

चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

रक्सौल। भारत-नेपाल बॉर्डर पर तो बाइक चोरी की घटना आम बात है, परंतु इस बार चोरी की बाईक पर घूमते एक युवक को पुलिस ने पकड़ा है। बता दें कि चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक को रक्सौल पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जिसकी जानकारी देते हुए रक्सौल थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि स्थानीय बाटा चौक के पास बिना नंबर प्लेट की बाइक आते देख रोक कर जांच की गई। उसके बाद चालक से वाहन की कागजात मांग की गई, परंतु चालक देने असमर्थ रहा। पूछ ताछ में पता चला कि वह बाईक चोरी की है। जिसके बाद बाईक जब्त कर ली गई। वहीं आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है। आरोपी की पहचान रक्सौल के कोइरिया टोला निवासी राहुल बासकोटा के रूप में हुई है। मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत मोतिहारी भेज दिया गया है।

रिवोल्ट मोटर्स ने बेगुसराय में की डीलरशिप की शुरूआत

बेगुसराय। भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी, रतन इंडिया की रिवॉल्ट मोटर्स, बेगुसराय बिहार सहित पूरे भारत में एक साथ 11 नई डीलरशिप खोलने की घोषणा करते हुए प्रसन्न है, जो देश में कंपनी और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। बेगुसराय शहर में शोरूम का भव्य उद्घाटन अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और देश भर में स्थायी परिवहन समाधान प्रदान करने के लिए रिवोल्ट मोटर्स की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगा। रिवोल्ट मोटर्स की मूल कंपनी रतन इंडिया एंटरप्राइजेज लिमिटेड की बिजनेस चेयरपर्सन सुश्री अंजलि रतन ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर टिप्पणी करते हुए कहा, हम पूरे भारत में एक साथ 11 नई डीलरशिप खोलकर रोमांचित हैं। यह विस्तार लोगों के लिए टिकाऊ परिवहन को सुलभ बनाने के हमारे दृष्टिकोण को दशार्ता है। हमारा मानना है कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी भविष्य है, और अपनी इनोवेटिव मोटरसाइकिलों और मजबूत डीलरशिप नेटवर्क के माध्यम से, हमारा उद्देश्य भारत में लोगों के आवागमन के तरीके में क्रांति लाना है। 11 नई डीलरशिप रणनीतिक रूप से पुणे (दूसरी डीलरशिप), रायपुर, औरंगाबाद, नांदेड़, दुर्ग, सांगली, बुलढाणा, बेगूसराय, झुंझुनू, आगरा और हरिद्वार सहित पूरे भारत के प्रमुख शहरों और प्रमुख क्षेत्रों में स्थित होंगी। यह विस्तार पूरे देश में ग्राहक आधार तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए रिवॉल्ट मोटर्स के समर्पण को प्रदर्शित करता है। रिवॉल्ट मोटर्स ने भारत में इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों की बढ़ती मांग देखी है, जो पर्यावरण के प्रति जागरूकता और टिकाऊ परिवहन विकल्पों की इच्छा से प्रेरित है।

विद्यालय की अतिक्रमीत जमीन मुक्त कराने को लेकर पदाधिकारी को दिया गया आवेदन

जानकारी

- मध्य विद्यालय ठेगहा की जमीन को लेकर एचएम अनिल कुमार द्वारा लिखित आवेदन दिया गया

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला के खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के मध्य विद्यालय ठेगहा सह उत्क्रमित माध्यमिक विधालय वेता ककरघट्टी विद्यालय का मुख्य सड़क से दो कट्ठा जमीन पर गांव के ही सेवा निवृत्त शिक्षक परमानंद सिंह एव उनके परिवार द्वारा दो कट्ठा जमीन 7 डिसमल को अतिक्रमण करके उस जमीन पर जोर जबरदस्ती से बॉस बल्ला सहित अन्य समान रखकर अतिक्रमित कर लिया गया.जिस कारण विद्यालय को संचालन में बाधित उत्तपन्न हो रही है.वही इस विद्यालय की अतिक्रमीत जमीन मुक्त कराने को लेकर विद्यालय के एचएम अनिल कुमार द्वारा लिखित आवेदन अंचल सीओ, प्रखंड़ शिक्षा पदाधिकारी एव पंचायत के मुखिया को देकर अतिक्रमण खाली कराने की गुहार लगाया है. वही विधालय के एचएम अनिल कुमार ने कहा कि विगत एक वर्ष से विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण करने से विद्यालय के छात्र,छात्राओं उस अतिक्रमित जमीन पर सरकार द्वारा लगाये चापाकल पर पानी पीने पर अतिक्रमणकारी द्वारा छात्र,छात्राओं बुरी तरह छड़ी से पीटते है.एचएम ने अतिक्रमणकरियो पर आरोप लगाया है कि गांव के प्रवुद्ध लोगो की बात नही मानकर सेवा निवृत्त शिक्षक एव उनके परिवार द्वारा विद्यालय की जमीन पर रखे बॉस बल्ला एव अन्य समान नही हटा रहे है.वही बीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि विद्यालय के एचएम द्वारा आवेदन मिलने के बाद दो दिन के अंदर विद्यालय जमीन की अतिक्रमण मुक्त करा दिया जाएगा।

अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगने लगा स्मार्ट मीटर

रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का कार्य का शुरू कर दिया गया है। इसका शुभारंभ सोमवार को रामगढ़वा सेक्शन में सहायक विद्युत अभियंता सुनील कुमार रंजन ने की। इस बाबत एसडीओ श्री रंजन ने बताया कि रक्सौल सबडिवीजन अंतर्गत रामगढ़वा सेक्शन में अगले छह महीने में सभी विद्युत उपभोक्ताओं को पूर्ण रूप से स्मार्ट मीटर युक्त करने का लक्ष्य है। जिसे हर हाल में ससमय पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान रामगढ़वा में सर्व प्रथम ए. के. पांडये के परिसर में स्मार्ट मीटर लगाकर इस अभियान की विधिवत शुरूआत की गई। मौके पर जेई म. गालिब, सुपरवाइजर तेज प्रताप सिंह सहित विद्युत विभाग से जुड़े अन्य मौजूद थे।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का किया गया शुभारंभ

बखरी, बेगूसराय। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बखरी के सभागार में एसडीएम सन्नी कुमार सौरव एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया। जिसके तहत निक्षय मित्र बनकर जेएमएस प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर दीपक कुमार के द्वारा टीबी रोगियों को पोषण पोटली दिया गया। एसडीएम सन्नी कुमार सौरव ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि भारत को 2025 तक टीबी मुक्त किया जाय। हाल ही में देश के प्रधानमंत्री के द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान लांच किया गया। इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए निक्षय मित्र योजना की भी शुरूआत की गई है। जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी अहम है। इसे सभी के सहयोग से ही खत्म किया जा सकता है। इस अवसर पर निक्षयमित्र बने जेएमएस मास्कॉन प्राइवेट लिमिटेड के दीपक कुमार ने बताया कि जीवन में कुछ नेक कार्य भी होना चाहिए। टीबी मरीजों की आर्थिक सहायता तो सरकार करती ही है। अगर हम सभी पोषण से संबंधित सहयोग करेंगे तो टीबी रोगियों की मुश्किलें कम हो जाएगी। साथ ही वह जल्द स्वस्थ हो सकते हैं।कार्यक्रम में कुल 20 टीबी मरीजों को निश्चय पोषण पोटली तथा पैड बैंक टीम के द्वारा महिला टीबी मरीजों को सेनेटरी नेपकिन दिया गया। मौके पर बीएचएम मनीष कुमार, बीसीएम सुमन कुमार, रणधीर कुमार, फार्मासिस्ट प्रभात कुमार, लैब टेक्नीशियन कमलेश कुमार आदि मौजूद थे।

बीडीओ के अध्यक्षता में बाढ़ एव सुखाड़ की पूर्व तैयारी को लेकर बैठक अयोजित

बाढ़ व सुखाड़ पर दिशा निर्देश दिये डीसीएलआर व बीडीओ प्रमुख

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के खजौली प्रखंड़ सभागार में वुधवार को बीडीओ मनीष कुमार के अध्यक्षता में बाढ़ एव सुखाड़ की पूर्व तैयारी को लेकर बैठक किया गया.इस बैठक के दौरान डीसीएलआर राकेश कुमार ने उपस्थित बीडीओ सीएचसी प्रभारी सीओ पशुपालन विभाग के डॉक्टर प्रखंड़ प्रमुख एव जनप्रतिनिधि से बाढ़ एव सुखाड़ पर चर्चा की.उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारी से बाढ़ पूर्व तैयारी की जानकारी ली.वही प्रमुख कुमारी उषा ने अपने कार्यकाल के दौरान पूर्व में बाढ़ के दौरान लोगो को राहत एव सुरक्षित स्थान तक पहुँचाने के बारे में जानकारी दी.वही सीओ मनीष कुमार ने बाढ़ से पूर्व तैयारी को लेकर स्थल निरीक्षण कर कटाव निरोधक कार्य सहित बाढ़ राहत केंद्र स्थल की जानकारी दी.वही कंहौली पंचायत के मुखिया अर्जुन सिंह ने कहा कि कंहौली तुरकाहा एव कंहौली हटिया के पास कमला नदी में कटाव स्थल पर स्थायी रूप से बोल्डर पिचिंग की मांग की.वही पंचायत समिति सदस्य श्रीनाथ नागमणि ने डीसीएलआर को बताया कि बाढ़ में राहत बचाव के नाम पर सही लोगो को राहत नही मिलकर गलत लोगो को राहत दिया जाता है.उन्होंने कहा कि प्रखंड़ क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ने से सुखाड़ पड़ने से सरकार द्वारा धोषित डीजल अनुदान किसान को सरल तरीके से देने की बात बताया. वही बीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि सरकार के आदेशानुसार बाढ़ से पूर्व कमला नदी के पूरव भकुआ, चतरा गोबरौरा उत्तरी,चतरा गोबरौरा दक्षिण पंचायत एव आंशिक रूप से प्रभावित चंद्रडीह पंचायत में वार्ड 6,7,8 एव कंहौली पंचायत में कंहौली तुरकाहा एव कंहौली हटिया चौक का स्थल निरीक्षण कर तैयारी कर ली गयी है. इस मौके पर प्रमुख कुमारी उषा, उप प्रमुख गुलशन आरा, सीएचसी प्रभारी डा. जोतीन्द्र नारायण,डा. निखिल कुमार, एमओ प्रणव प्रकाश, मुखिया अर्जुन सिंह,छठु पासवान, अमरेंद्र कुमार राय,पूर्व मुखिया अजय कुमार सिंह, राम विनय राय, पंसस श्रीनाथ नागमणि, पंसस ललन कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह,अमरेश कुमार सिंह, रघुबीर गरेड़ी,भूषण कुमार सहित सभी जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

कार्यवाहक कमांडेन्ट के निर्देश पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

18 वीं वाहिनी एस एस बी मुख्यालय राजनगर के द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय केवान परिसर में सशस्त्र सीमा बल सभी अधिकारियों एवं जवानों ने मिलकर आज पेड़ लगाने का कार्यक्रम आयोजन किया वही कार्यक्रम के दौरान 18 वीं बटालियन मुख्यालय राजनगर के निरीक्षक प्रशासन राजपाल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज जिस तरह से प्रदूषण में बेतहाशा वृद्धि हो रही है, उसी के अनुरूप पर्यावरण को बचाने हेतु हर मनुष्य प्राणी को पेड़ लगाना चाहिए। पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता लाने के लिए मनाया जाता है। इस कार्यक्रम के तहत इस कार्यक्रम के तहत समाज के लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए उत्क्रमित माध्य विद्यालय केवान परिसर में विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधा लगाया गया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्य को निरन्तर जारी रखा जायेगा।इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए सशस्त्र सीमा बल के पदाधिकारियों एवं जवानों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जिसमें अमरूद जामुन अशोक और महोगनी आदि के पौधे लगाए।सिंह ने बताया कि वृक्ष लगाने से पर्यावरण दूषित होने से बचेंगे मनुष्य द्वारा निकाली गयी जहरीली कार्बनडाइ ऑक्साइड को वृक्ष स्वयं शोषित कर जीवन दायी ऑक्सीजन देते हैं। इसलिए वृक्षों की रक्षा करना पौधों को लगाना महत्वपूर्ण कार्य हैं। वही इस मौके पर 18 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के मुख्य आरक्षी रामा शंकर ने बताया कि एक पेड़ सौ पुत्र के बराबर होता है।साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि पर्यावरण हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है क्योंकि कि पर्यावरण से हम सभी प्राणी भोजन पानी हवा प्राप्त करते हैं। इस प्रकार हमारे जीवन के गुणवत्ता हमारे पर्यावरण पर निर्भर करती हैं।इस लिए

संक्षिप्त खबरें

10 दिवसीय गोपालन तथा वर्मी कंपोस्ट उत्पादन प्रशिक्षण हुआ संपन्न

सदर मुंगेर। यूको आर सेटी के सभागार में पिछले 10 दिनों चल रहे गोपालन तथा वर्मी कंपोस्ट उत्पादन प्रशिक्षण सोमवार को संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण में शंकरपुर, का जो महतो, टोला, तौफिर , महुली एवं दरियापुर,,की कुल 33 महिला एवं 03पुरुष भाग ले रहे थे। प्रतिभागियों को प्रशिक्षक आकाश कुमार के द्वारा शिक्षण दीया गया। प्रशिक्षण की समाप्ति के बाद यूको आर सेटी के निदेशक गौतम कुमार, उद्योग विस्तार पदाधिकारी विंध्याचल कुमार के द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके श्री कुमार ने लोगों को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। आप सभी यहाँ पर से प्रशिक्षण लेने के बाद अपने अपने घरों में अपना कुटीर उद्योग लगाकर स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनेंगे। वही उद्योग विस्तार पदाधिकारी को संबोधित किए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए। क्रम में यु को आर सेटी के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

हवेली खड़गपुर। खड़गपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जुए के एक अड्डा पर छापामारी कर 64 हजार 300 नगद के साथ 3 जुआड़ी को गिरफ्तार किया है पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के मुंढैरी गांव में शेखर सिंह के घर में संचालित जुए के अड्डे पर प्रभारी थाना अध्यक्ष प्रीति कमल के नेतृत्व में छापेमारी की गई। पुलिस टीम ने महकोला निवासी कुंदन कुमार बड़ी मुंढैरी गांव निवासी सनी देवल तथा मुंढैरी गांव के वृंदावन कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त से 64 हजार 300के साथ ही 05 स्मार्टफोन एवं तीन ताश के गद्दी बरामद किया गया है। वहीं दो जुआड़ी भागने में सफल बताए गए हैं।

कर्तव्यहीनता के आरोप में एस आई निलंबित

हवेली खड़गपुर। पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय मुंगेर सूत्रों के अनुसार मुंगेर के आरक्षी अधीक्षक के अनुशंसा के आधार पर डीआईजी ने खड़गपुर थाना में पदस्थापित एसआई मनीष कुमार को कांडों के अनुसंधान में लगातार लापरवाही बरते जाने के कारण और अपराधियों पर चार्जशीट न्यायालय में समय पर समर्पित में नहीं करने के कारण अपराधियों को धारा 167 का लाभ मिलता रहा है जिससे कोर्ट से अपराधियों को जमानत मिल जाती है वही कर्तव्य के नाम पर मनीष कुमार के द्वारा खानापूर्ति की जा रही थी। वरीय अधिकारियों के निर्देश के बावजूद उनके कार्य शैली में कोई सुधार नहीं हुआ कर्तव्य के प्रति लापरवाह और वरीय अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने के मामले को एसपी ने गंभीरता से लिया और अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए डीआईजी को प्रतिवेदन भेज दिया । डीआईजी संजय कुमार ने एसआई मनीष कुमार को निलंबित कर दिया है।

थम गया नगर पंचायत के चुनाव प्रचार का शोर

मुंगेर। नगर परिषद खड़गपुर एवं नगर पंचायत असरगंज और संग्रामपुर में चुनाव प्रचार का शोर बुधवार की शाम थम गया। इससे पहले प्रत्याशियों ने अपने अपने चुनाव चिन्ह के साथ चुनाव प्रचार अभियान काफी तेज कर दिया । मंगलवार की देर शाम कई प्रमुख मुख्य पार्षद एवं उप मुख्य पार्षद पद के प्रत्याशियों ने चुनाव चिन्ह के साथ जुलूस सभा एवं जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट मांगे। ज्ञात हो कि पहली बार असरगंज और संग्रामपुर में नगर पंचायत में मतदाता मुख्य पार्षद उप मुख्य पार्षद तथा वार्ड पार्षद का चुनाव करेंगे । इधर खड़गपुर नगर परिषद में भी मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद प्रत्याशियों ने अपने दम पर मतदाताओं को रिझाने के लिए धनबल का खुले तौर पर प्रयोग किए हैं। कई मुख पार्षदों ने अपने स्तर से मतदाताओं को रिझाने के लिए कई स्थानों पर भोज भात का भी आयोजन किया।

दबिश देकर विदेशी शराब पुलिस ने किया बरामद

नाथनगर (भागलपुर)। शराब तस्करी करने वाले गिरोह सक्रिय रूप से क्षेत्र इलाके में अपना व्यापार चला रहा है। उक्त मामले को लेकर मधुसुदनपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दिग्घी गांव में दबिश देकर शराब की बरामदगी की है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि दिग्घी गांव क्षेत्र इलाके के एक घर में अवैध रूप से नशे के कारोबार चलाने की गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने छापेमारी कर घर में रखा एक उजले रंग की बड़े थैला से विदेशी शराब की बरामदगी की है। वही पुलिस ने थैले से विदेशी ब्रांड के रॉयल स्टैग 350 एमएल 10 बोतल, सिग्नेचर के 750 एमएल के दो बोतल विदेशी शराब को बरामद किया है। वही पुलिस को चकमा देकर तस्कर फरार होने में सफल रहा है। वही मौके पर मधुसुदनपुर थाना पुलिस छापेमारी के क्रम में एसआई राकेश कुमार, एएसआई सुरेश माली मौजूद थे।

पुल हादसे पर सूत्रों के हवाले से मिली बड़ी जानकारी

पुल ध्वस्त होने से पहले सिंगला कंपनी के सभी कर्मचारी और अधिकारी थे फरार.... आखिर क्यों?

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर) । विगत दिनों सुल्तानगंज स्थित अगुवानी पुल हादसे में एक बड़ी जानकारी सूत्रों के हवाले से निकल कर समाने आ रही है। सूत्रों की माने तो 1 सप्ताह पहले ही पूल में दरार आई थी, जिसके बाद हादसे के दिन रविवार की सुबह एसपी सिंगला कंपनी के द्वारा जानकर इंजीनियर की टीम को बुलाकर उक्त पुल का निरीक्षण कराया था, वही निरीक्षण के क्रम में इंजीनियर की टीम ने उक्त पुल के गिरने की आशंका जताई गयी थी, पुल निरीक्षण जांच के बाद से ही पुल पर काम कर रहे सभी कीमती मशीने और कर्मचारीयों को हटा लिया गया था। जबकि कम्पनी के द्वारा घटना के पूर्व से स्थल पर अवस्थित प्लांट से सभी कर्मचारी और इंजीनियर फरार हो जाना एक सवालिया चिन्ह देखने को मिल रहा है। हादसा विगत रविवार की देर शाम घटित हुई जबकि थी, जबकि प्लांट में कार्यरत इंजीनियर और कर्मचारी दोपहर में ही पुल निर्माण प्लांट की जगह को खाली कर फरार हो लिया था। उक्त मामले पर भाजपा के युवा नेता मृणाल शेखर ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उक्त निर्माण कम्पनी के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच हो जिससे सच्चाई आम लोगों के बीच निकल कर सामने आ सकें।

तीसरी मंजिल से गिरने पर मिस्त्री की मौत

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। कहते हैं न "सुरक्षा हटी और दुर्घटना घटी" ऐसा ही मामला भागलपुर जोगसर थाना क्षेत्र इलाके में दुर्घटना घटित होने का सामने आया है, जहां एक मजदूर बिना कोई सुरक्षा बेल्ट लगाए 40 फीट ऊची इमारत के ऊपर एक रस्सी से लटककर मजदूर काम कर रहा था और उसके हाथ से रस्सी अचानक छूट जाने पर उक्त मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि मजदूर तीन मंजिला इमारत में काम कर रहा था इसी क्रम में उसके हांथ से रस्सी छूट गई और वह जमीन पर धड़ाम से गिर पड़ा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। अब सवाल यह उठता है कि यह तो अपने परिवार के लिए कमाने आया था, लेकिन यह क्या हो गया? शायद सुरक्षा रहती तो ऐसी घटना नहीं घटित होती। जोगसर थाना क्षेत्र के कृष्णम अपार्टमेंट में काम कर रहे पलंबर मिस्त्री रोशन कुमार की तीसरी मंजिल से गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अपार्टमेंट के गार्ड और अपार्टमेंट के सेक्रेटरी के द्वारा पलंबर मजदूर को त्वरित इलाज के लिए आनन फानन में मायागंज अस्पताल लेजाया गया।

जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। मृतक पलंबर मजदूर सजौर थाना क्षेत्र के किशनपुर अमखोरिया इलाके का रहने वाला बताया जा रहा है, जहां अपार्टमेंट के तीसरी मंजिल पर रस्सी के सहारे पलमबरिंग का काम कर रहा था। वही अचानक हाथ से रस्सी छूट जाने के कारण पलंबर नीचे जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। वही घटना की जानकारी मिलते ही जोगसर ओपी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर घटना की जांच में जुट गई हैं। वही दूसरी तरफ मृतक मजदूर के परिजन व सहयोगियों ने अब सवाल खड़े कर दिये हैं कि अपार्टमेंट में सुरक्षा मानकों का प्रयोग नहीं किया और काम कराया जा रहा था, वहां पर मजदूर की जीवन रक्षा व सुरक्षा को लेकर तनिक भी ध्यान नहीं दिया गया। जिसके कारण घटना घटित हुई और मजदूर की मौत हो गई। वहीं घटना के बाद से आहत हुए परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही पुलिस ने मृतक मजदूर के परिजनों के लिखित फर्द बयान के आधार पर कागजी कार्रवाई पूरी कर मृतक मजदूर के शव का पोस्टमार्टम कराने की कवायद में जुट गई हैं।

श्रावणी मेला आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने क्षेत्रों का लिया जायजा

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला इस साल करीब 19 साल बाद मलमास के कारण 2 माह तक चलेगा, यह श्रावणी मेला 4 जुलाई से प्रारंभ होगा और 31 अगस्त को समाप्त होगा। इस साल कुल 8 सोमवार व्रत रखे जाएंगे, जिसको लेकर भागलपुर जिला प्रशासन सुल्तानगंज में कांवरियों के आने के लिए कई सुविधाओं के साथ अन्य सुविधा की भी मुकम्मल व्यवस्था कर रही है, जिसमें बिजली, पानी, शौचालय, व ठहरने की सुविधा से लेकर कई मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान रखा जा रहा है। इसी बाबत जिला पदाधिकारी कुमार अनुराग ने जिला एवं विभाग के सभी अधिकारियों के साथ सुल्तानगंज के अजगैवी नाथ धाम गंगा घाट का निरीक्षण किया। उसके बाद कच्ची कांवरिया पथ का भी निरीक्षण किया, साथ ही सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। जिससे कांवरियों को किसी तरह की परेशानियों का सामना ना करना पड़े, उक्त बिंदु पर समीक्षा की गई। वही जिला पदाधिकारी कुमार अनुराग ने बताया कि इस साल का श्रावणी मेला काफी ऐतिहासिक होगा, कांवरियों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी, किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो उसके लिए सुरक्षा गार्ड, वॉलिंटियर्स, तैनाती की जा रही हैं, साथ ही सीसीटीवी कैमरे के अलावा कावड़ियों के सुविधाओं के मद्देनजर टोल फ्री नंबर भी जारी किया जाएगा।

उस पर संपर्क कर कांवरिया अपनी परेशानियों को साझा कर सकेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि कच्ची कांवरिया पथ निर्माण सह मरमती कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है जल्द ही इसे दुरुस्त कर लिया जाएगा।

पूल हादसे के बाद लापता गार्ड के परिजनों से मिलने पहुंचे : जाप सुप्रीमो

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। सुल्तानगंज अगुवानी पूल का बड़ा हिस्सा गिरने व गार्ड के लापता होने के बाद जाप सुप्रीमो पप्पू यादव अपनी सहयोगी दल के साथ अगुवानी घाट पहुंचे, जहां पुल के गिरे हुए हिस्सों को देखा साथ ही लापता गार्ड के परिजनों से मिले वही उन्होंने मौके पर गार्ड विभाष यादब की पत्नी को आर्थिक सहायता के रूप में 20 हजार रुपया सौंपा है। वहीं पप्पू यादव ने एसडीओ को फोन कॉल कर जल्द से जल्द गार्ड को तलाशने की बात कही, साथ ही कहा अगर वो मलबा में दबे है तो उनका शव निकाला जाए। इस दौरान उन्होंने पूल निर्माण एजेंसी एसपी सिंगला कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने व एफआईआर कर कड़ी सजा देने की मांग की है। जाप सुप्रीमो पप्पू यादव ने अगवानी पुल ध्वस्त होने को लेकर किसे जिम्मेदार ठहराया और गार्ड विभास यादव के परिजनों से मुलाकात की। वही उन्होंने एसपी सिंगला कम्पनी को लेकर कहा कि पुल निगम से जुड़े जानकार बताते हैं कि कम्पनी के पास कोई ठोस एसेट्स व टेक्नोलॉजी रहित संसाधन नही है उक्त कम्पनी के पोप्राइटर द्वारा बेगूसराय से अपने वर्किंग एसाइनमेंट की शुरूआत कुछ लोगों को अपने साथ मिला कर कम्पनी को राजनीतिक दलों के लोगों के हिमायती बन कर छोटे छोटे कार्यों को करते हुए बड़े बड़े ठेके पर कार्य करने लगे थे। वही उन्होंने बताया कि उक्त कम्पनी के द्वारा जितने भी निर्माण कार्य किये गए है सभी कार्यों पर एक जांच की शुरूआत हो कैसे एक छोटी कम्पनी को निर्माण कार्य का टेंडर जारी हुआ और कैसे इतने बड़े निर्माण कार्य में जुड़ाव हुआ है, ये सब जानकारी मिल सकती हैं। वही उन्होंने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ सजा दिलाने की बात कही है।

निगम परिसर में लगा जनता दरबार

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। नगर निगम परिसर में जनमानस की समस्या निदान के लिए जनता दरबार लगाया गया। इस तपती धूप व उमस भरी गर्मी में भी लोग अपनी फरियाद को लेकर कई वार्ड से जनता दरबार में अपनी समस्या के समाधान की फरियाद लगाने पहुंचे है। जहां भागलपुर की मेयर डॉ. वसुंधरा लाल ने बारी बारी से जिले भर से आए हुए फरियादी की फरियाद सुनकर उनके निराकरण के आश्वासन दिया है। वही उन्होंने कहा विगत दिनों में लगाये गए जनता दरबार में हम लोगों ने विभिन्न वार्डो से आये हुए 39 मामले को देखा व सुना था जिसमें कई मामले का निष्पादित किया गया हैं, कुछ मामले शेष रह चुके हैं उसे मोबाइल से संपर्क कर बता दिया गया है, आगे भी इसी तरह से मामले की सुनवाई कर ऊक्त मामले का निष्पादन कार्य जारी रहेगा। वही उन्होंने कहा कि हम लोगों का मुख्य उद्देश्य है पूरे शहर में जिन्हें भी निगम से संबंधित किसी तरह की परेशानी हो उसे जल्द से जल्द निराकरण कर निगम कार्यशैली को दुरुस्त कर आम लोगों के बीच एक विश्वसनीय निगम की नींव रखने की जायेगी। जिससे हमारा शहर भी स्वस्थ रहें और स्वच्छ रहें के स्लोगन पर खड़ा हो सकेगा।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेर के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किसान गोष्ठी तथा पौधारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान के वरिय वैज्ञानिक सह प्रधान मुकेश कुमार ने की ।वही कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान मुकेश कुमार, डॉ विनोद कुमार ,डॉ अशोक कुमार आईटीसी प्रतिनिधि एवं किसान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किए ।वही अपने संबोधन में श्री मुकेश ने आए हुए विभिन्न संस्थान एवं किसानों का स्वागत किए और कहे कि इस भीषण गर्मी में भी आप लोगों ने जो इस कार्यक्रम में भाग लिए इसके लिए मैं शुक्रगुजार हूं। वही किसान गोष्ठी में डॉ विनोद ने प्राकृतिक खेती के महत्व एवं तकनिकीयो को बारीकी से जानकारियां दिए। वहीं डॉ अशोक कुमार ने कृषि अभियंत्रण वैज्ञानिक द्वारा विभिन्न मंत्र की जानकारियां दिए जो पर्यावरण को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वही प्रह्लाद कुमार द्वारा वर्मी कंपोस्ट उत्पादन की तकनीकी खाद उत्पादन की जानकारियां दिए। कार्यक्रम में उपस्थित विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कुल 125 किसानों ने भाग लिया तथा श्री मुकेश द्वारा इन्हें पौधा लगाने हेतु पौधा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारी कौशल किशोर, प्रेम मौर्य, धर्मेंद्र कुमार, मालती देवी, भरत प्रसाद साह ,राजेंद्र पंडित, सहित सभी कर्मी उपस्थित रहे।

आम बगीचे में लगे आम फल को तोड़ा, ग्रामीणों ने जमकर किया विरोध

प्रात : किरण संवाददाता

नाथनगर (भागलपुर)। सदर एसडीओ के निर्देश के आलोक में नाथनगर अंचलाधिकारी के नेतृत्व में श्रीरामपुर मौजा के एक एकड़ 65 डिसमिल पुरानी परती जमीन पर लगे 70 आम के फलदार पेड़ के आम को प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट के मौजूदगी में आम के फल को तोड़ने की कवायद में जुटी। वही मामले को लेकर बताया जा रहा है कि आम के पेड़ पर लगे आम को तोड़ने में जिला प्रशासन की टीम को ग्रामीणों के लोगों द्वारा विरोध का सामना करना पड़ा है। वही मामले को लेकर स्थानीय नाथनगर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां स्थानीय लोगो ने जमकर विरोध किया । इसी बावत स्थानीय ग्रामीण लोगो ने कहा कि ये हमलोगों का पुस्तैनी आम का बगीचा है, जिसकी रसीद नही कटाने पर बगीचा जबरन बिहार सरकार की हो गई है, जिसको लेकर न्यायालय में टाइटल शूट चल रहा है और इसी माह के आठ जून को उक्त जमीन को लेकर न्यायालय द्वारा सुनवाई होनी है। वही स्थानीय इलाके के ग्रामीण सुनील कुमार ने बताया कि मन्सू गोप, खन्तर मंड़ल और बलदेव मंडल के नाम से जमीन है, जिस पर दखलदारी को लेकर कुल 38 परिवार शामिल है। वही मामले को लेकर नाथनगर सीओ स्मिता झा के नेतृत्व में बगीचे में लगे आम के फल को जबरन जिला प्रशासन के निर्देश पर बल पूर्वक आम के फल को तोड़वा लिया गया है। वही मामले को लेकर नाथनगर सीओ स्मिता झा ने बताया कि सदर एसडीओ के आदेशानुसार मजिस्ट्रेट की तैनाती में आम के फल को तोड़ा गया है, जिसके बाद जिला प्रशासन के द्वारा गठित टीम के निगरानी में आम के फल का मूल्यांकन दर कर फल का नियमानुसार नीलामी की जाएगी। इस दौरान नाथनगर अंचल की राजस्व कर्मचारी बीणा कुमारी, नाथनगर थाना के एसआई प्रतिमा कुमारी और दिव्या कुमारी के अलावा दो बज्रा पुलिस टीम के साथ साथ स्थानीय पुलिस टीम मौके पर मोहजूद थे।

लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया जोड़दार स्वागत

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष बिहार सह गोपालगंज के पूर्व विधायक राजू तिवारी का भागलपुर आगम होते ही पार्टी के कार्यकताओं ने फूल माला व पुष्पगुच्छ देकर उनका जोड़दार स्वागत किया। जहां उन्होंने 2024 की तैयारी को लेकर कई प्रखंडों से आए हुए कार्यकताओं व पदाधिकारियों को समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान उन्होंने पार्टी के विकास व जनसंपर्क अभियान को लेकर कई बिंदुओं पर वार्ता की। वही उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी किसी भी हालत में नीतीश कुमार के साथ नहीं रहेगी, क्योंकि वह पूर्णरूपेण भ्रष्ट हैं। वह बिहार को बर्बाद कर चुके हैं, 2024 का चुनाव हम लोग भारी बहुमत से जीतेंगे, और बिहार को नया स्वरूप देंगे। वही प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार जब से महागठबंधन की सरकार में शामिल हुए हैं तब से और भी ज्यादा रूप ले भ्रष्टाचार बढ़ता चला जा रहा है, जिसका जीता जागता नमूना सुल्तानगंज अगवानी पुल का ताश के पत्ते की तरह जलमग्न हो जाना है। वही बैठक में पूर्व उप महापौर सह जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अमर कुशवाहा, प्रदेश महासचिव संगीता तिवारी, प्रदेश महासचिव अभिषेक आनंद व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी सुरेश भगत के अलावे कई पार्टी के अधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

भाजपा युवा मोर्चा ने महाजनसंपर्क अभियान को लेकर की प्रेसवार्ता

9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को लेकर लोगों के बीच जाने की कही बात

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। केन्द्र सरकार के नेतृत्व में 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा भागलपुर द्वारा महाजनसंपर्क अभियान को लेकर एक प्रेसवार्ता की। इस दौरान के बांका के विधायक सह पूर्व मंत्री बिहार सरकार रामनारायण मंडल और छातापुर विधायक पूर्व मंत्री बिहार सरकार के नीरज सिंह बबलू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 साल अपने कार्यकाल को पूरा किया और उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान पूरे देश में विकास का परचम लहराया है, चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, शौचालय व सड़क के क्षेत्र में हो या फिर धार्मिक उत्थान के क्षेत्र में हो, नरेंद्र मोदी ने भारत को एक अलग पहचान दिलाई है, और एक विकासशील राष्ट्र बनाया है। कोरोना काल में कोरोना के 220 करोड़ डोज भारत में तैयार करने की दिशा में लोगों के जीवन रक्षा को लेकर स्वास्थ्य जगत में एक बेमिसाल व बेहतर काम किया, वही जब रूस यूक्रेन के युद्ध में फंसे छात्रों को अपने देश सुरक्षित लाया गया था, वही श्री राम मंदिर का निर्माण भी तेज गति से चल रहा है 2024 में आम लोगों के लिए यह मंदिर का पट खुल जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि देश के कुशल नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिनके चरण दूसरे देश के प्रधानमंत्री भी छूटे हैं साथ उन्होंने कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र हो या रक्षा का क्षेत्र इसमें भी देश में सर्वाधिक विकास हुआ है, साथ ही उन्होंने नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि उनके भ्रष्टाचार का खुला दृश्य सुल्तानगंज अगुआनी पुल का नजारा आप देख पा रहे हैं किस तरह वह पानी में जलमग्न हो गया है। वहीं बांका के विधायक रामनारायण मंडल ने कहा नीतीश कुमार की सरकार भ्रष्टाचार से लिप्त होती चली जा रही है, नितेश कुमार कटोरा लेकर मुख्यमंत्री बनने का काम करते हैं, ढोल बजाकर वह अपना प्रचार खुद करते हैं कि मैं नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बनने वाला हूं, ऐसी स्थिति में वह पेंडुलम बनकर रह जाएंगे, ना इधर के रहेंगे ना उधर के रह पायेंगे। वही उन्होंने सुल्तानगंज अगवानी फूल ध्वस्त होने पर भी भड़कते हुए उन्होंने नीतीश कुमार के इस महागठबंधन की सरकार को दोषी ठहराया। इस दौरान बांका विधायक सह पूर्व मंत्री बिहार सरकार रामनारायण मंडल, छातापुर विधायक सह पूर्व मंत्री बिहार सरकार नीरज सिंह बबलू, जिला अध्यक्ष संतोष कुमार, जिला अध्यक्ष भाजयुमो चंदन ठाकुर के अलावे कई सदस्य मौजूद थे।

मालदा डिवीजन के डीआरएम भागलपुर आगमन के साथ अधिकारियों संग की कई बिंदुओं पर वार्ता

भागलपुर। मालदा डिवीजन के डीआरएम विकास चौबे भागलपुर स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने कई अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। वही डीआरएम विकास चौबे ने कहा कि हमारा पहला उद्देश्य है, यात्रियों को सुरक्षा के साथ सफल यातायात कराना एवं मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना, उक्त सुविधा व व्यवस्था के मद्देनजर कई बिंदुओं पर हम लोगों ने हद तक काम कर रखा है, अब उसे जमीनी स्तर पर जल्द से जल्द उतारने की जरूरत है। वही रेलवे के कई अधिकारियों के साथ उन्होंने रेलवे यार्ड, टिकट काउंटर, बिजली की समुचित सुविधा के साथ साथ पानी की व्यवस्था व साफ-सफाई, लिफ्ट के अलावा अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा की। डीआरएम ने उड़ीसा के ट्रेन दुर्घटना को दोहराते हुए कहा कि उस घटना से हमें सीख लेनी चाहिए, और हमें कई बिंदुओं पर परहेज करनी चाहिए, जिससे किसी तरह की दुर्घटनाएं सामने फिर से ना दोहराई जाए, मालदा डिवीजन के डीआरएम ने भागलपुर के अलावे कई स्टेशनों पर पहुंच कर सुविधाओं व यात्रियों की समुचित व्यवस्था का जायजा लिया है वही उन्होंने आगामी श्रावणी मेले में कांवड़ियों की सुविधा के मद्देनजर सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया। वही निरीक्षण के दौरान रेलवे के कई अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

प्रतिकार सभा का किया आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। विगत दिनों उड़ीसा राज्य में घटित ह्रदय विदारक भयानक रेल दुर्घटना की चीत्कार अभी भी जारी है, लेकिन इसी बीच ह्रदय स्थल स्थानीय सैंडिस कंपाउंड मैदान परिसर में बने नये स्विमिंग पुल में एक युवक की मौत और फिर अगवानी पुल तास के पत्ते की तरह ढह जाना घोर प्रशानिक लापरवाही और विफलता का संकेत है।

बीते दिनों में इसके प्रमुख ज़िम्मेदारी लेते हुए संबंधित लोग इस्तीफा देते हुए दिखते थे, लेकिन आज इसकी ज़िम्मेदारी सिर्फ कमजोर और लाचार कर्मचारी पर थोपा जा रहा है। इसी बाबत जीवन जागृति सोसायटी के द्वारा प्रतिकार सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए और अपनी प्रतिक्रिया दी । जिनमे मशहूर आरटीआई कार्यकर्ता अजीत सिंह, बोधी ट्रस्ट के प्रमुख एडवोकेट सुनील कुमार, समाजिक एक्टिविस्ट बाबुल विवेक, संदीप दुबे, राज सिंह एवम अन्य लोगों ने अपने उद्गार व्यक्त किए। वही उपस्थित लोगों ने कहा कि सुलतानगंज के पुल टूटने और भागलपुर के स्विमिंग पूल में युवक की डूबने से हुई मौत के तह तक हम पहुंचेंगे और फिर आम जनता और प्रेस के समाने जो तथ्य होंगे, उसको रखेंगे। इन दुर्घटनाओं के शीर्ष पर बैठे अधिकारियों व मंत्रियों को इसकी ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए और जांच के उपरांत दोषियों में सिर्फ साधारण कर्मचारी ही नहीं वल्कि शीर्ष पदों पर आसीन व्यक्ति भी दोषी करार घोषित किया जाय जिससे लोगों के बीच हकीकत सामने आ सकें।

कालाजार उन्मूलन को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

पूर्णिया । कालाजार बीमारी में बुखार, वजन घटाने, एनीमिया के साथ ही पेट का बड़ा आकार बढ़ने की विशेषता है। यह बीमारी काफी हद तक गरीबों के बीच देखने को मिलती है। डीएनडीआई के द्वारा रेफरल अस्पताल रुपौली के सभागार में कालाजार बीमारी के मुख्य लक्षण, बचाव और उसके उपचार को लेकर जागरूक करने के उद्देश्य से आशा कार्यकर्ता एवं आशा फैसिलिटेटर के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीरज कुमार, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक कुंदन कुमार, डब्ल्यूएचओ के बीएम कुमुद कुमार चौधरी, वीबीडीएस रूपेश कुमार, बीएचडब्ल्यू अशोक कुमार मालाकार, डीएनडीआई के संचालन प्रमुख अमित मल्लिक और राज्य सलाहकार डॉ गौरब मित्रा, आईईसी बिहार के समनवयक राज किशोर राय, सिफार के धर्मेंद्र रस्तोगी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद मंडल ने बताया कि बिहार में कालाजार जैसी बीमारी को जड़ से मिटाने के उद्देश्य से कार्य करने वाली डीएनडीआई संस्था के द्वारा जिले के अनुमंडलीय अस्पताल धमदाहा एवं बनमनखी, बी कोठी, के नगर, कसबा, जलालगढ़, अमौर एवं रुपौली में प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षित कर जागरूक किया जा रहा है। ताकि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्हें किसी और को जागरूक करने में कोई कठिनाई नहीं हो। पोस्ट कालाजार डर्मल लीशमैनियासिस (पीकेडीएल) और विसरल लीशमैनियासिस (वीएल) के इलाजरत मरीजों को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में रोगियों की जांच, इलाज एवं रहने या भोजन की व्यवस्था पूरी तरह से निःशुल्क है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीरज कुमार ने आशा कार्यकर्ता एवं आशा फैसिलिटेटर को संबोधित करते हुए कहा कि कालाजार के मरीजों में 15 दिन से अधिक बुखार आना, वजन कम होना, चेहरे के रंग काला होना और पेट का बड़ा आकार होना मुख्य लक्षण हैं। कालाजार रोग से संबंधित लक्षण की पहचान जब तक नहीं होगी तब तक उसका उपचार करना मुश्किल होगा। जिसको लेकर कालाजार से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।

डीएनडीआई के संचालन प्रमुख अमित मल्लिक ने कहा कि कालाजार के लक्षण और बचाव को लेकर जिले के विभिन्न अस्पतालों में आशा कार्यकर्ता एवं आशा फैसिलिटेटर को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

खाना बनाने के दौरान गैस रिसाव से लगी आग,भाई बहन झुलसे

आरा।जिले के कोइलवर नगर पंचायत के वार्ड चार स्थित बलिराज यादव के घर में खाना बनाने के क्रम में गैस रिसाव से अचानक आग लग गई। जिस कारण भाई बहन गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि बीती रात करीब 9 बजे बलिराज यादव की सत्रह वर्षीय पुत्री सीमा कुमारी गैस पर खाना बना रही थी। इसी बीच गैस रिसाव होने के कारण आग पकड़ लिया व घर में आग धु-धु कर जलने लगा। आग के चपेट में आकर सीमा कुमारी भी जलने लगी। सीमा को जलते देख भाई नन्दू यादव अपनी बहन को बचाने गया।जिस कारण नन्दू भी जल गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आग से जले दोनो भाई-बहन को कोइलवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु ले गए। जहाँ पर प्राथमिक उपचार कर दोनों भाई बहन को पटना रेफर कर दिया गया। जख्मी के परिजनों ने बताया कि खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर लिकीज होने की वजह से ये घटना हुई है। समाचार लिखे जाने तक लड़की की हालत नाजुक बनी हुई थी।

विभिन्न अल्ट्रासाउंड केंद्र पर अनियमितता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

गया।अनुमंडल पदाधिकारी, सदर गया राजेश कुमार द्वारा दिनांक 07.06.2023 को वजीरगंज प्रखंड अंतर्गत नारायण अल्ट्रासाउंड की जॉच की गयी एवं फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत गौतम अल्ट्रासाउंड, भारत अल्ट्रासाउंड, सौरभ अल्ट्रासाउंड, पल्लवी अल्ट्रासाउंड एवं ओम साई अल्ट्रासाउंड और बालाजी अल्ट्रासाउंड की जाँच की गयी है।बुधवार के जाँच केक्रम में सौरभ एवं पल्लवी अल्ट्रासाउंड बंद पाया गया है।जॉच के समय ओम साई अल्ट्रासाउंड का बोड लगा हुआ था, परन्तु उसके स्थान पर बालाजी अल्ट्रासाउंड का संचालन किया जा रहा था। बालाजी अल्ट्रासाउंड के जॉच के क्रम में पाए गए अनियमितता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की गयी है।

सड़क दुर्घटना बीमा योजना के तहत शीघ्र मुआवजा राशि दिया जाय : सत्येन्द्र रंजन

अरवल: जिले के कुर्था थाना अंतर्गत ग्राम कोदमरई गाँव निवासी स्वर्गीय छोटन पासवान के पुत्र नंद किशोर पासवान के देवकुंड धाम पर विवाह कर घर लौटने के क्रम में पिकप वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो जाने के उपरांत दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गईं एवं लगभग 15 लोग घायल हुए, इस हादसे को लेकर अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने सदर अस्पताल पहुंचकर घायलों का कुशल क्षेम जाना और मृतक के प्रति गहरा दुःख ब्यक्त करते हुए संवेदना प्रकट की, उन्होंने कहा कि मृतक के दिवंगत आत्मा के ईश्वर शांति प्रदान करे और इस दुःख की घड़ी में मृतक के शोकाकुल परिवार को साहस एवं धैर्य धारण करने की ईश्वर शक्ति प्रदान करे। जिलापदाधिकारी वर्षा सिंह से मांग करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि घायलों को सरकारी स्तर पर निःशुल्क ईलाज कराने के साथ मृतक के परिवार को सड़क दुर्घटना बीमा के अंतर्गत मुआवजा राशि शीघ्र दिया जाय।

किसानों का मक्का बेचकर फरार हुआ व्यापारी, भूखे मर रहे किसान

पूर्णिया/ कसबा। कस्बा प्रखंड के ग्राम पंचायत भमरा लागन के छोटे बड़े किसानों ने बताया कि उनका मक्के का फसल बेचकर गांव के ही एक व्यापारी रुपया लेकर फरार हो गया है।मामला प्रकाश में तब आया जब किसानों ने अपना अपना रुपया का मांग किया। उक्त किसानों के फसल खरीदना और बेचने के क्रम में तीन दोस्त मिलकर काम कर रहा था।उक्त मामले में मोहम्मद मन्नान ने अपने बिजनेस पार्टनर मोहम्मद मोहित दोनों ही मिलकर अपने एक और अन्य सहयोगियों के साथ गांव से मक्का खरीद कर गुलाबबाग के निजी कंपनी को बेचकर रुपया चेक के माध्यम से किसान को देने का काम किया करता था।सभी साथी ने मिलकर छोटे बड़े किसानों से मोटी मोटी रकम के अनाज कंपनी को बेचकर रुपया लेकर फरार हो गया।गांव के लगभग 24 किसानों ने कस्बा थाना को एक लिखित शिकायत बिजनेस पार्टनर के सहयोग से दिया।गांव से किसानों का फसल मोहम्मद मन्नान खरीदता और अपने साथी के सुपुर्द कर देता था।उनके अन्य साथियों ने मिलीभगत कर निजी कंपनी से मक्का बेच कर मोटी रकम लेकर फरार हो गया है। गांव के किसानों ने कस्बा थाना को एक लिखित शिकायत दी है। कई किसानों ने फसल बेचकर अपनी बेटी की शादी करने की तैयारी में थे।कई किसान भुखमरी के कगार पर है और वह आत्मदाह करने को विवश देखे जा रहे हैं।सभी किसानों ने एकजुट होकर कस्बा पुलिस प्रशासन से इंसाफ की गुहार लगाई है।

जनविरोधी निर्गत पत्र को निरस्त करें अपर मुख्य सचिव : जिला परिषद

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिला परिषद के सदस्यगण पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह के द्वारा जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। धरना की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष आशा देवी ने किया व संचालन आरा पश्चिमी के जिला पार्षद भीम यादव ने किया। अध्यक्षता करते हुए जिप अध्यक्ष आशा देवी ने कहा कि अपर मुख्य सचिव के द्वारा जारी दिशा निर्देश का अनुपालन जनविरोधी होने के कारण भोजपुर सहित प्रदेश में जिला परिषद के माध्यम से होने वाले विकास कार्य पूर्णतः ठप हैं तथा राशि का व्यय बिल्कुल ही नहीं हो पा रहा है। भोजपुर जिले समेत पूरे बिहार राज्य की वस्तुस्थिति यह है कि विकास मद से पर्याप्त राशि की उपलब्धता के बावजूद विकास कार्य ठंढे बस्ते में पडा.हुआ हैं। वही जिप उपाध्यक्ष लाल बिहारी सिंह ने कहा कि अपर मुख्य सचिव के द्वारा जारी पत्र में अभिकर्ता के माध्यम से कार्य कराने का निर्देश दिया गया है अभिकर्ता के माध्यम से कार्य कराना कतई संभव नहीं है क्योंकि जिला परिषद में सरकारी कर्मचारियों की भारी कमी हैं। निर्गत पत्र में यह भी कहा गया है कि पी एफ एम एस या सीएफएमएस के माध्यम से मजदूरों के खाता में मजदूरी का भुगतान किया जाएगा जो कि जनता और प्रतिनिधियों के बीच आपसी मनमुटाव कराने की घोर साजिश हैं।

इस धरना के माध्यम से अपर मुख्य सचिव से कहना है कि निर्गत पत्र का पुनः अवलोकन करते हुए आंशिक संशोधन करने की नितांत आवश्यकता है ताकि जिले का विकास तीव्र गति से हो सके। अन्यथा हमारी मांगों पर विचार नहीं किया जाता है तो हम सभी सदस्यगण अनिश्चितकालिन आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। धरना को संबोधित करने वालों में पूर्व जिप अध्यक्ष सह जिप सदस्य फुलवंती देवी, आरती देवी, जिप्सा आनंद, मीना देवी, पुजा सिंह, मंजु देवी, बेबी देवी, उर्मिला देवी, सुशीला देवी, कृष्णा देवी, आशा देवी, गंगाधर पांडेय, मो मुस्लिम,धनंजय यादव, जितेन्द्र सिह, रविन्द्र रजक,गिरीश नंदन राय, सोनू रजक, सर्वजीत सिंह, मो इमामुद्दीन, लक्ष्मण सिंह आदि थे।

समर कैंप के दौरान बच्चों में दिखा उत्साह

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोइलवर के एक मात्र आवासीय विद्यालय आरपीपीएस स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को आरा से आये शिक्षकों द्वारा उन्हें अलग-अलग विषय मे गुरु मंत्र दिए जा रहे हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक समर्पित भाव से बच्चों के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं।

अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ बच्चों को खेल-कूद, नृत्य-संगीत, मेहंदी, ब्यूटीशियन, पेंटिंग, हैंडीक्राफ्ट समेत कई एक्स्ट्रा एक्टिविस्ट करवाया जा रहा है ताकि उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास हो सके।आरपीपीएस के निदेशक रविकांत राय ने समर कैंप का उद्घाटन फीता काटकर किया। उन्होंने स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। इसलिए इस वर्ष से हमारे स्कूल में भी अब समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। हमारी कोशिश है कि इस समर कैंप के दौरान बच्चों को एक खुशनुमा माहौल में उनकी प्रगति का मार्ग प्राप्त हो सके। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार सिंह की देख-रेख में समर कैंप का संचालन किया जा रहा है।

झोपड़ी में लगी आग, 6 मवेशी जले 4 बुरी तरह जख़्मी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार थाना के अमेहता पंचायत के बसडीहां गाँव मे बुधवार को दोपहर में श्रीभगवान पासवान के मड़ई में अचानक से आग लग गयी, जिसमें 6 मवेशी बुरी तरह जल कर मर गयी। मेरी हुई मवेशियों में 6 बकरी हैं जबकि बुरी तरह घायल मवेशियों में एक बकरी का बच्चा और 3 भैंस शामिल है।

मिली जानकारी के अनुसार श्रीभगवान पासवान के भाई कमला पासवान अपने एक हित के साथ अपने घर के पीछे स्थित मड़ई में सोए हुए थे। बीती रात बारात से वापस आने के बाद वे दोपहर में अपने मड़ई में सो रहे थे। गांव के पच्छिम दिशा में इनका मड़ई है। दोपहर लगभग 1।30 बजे के आसपास इनके मड़ई से आग की लपटें जब आसपास के ग्रामीणों ने देखा तो वे मड़ई की ओर दौड़े जहाँ मवेशी भी बंधे हुए थे। ग्रामीणों ने कमला पासवान और उनके साथ सोये व्यक्ति को मड़ई में बेफिक्र सोते देखा तो उन्हें जगाया। नींद से हड़बड़ा कर उठे कमला पासवान इससे पहले कि कुछ समझ पाते, आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों के सहयोग से आग को बुझा तो लिया गया लेकिन इस बीच मवेशी बुरी तरह आग में झुलस कर मर गए। हल्ला की आवाज सुनकर श्रीभगवान पासवान भी बाहर आये तो उन्होंने यह विकराल नजारा देखा। कमला और उनके हित तो बच गए लेकिन उनके मड़ई की शोभा बढ़ाने वाले मवेशी जलकर मड़ई को वीरान कर गए। आगलगी की इस घटना ने सबको अवाक कर दिया है। मड़ई में लगी आग की धाह से मड़ई के पास स्थित श्रीभगवान पासवान के ही एक अन्य भाई धनजी पासवान का घर भी इस आग की चपेट में आ गया है। हालांकि यहाँ किसी तरह के जानमाल का नुकसान तो नही हुआ है लेकिन कुछ कपड़े और कुछ घरेलू सामान जलकर खाक हो गए हैं।

श्रीभगवान पासवान अपने दो भैंसों को बेचने के लिए अभी 2-4 दिन पहले ही सौदा किये थे। भैंसों की आग से झुलसी स्थिति को देखकर उनके मुंह से आवाज नही निकल रही है। बच्चे हुए मवेशी भी इतनी बुरी तरह जल गए हैं कि उनका बचना मुश्किल लग रहा है। आगलगी की घटना कैसे हुई अभी तक कुछ पता नही चल पाया है। ग्रामीणों की जमात इस घटना पर घटना स्थल पर है जो आहत परिवार को ढांढस बंधाने में लगे हुए है। घटना की सूचना अगिआंव बाजार थाने को दे दी गयी है। अगिआंव बाजार प्रभारी ने बताया कि मवेशियों का प्राथमिक इलाज कराया जा रहा है। आग की घटना खाना बनाने के क्रम में चिंगारी के उड़ने से हो सकता है। किसी तरह के शॉट सर्किट की घटना नही है।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का हुआ उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

गया।बाल विकास परियोजना, गुरारू में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मिलेट कार्यशाला का उद्घाटन जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, गया एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, गुरारू द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। जिसमें सभी कर्मी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एवं पोषण ट्रैक्टर में बेहतर प्रदर्शन करने वाली सेविकाओं, महिला पर्यवेक्षिका ,डाटा ऑपरेटर एवं प्रखंड समन्वयक को जिला प्रोग्राम पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया एवं बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा की गई है।जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा ढटटश योजना में सरकार द्वारा किए गए परिवर्तन के बारे में बटाया गया है। इसके साथ ही पोषण ट्रैकर एप पर सभी इंट्री शत-प्रतिशत करने हेतु निर्देशित किया गया है। राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना जिसका मुख्य उद्देश्य कन्या जन्म को प्रोत्साहित करना एवं उनके बेहतर विकास को प्रेरित करना है। लाभुकों को शत-प्रतिशत लाभ देने हेतु निर्देश दिया गया है। वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है।अतः मोटे अनाज के प्रयोग को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किए जाने हेतु भी उपस्थित समुदाय को प्रेरित किया गया है। इस अवसर पर जिला समन्वयक सबा सुल्ताना भी मौजूद रही।

हज यात्रियों का पहला जत्था रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

गया। हज यात्रा 2023 के अवसर पर आज गया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा से हज यात्रियों का पहला जत्था जेद्दाह के लिए रवाना हुआ है। इस अवसर पर बिहार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री मोहम्मद जमा खान, गया जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद इसराइल मंसूरी, जिला पदाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती द्वारा एयरपोर्ट परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टॉल में जाकर जानकारी प्राप्त किया गया है। इसके साथ ही जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, गया एवं जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, गया द्वारा लगाए गए विभागीय प्रदर्शनी, जहां अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, श्रवण श्रुति, आसमा इत्यादि का प्रदर्शन फ्लेक्स एवं बैनर के माध्यम से किया गया है। प्रदर्शनी का उद्घाटन मंत्री द्वारा फीता काटकर किया गया है। मंत्री एवं वरीय पदाधिकारियों द्वारा प्रदर्शनी की काफी सराहना की गई है। जिलेवासियों से अपील किया गया कि इस प्रदर्शनी में आकर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ उठा सकते हैं। इसके बाद मंत्रियों द्वारा हज यात्रियों से राज्य सरकार, जिला प्रशासन एवं अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा द्वारा हज यात्रियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया है। हज यात्रियों द्वारा बताया गया कि राज सरकार, जिला प्रशासन एवं अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे सुविधाएं से काफी खुश हैं एवं राज्य सरकार, जिला प्रशासन, गया एवं हवाई अड्डा को उत्तम व्यवस्थाएं के लिए धन्यवाद दिया है। मंत्रियों द्वारा हज यात्रियों से हाथ मिलाते हुए जिले, राज्य एवं राष्ट्र के अमन, चैन, शांति के लिए दुआ करने की अपील की है। इसके साथ ही सभी हज यात्रियों की सफर अच्छे से पूरी हो, इसकी कामना भी की है। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, हज यात्रा जितेंद्र कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता अभिषेक कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी, जिले के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

राजस्व कर्मचारी, वजीरगंज से स्पष्टीकरण की मांग

गया।जनता दरबार में सुरेंद्र कुमार के द्वारा दाखिल खारिज निरस्त करने से संबंधी आवेदन दिया गया था।जिसमें परिवादी के द्वारा दाखिल खारिज वाद संख्या - 2833/2021-22 को जमाबंदी ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों कायम रहने के बावजूद भी दाखिल खारिज आवेदन को अस्वीकृत कर दिया गया, जिसके कारण परिवादी के द्वारा समाहर्ता, गया के जनता दरबार में परिवाद समर्पित किया गया है। इस आरोप की जांच में पाया गया कि इस दाखिल खारिज वाद में प्रस्तावित भूमि का ऑनलाइन एवं ऑफलाइन जमाबंदी कायम है।परिवादी के द्वारा प्रस्तावित भूमि का ऑफलाइन निर्गत लगान रसीद भी समर्पित किया गया है। मोतीलाल दास, राजस्व कर्मचारी, वजीरगंज के द्वारा अपनी जांच प्रतिवेदन में अंकित किया कि भू अभिलेख का जांच किया गया है, जिसमें विक्रेता के नाम जमाबंदी संधारित नहीं है। फलतः दाखिल खारिज वाद अस्वीकृत किया जा सकता है। राजस्व अधिकारी, वजीरगंज द्वारा बिना अभिलेख जांच किए यह प्रतिवेदित किया गया की राजस्व कर्मचारी की जांच प्रतिवेदन को जांचा एवं सही पाया गया है,दाखिल खारिज वाद को अस्वीकृत किया जा सकता है। आवेदन समर्पित करने की तिथि 21.03.22 एवं आवेदन अस्वीकृत करने की तिथि 05.11.22 जो लगभग 8 माह के बाद आवेदन उस अंकित कारण देते हुए अस्वीकृत किया गया है।

डोभी घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तार नहीं हुआ तो सड़क पर आंदोलन करेंगे : जिलाअध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

गया। भारतीय जनता पार्टी गया जिला की ओर से गिरती विधि व्यवस्था एवं भाजपा नेता संतोष गुप्ता के आवास पर जान मारने की नियत से बमबारी की घटना के विरोध में 7/06/2023 को गया के गांधी मैदान धरना स्थल पर एकदिवसीय धरना भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह की अध्यक्षता में किया गया है। धरना में बिहार प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष सह विधान पार्षद राजेंद्र प्रसाद गुप्ता धरना में शामिल हुए धरना को संबोधित करते हुए कहा कि गया जिला का विधि व्यवस्था चरमरा गया है भाजपा नेता संतोष गुप्ता के आवास पर जान मारने की नियत से बमबारी किया गया पुलिस के द्वारा एस आई टी गठन भी किया गया लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी नामजद अभियुक्त पुलिस की पकड़ से बाहर है पुलिस का जो रवैया है घटना में संलिप्त अपराधियों के बारे में जानकारी पूछने पर नही बतलाया जाता है मैं इस धरना के माध्यम से गया की जनता को भरोसा दिलाते हैं की विधान सभा के सत्र में गया जिला की घटना के बारे में विस्तृत जानकारी सरकार से मांग करेंगे और सरकार जवाब देगी। जिला प्रशासन का मात्र एक काम है सारे अपराधी अपराध करते रहे मेरा काम है दारू और बालू के पीछे पीछे रहना है।बिहार में विधि व्यवस्था खत्म है न तो नेता सुरक्षित हैं और न व्यापारी न जनता जंगल राज पार्ट 3 का आगाज हो चुका है।आज के धरना को जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह ने कहा की भाजपा नेता के घर पर बमों से हमला बहुत बड़ी घटना है जिला प्रशासन से मांग करते है की दस दिन के अंदर में अगर घटना में संलिप्त अपराधी गिरफ्तार नहीं हुआ तो बाध्य होकर सड़क पर आंदोलन करेंगे जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि अविलंब भाजपा नेता एवं इनके परिवार को जान माल की सुरक्षा दी जाए एवं दो सरकारी सुरक्षाकर्मी मुहैया कराई जाय क्योंकि इसके पूर्व दो बार अपराधियों के द्वारा सुपारी देकर हत्या कराने का प्रयास किया गया था।

जिलाधिकारी ने हीटवेव से बचाव की व्यवस्था पर विस्तार से की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा हीटवेव से बचाव एवं अत्यधिक गर्मी को देखते हुए जल संकट ना हो इस उद्देश्य से प्रखंडों का लगातार भ्रमण एवं बैठक किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर नगर ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था एवं हीटवेव से बचाव की व्यवस्था पर विस्तार से समीक्षा की एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों से भी नगर ग्रामीण क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया है। पेयजल की समीक्षा के दौरान बताया गया कि नगर प्रखंड में 16 पंचायत अंतर्गत 206 वार्ड हैं। जिनमें 131 वार्ड पीआरडी द्वारा संचालित है एवं सभी कुल 139 योजना क्रियाशील है। 75 वार्ड पीएचडी द्वारा संचालित है। जिसमे मात्र 68 योजना ही क्रियाशिल है।

पेयजल समस्या पर विस्तार से जानकारी लेने पर रसलपुर एवं चाकंद के क्षेत्र में पीएचडी विभाग के संबंधित संवेदक की घोर लापरवाही सामने देखी गई है। जिला पदाधिकारी ने पीएचडी विभाग के अभियंता को नए सिरे से शेष बचे कार्यो का प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिए हैं। इस बैठक में पीएचडी विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर ने बताया कि नगर क्षेत्र में नए चापाकल लगाने का जिम्मा झारखंड बोरेबल जिसके प्रोपराइटर आफताब नामक व्यक्ति हैं। इस संवेदक द्वारा कहीं भी चापाकल लगाने ने इच्छा जाहिर नहीं कर रहे हैं चापाकल लगाने की सूची महीनों पहले इन्हें दी जा चुकी है परंतु काफी विलंब से बरसात आने का इंतजार कर रहे हैं। इस संबंध में जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता पीएचडी को सख्त चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि संबंधित संवेदक के विरुद्ध कठोर निर्देश देते हुए चापाकल लगवाने में तेजी लाने का निर्देश दें कोरमा पंचायत के मुखिया ने बताया कि वार्ड संख्या 9 में पीएचडी विभाग द्वारा कोई काम नहीं किया गया है मेंटेनेंस के अभाव में कार्य बंद है जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि संबंधित संवेदक को बुलाकर बैठक करें और उन्हें 5 साल तक मेंटेनेंस का दायित्व है उसे पूरा करने हेतु निर्देश दें। धानशील पंचायत के मुखिया ने बताया कि वार्ड संख्या 8 चारोवा जो गया एयरपोर्ट के पीछे है, नल जल योजना का कुछ कार्य बाकी है, उसे पूर्ण करवाने का अनुरोध किया है। कुजाप पंचायत के मुखिया ने बताया कि कुजाप का क्षेत्र महादलित बस्ती के साथ-साथ पहाड़ का क्षेत्र है। केवाल में 3 वार्ड, नियाजीपुर में 3 वार्ड तथा आराडीह के 1 वार्ड में पानी की समस्या है। अभी के समय मे इस पंचायत में 4 ट्रिप में पानी टैंकर से उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि 3600 लीटर अर्थात बड़े टैंकर से उस क्षेत्र में पानी सप्लाई करें। रसलपुर पंचायत के मुखिया ने बताया कि उनके क्षेत्र में आठ योजना में से पांच योजना कई महीनों से बंद है जिला पदाधिकारी ने सहायक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया कि स्थल निरीक्षण कर बंद पड़े योजनाओं को अगले 15 दिनों के अंदर हर हाल में चालू करवाएं।चाकन्द पंचायत के मुखिया ने बताया कि उनके क्षेत्र में दस योजना पीएचडी एवं पांच योजना पीआरडी का है पीएचडी की योजना में काफी गड़बड़ी है वर्तमान समय में संबंधित संवेदक कोई भी कार्य नहीं कर रहे।

जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता पीएचडी को निर्देश दिया कि वैसे संवेदक जो कार्य में लापरवाही कर रहे हैं। उनके विरुद्ध आपदा अधिनियम के तहत सीधे तौर पर प्राथमिकी दर्ज करें। वर्तमान समय में गया जिला हीटवेव के साथ-साथ जल संकट से भी जूझ रहा है। इस दौरान यदि कोई संवेदक को निर्देश देने के बावजूद भी कार्य करने में इच्छा जाहिर नहीं कर रहे हैं तो वैसे संवेदक पर आपदा अधिनियम के तहत सीधे कार्रवाई करें। जिला पदाधिकारी ने जिला पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पेयजल की समस्या नगर प्रखंड के क्षेत्रों में अत्यधिक शिकायत मिल रही है। पंचायत राज विभाग के टेक्निकल असिस्टेंट के द्वारा पीएचडी के क्रियान्वित योजनाओं का क्रॉस जांच हर हाल में करवाएं। बारा पंचायत के मुखिया ने बताया कि चापाकल मरम्मत अब तक नहीं किया गया है 10 चापाकल का लिस्ट मुखिया ने पीएचडी विभाग को सौंपा है परंतु एक भी चापाकल नहीं मरम्मत हुआ है जिला पदाधिकारी ने सख्त हिदायत देते हुए सात दिनों का समय देते हुए सभी चापाकल को मरम्मत करवाने का निर्देश दिए हैं।

हीटवेव से बचाव के संबंध में जिला पदाधिकारी ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों स्वास्थ्य विभाग के तमाम पदाधिकारियों एएनएम आशा सभी को कहा कि 12 जून तक गर्म हवा लू अर्थात हीटवेव चलते रहने का पूवार्नुमान है। वर्ष 2019 में जानकारी एवं लोगों तक जागरूकता के अभाव में लोगों को काफी कठिनाइयों झेलनी पड़ी थी। इस वर्ष हीटवेव से बचाव संबंधित व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम कराया जा रहा है। लोगों के बीच हीटवेव से बचाव की पूरी जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से, पंपलेट के माध्यम से, प्रचार वाहन के माध्यम से , माइकिंग के माध्यम से जानकारी पहुंचाया जा रहा है। यथासंभव दोपहर 11:00 से 3:00 तक कोई भी धूप में श्रम वाला कार्य ना करें। मोटरसाइकिल या साइकिल से दोपहर में चलने के दौरान अपने सिर को हर हाल में ढके। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी किए गए एडवाइजरी जिसमें क्या करें क्या ना करें संबंधित जानकारियां हैं उसे हर हाल में पालन करें। बीपीएम जीविका को निर्देश दिया कि जीविका समूह की बैठक में हर हाल में हीटवेव से बचाओ संबंधित जानकारी जिससे जीविका के दीदी अपने माध्यम से गांव-गांव में हीटवेव की जानकारी लोगों तक दे सकें।

बोर्ड के बैठक में तीन स्थानों पर प्याऊ एवं चार स्थानों पर जल मीनार लगाने का निर्णय

प्रात : किरण संवाददाता

गया।वजीरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में जल संकट को लेकर, जिला पदाधिकारी गया के निदेर्शानुसार 7.6.23 को वजीरगंज प्रखंड कार्यालय के सभा कक्ष में गया नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा सह कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत की अध्यक्षता में बैठक की गई है। जिसमे मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद, अन्य पार्षदगण, कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ अभियंत्रण ग्रामीण, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, वजीरगंज एवं वजीरगंज नगर पंचायत में प्रतिनियुक्त सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता मौजूद थे। नगर पंचायत वजीरगंज में पेयजल की समस्याओं से वार्डवार अवगत कराया गया है।

नगर पंचायत वजीरगंज में पूर्व से लोक स्वास्थ अभियंत्रण ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग द्वारा नल जल योजना कराई गई है।अभी के समय में नल जल योजना का रख रखाव मात्र पी. एच. ई. डी द्वारा कराया जा रहा है।परंतु पंचायती राज विभाग द्वारा रख रखाव नहीं किया जा रहा है, प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की जब तक हैंडओवर नही होता है तब तक उनके द्वारा नल जल योजना का रख रखाव किया जायेगा, गर्मी को देखते हुए नल जल योजना को एक दो दिन में ठीक कराएं।इस हिट वेब में पी. एच. ई. डी द्वारा भी सही ढंग से रख रखाव नहीं किया जा रहा है इसपर

पी. एच. ई. डी को निर्देश दिया गया की वजीरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल संकटग्रस्त वार्डो 1,2 पुनावा एरिया एवं अन्य स्थानों पर कल तक नल जल योजना को ठीक जलापूर्ति सुनिश्चित कराएं, यदि बोरिंग की आवश्यकता है तो बोरिंग कराया जाय, कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य ग्रामीण प्रमंडल द्वारा कल तक नल जल योजना सुचारू करने का आश्वासन दिया गया है।प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को पंचायती राज विभाग द्वारा किए गए नल जल योजना के तहत कराए गए सभी कार्यो एवं उसमे आ रहे समस्याओं की सूची तैयार रखने का निर्देश दिया गया है।

लोक स्वास्थ्य ग्रामीण प्रमंडल को टैंकर के माध्यम से संकटग्रस्त क्षेत्रों में ट्रीप बढ़ाकर पेयजल आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया है।हिट वेब को देखते हुए पनशाला की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है।

जल संकट को देखते हुए नगर पंचायत वजीरगंज द्वारा बोर्ड के बैठक में तीन स्थानों पर प्याऊ एवं चार स्थानों पर जल मीनार लगाने का निर्णय लिया गया है। एवं पेयजल आपूर्ति के लिए दो टैंकर लेने का निर्णय लिया गया है।

बिहार मे स्वास्थ विभाग भगवान भरोसे :आनंद कुमार

अरवल। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व जिला पार्षद आनंद कुमार चंद्रवंशी ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि अरवल जिले के स्वास्थ व्यवस्था पर नजर डाला जाए तो पता चलता है कि यहां की स्वास्थ व्यवस्था में बिहार सरकार पुरी तरह उदासीन है। जिले के मरीजों की रक्षा भगवान के भरोसे ही है। चाचा भतीजे के जोड़ी ने मरीजो की समस्या बढ़ाई है। जिले के आठ लाख से ज्यादा आबादी पर 168 रेगुलर डॉक्टर का पद सृजन है, जिसमें मात्र 87 डॉक्टर की नियुक्ति है, उसमें भी 36डॉक्टर लगातार छुट्टी पर है यानि पूरे जिले के स्वास्थ महकमा में केवल 51डॉक्टर ही कार्यरथ है। वही अनुबंध पर 79डॉक्टर को नियुक्त करना था, जिसमें 2 डॉक्टर की नियुक्ति हुआ है, 77डॉक्टर का पद खाली है। आयुष डॉक्टर के 28पद सृजन है, जिसमें 18डॉक्टर की ही नियुक्ति है, 10पद खाली है। 278 रेगुलर नर्से में 167नर्से ही काम पर है बाकी 111 नर्से का जगह खाली है। अनुबंध के 74नर्से में से 60की ही नियुक्ति है बाकी 14खाली है।

पांच वर्षों में राज्य के सभी जिलों में संस्थागत प्रसव के आंकड़ों में हुई वृद्धि

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों के अनुसार राज्य के सभी जिलों में संस्थागत प्रसव के दर में वृद्धि दर्ज हुयी है। वहीं, 93।2 प्रतिशत संस्थागत प्रसव के साथ मुंगेर जिला राज्य में अव्वल रहा है। संस

सेंसेक्स
63142.96 पर बंद
निफ्टी
18726.40 पर बंद

सोना
60,400
चांदी
72,950

बीएसएनएल के दिन बहुरेंगे, सूत्रों का दावा- सरकार ने 89000 करोड़ के पैकेज को मंजूरी दी

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के लिए 89,000 करोड़ रुपये के पुनरुद्धार पैकेज को मंजूरी दे दी है। इस पैकेज का उपयोग बीएसएनएल की 4जी और 5जी सेवाओं को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। सूत्रों के हवाले से दी गई जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार का मानना है कि दूरसंचार क्षेत्र में एक सरकारी पीएसयू को अपने रणनीतिक महत्व के कारण फलना-फूलना चाहिए। हालांकि, यह केंद्र की ओर से घोषित बीएसएनएल के लिए पहला पुनरुद्धार पैकेज नहीं है। केंद्र ने जुलाई 2022 में भी बीएसएनएल के लिए एक पुनरुद्धार पैकेज की घोषणा की थी, ताकि दूरसंचार पीएसयू को अधिक लाभदायक संगठन बनाया जा सके और यह 4जी और 5जी सेवाएं प्रदान कर सके। यह पैकेज सेवाओं और इसकी गुणवत्ता, बीएसएनएल की बैलेंस शीट और बीएसएनएल के ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के विस्तार पर केंद्रित था।

महाराष्ट्र सरकार ने कंपनी को दिया 27,000 करोड़ का काम, शेयरों पर टूट पड़े निवेशक, भाव 7 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। टॉरेंट पॉवर के शेयरों में आज 7 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर 52 वीक हाई पर हैं। टॉरेंट पॉवर के शेयरों की कीमतों में आई तेजी की बड़ी वजह महाराष्ट्र सरकार के साथ हुए इन एमओयू को माना जा रहा है। बता दें, कंपनी के शेयर 11.15 बजे के करीब 7.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 655.65 रुपये के लेवल पर ट्रेड कर रहा था। शेयर बाजार को दी जानकारी में टॉरेंट पॉवर ने बताया है कि महाराष्ट्र सरकार के एक एमओयू साइन हुआ है। इसके अनुसार कंपनी हाइड्रो पॉवर का निर्माण करेगी। इसकी लागत 27,000 करोड़ रुपये है। कंपनी को उम्मीद 5 साल में यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा। इससे 13,500 नौकरियां लोगों को मिलेंगी। टॉरेंट पॉवर आज बीएसई में 634.35 रुपये के लेवल पर ओपन हुए। जिसके बाद कंपनी के शेयर 666 रुपये के इंट्रा-डे हाई (11.25 बजे) पर पहुंच गए। बीते एक महीने की बात करें तो कंपनी के पोजीशनल निवेशकों को 20 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न मिल गया है। वहीं, इस साल अबतक यह स्टॉक 31 प्रतिशत से अधिक की बढ़त हासिल करने में सफल रहा है। बता दें, टॉरेंट पॉवर का 52 वीक लो 430.90 रुपये प्रति शेयर है।

विश्व बैंक ने घटाया भारत की ग्रोथ का अनुमान, वित्त वर्ष 2023-24 में 6.3 प्रतिशत रह सकती है वृद्धि दर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की आर्थिक वृद्धि दर के लिए वर्ल्ड बैंक ने अनुमान जारी किया है। इसमें भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहेगी। यह विश्व बैंक के जनवरी में लगाए गए पिछले अनुमान से 0.3 प्रतिशत अंक कम है। इसके साथ ही विश्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि भारत में निजी उपभोग और निवेश में अप्रत्याशित जुझारूपन देखने को मिल रहा है। साथ ही सेवाओं की वृद्धि भी मजबूत है।

विश्व बैंक ने वैश्विक आर्थिक संभावनाओं पर अपनी ताजा रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है। इसमें कहा गया है कि 2023 में वैश्विक वृद्धि दर घटकर 2.1 प्रतिशत रहेगी, जो 2022 में 3.1 प्रतिशत रही थी। साथ ही इसमें यह भी कहा गया है कि चीन के अलावा उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) में वृद्धि दर बीते साल के अनुमान 4.1 प्रतिशत से कम होकर इस वर्ष 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह वृद्धि दर में व्यापक गिरावट को दर्शाता है। भारत के संदर्भ में इस रिपोर्ट में विश्व बैंक ने कहा है कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में वृद्धि दर और धीमी होकर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह जनवरी के अनुमान से 0.3 प्रतिशत अंक कम है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में वृद्धि दर में सुस्ती की वजह ऊंची मुद्रास्फीति और कर्ज की लागत बढ़ने की वजह से निजी खपत का प्रभावित होना है। रिपोर्ट के मुताबिक कि मुद्रास्फीति के संतोषजनक दायरे के मध्य बिंदु तक आने तथा सुधारों की वजह से वित्त वर्ष 2025-26 में वृद्धि दर कुछ रफ्तार पकड़ेगी। साथ ही इसमें यह भी कहा गया है कि उभरती हुई प्रमुख विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) में भारत कुल मिलाकर और प्रति व्यक्ति जीडीपी..दोनों में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। विश्व बैंक ने कहा है कि भारत में 2023 की शुरुआत में वृद्धि महामारी पूर्व के दशक में हासिल स्तर से कम रही। इसकी वजह यह है कि ऊंचे मूल्य और कर्ज की लागत बढ़ने से निजी निवेश प्रभावित हुआ। हालांकि, 2022 की दूसरी छमाही में गिरावट के बाद 2023 में विनिर्माण क्षेत्र की स्थिति सुधर रही है। इस मौके पर विश्व बैंक के नए अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा कि गरीबी को कम करने और समृद्धि के प्रसार का सुनिश्चित तरीका रोजगार है। देश की वृद्धि दर धीमी होने का मतलब है कि वहां रोजगार सृजन भी मुश्किल होगा।

फोनपे ने खाता एग्रीगेटर की सेवा शुरू की, ग्राहकों के लिए कई फायदे

नई दिल्ली, एजेंसी। फिनटेक कंपनी फोनपे ने मंगलवार को खाता एग्रीगेटर सेवा शुरू दी है। एक बयान में कंपनी के सह-संस्थापक और सीटीओ राहुल चारी ने कहा कि एए नेटवर्क डिजिटल कनेक्टिविटी के एक नए युग के लिए मंच स्थापित करेगा। चारी ने फोनपे मीडिया के बयान का हवाला देते हुए कहा कि यह सेवा उपयोगकर्ताओं को अपने स्वयं के वित्तीय डेटा तक पहुंचने और नियंत्रित करने के लिए सशक्त करेगा जिससे वित्तीय सेवाओं के साथ जुड़ने के तरीके में क्रांति आएगी। व्यक्ति अब सूचित वित्तीय निर्णय लेने और अवसरों की दुनिया को अनलॉक करने के लिए अपनी जानकारी की शक्ति का उपयोग कर सकते हैं। कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी फोनपे टेक्नोलॉजी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (पीटीएसपीएल) के माध्यम से यह सुविधा शुरू की गई है। यह सेवा ग्राहकों को विनियमित वित्तीय संस्थानों (आरएफआई) के साथ अपने सभी वित्तीय डेटा साझा करने की अनुमति देती है।

अपनी कमाई का अधिकांश हिस्सा दान करेंगे निखिल कामथ

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की बड़ी वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ ने अपनी कमाई का अधिकांश हिस्सा दान करने का एलान कर दिया है। इसी एलान के साथ अब कामथ का नाम वारेन बफेट, मेलिंडा फ्रेंच गेट्स और बिल गेट्स की द गिविंग प्लेज में शामिल हो गया है। अजीम प्रेमजी, किरण मजूमदार-शॉ, और रोहिणी व नंदन नीलेकणि के बाद द गिविंग प्लेज लिस्ट में शामिल होने वाले निखिल कामथ चौथे भारतीय व्यक्ति हैं। निखिल कामथ ने द गिविंग प्लेज में शामिल होने के लिए अपना आभार व्यक्त किया और दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए अपने समर्पण का उल्लेख किया। निखिल कामथ ने अपने बयान में कहा कि अपनी कम उम्र के बावजूद, वह दुनिया को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और मानते हैं कि एक अधिक न्यायसंगत समाज बनाने का संगठन का मिशन उनके मूल्यों और आकांक्षाओं के साथ मेल खाता है। निखिल हाल ही में गिविंग प्लेज अभियान में शामिल हुए थे। बता दें कि गिविंग प्लेज एक अभियान है जो दुनिया धनी व्यक्तियों और परिवारों को अपने जीवनकाल के दौरान या अपनी वसीयत में परोपकारी कार्यों के लिए कम से कम आधी संपत्ति दान करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए है।

2000 के नोट को लेकर एचडीएफसी बैंक ने जारी किया अपडेट, ग्राहकों को डिपॉजिट में नहीं आएगी परेशानी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से 2000 के नोट को चलन से बाहर कर दिया गया है। साथ ही लोगों अपने पास मौजूद 2000 के नोट को बदलवाने के लिए 30 सितंबर तक समय दिया है।

इसे लेकर देश के निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक की ओर से ग्राहकों को एक मेल भेजा गया है, जिसमें तीन बिंदुओं आरबीआई की ओर से लिए गए फैसले को समझाया गया है।

एचडीएफसी बैंक ने मेल में क्या कहा: एचडीएफसी बैंक की ओर से ग्राहकों को कहा गया कि आपकी सुविधा और विश्वास हमारे लिए सर्वोपरि है। हम आपको आरबीआई की ओर से जारी किए गए 2000 के बैंकनोट के बारे में अपडेट देना चाहते हैं।

1. कानूनी रूप से वैध: बैंक की ओर से कहा गया कि 2000 का नोट अभी भी लीगल टेंडर है। आप लेनदेन करने के लिए कहीं भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं और किसी अन्य व्यक्ति से भुगतान के रूप में स्वीकार भी कर सकते हैं।

2.आसानी से डिपॉजिट: एचडीएफसी बैंक की ओर से ग्राहकों को कहा कि किसी भी संख्या में 2000 के नोट बैंक में 30 सितंबर तक डिपॉजिट कर सकते हैं। हालांकि, आपको यहां पर नोट जमा करने के लिए आरबीआई के नियमों का पालन करना होगा। 50,000 से अधिक के नोट जमा करते हैं तो पैन दिखाना होगा।

3.आसानी से एक्सचेंज: बैंक की ओर से कहा कि देश भर में मौजूद किसी भी ब्रांच पर जाकर आसानी से 23 मई,2023 से लेकर 30 सितंबर, 2023 के बीच जाकर अधिकतम 20,000 रुपये या 10 दो हजार रुपये के नोट बदल सकते हैं।

एसबीआई और पीएनबी भी जारी कर चुके हैं एडवाइजरी: देश के दो बड़े सरकार बैंक एसबीआई और पीएनबी भी 2000 रुपये का नोट बदले को लेकर एडवाइजरी जारी कर चुके हैं। बैंक की ओर से कहा गया है कि 2000 नोट एक्सचेंज करने के लिए कोई भी फॉर्म या स्लिप नहीं भरनी होगी और न ही कोई भी आईडी कार्ड दिखाना होगा।

केंद्रीय मंत्री ने ब्रिटेन में किया दावा, बोले- सरकार के नए कदमों से निवेशकों को मिलेगा प्रोत्साहन

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन सिंह मेघवाल ने लंदन में कहा है कि सरकार ने न्यायपालिका और वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं जो विदेशी निवेशकों को प्रोत्साहन के रूप में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से उठाए गए ये सुधारात्मक कदम भारत-ब्रिटेन संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद करेंगे। पिछले महीने विभाग का कार्यभार संभालने के बाद पहली बार ब्रिटेन की यात्रा पर आए मेघवाल ने यहां भारतीय मध्यस्थता परिषद (आईसीए) के सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने सोमवार को कानून और न्याय के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा करने के लिए अपने ब्रिटिश समकक्ष एलेक्स चॉक से भी मुलाकात की।

मेघवाल ने कहा- नए सुधारों से अदालतों पर बोझ कम किया जा सकेगा: फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के साथ साझेदारी में आयोजित आईसीए के आर्बिट्रेटिंग इंडो-यूके वाणिज्यिक विवाद सम्मेलन के दूसरे संस्करण में एक विशेष संबोधन में मंत्री ने सरकार की ओर से किए गए दूरगामी कानूनी सुधारों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सुधारों से न केवल विदेशी निवेशकों के आराम के स्तर को पूरा किया जा सकेगा, बल्कि अदालतों पर बोझ भी कम किया जा सकेगा। मेघवाल ने कहा, मुझे यकीन है कि विवाद समाधान के क्षेत्र सहित भारत सरकार की ओर से किए गए विभिन्न सुधार निवेशकों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक प्रोत्साहन के रूप में कार्य करेंगे और भारत-ब्रिटेन संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

क्रिसिल की रिपोर्ट: सब्जियों-तेल के दाम घटने से शाकाहारी थाली नौ व मांसाहारी चार फीसदी सस्ती, अनाज के बढ़े दाम

नई दिल्ली, एजेंसी। सब्जियों और खाने के तेलों की कीमतें लगातार गिरने से शाकाहारी एवं मांसाहारी थाली के दाम भी घटने लगे हैं। अक्तूबर, 2022 की तुलना में शाकाहारी थाली 9 फीसदी सस्ती हुई है। मांसाहारी थाली भी 4 फीसदी तक सस्ती हो गई है। हालांकि, अनाजों के दाम बढ़ने से मई में दोनों थालियों के दाम मामूली बढ़े हैं। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को रिपोर्ट में कहा कि शाकाहारी थाली की कीमत में सब्जियों और तेल का योगदान 25 फीसदी होता है। इन दोनों के दाम घटने से थालियां सस्ती हुई हैं। सालाना आधार पर मई में सब्जी के भाव 35 फीसदी और तेल के दाम 19 फीसदी तक घटे हैं। हालांकि, अनाज, दाल, चिकन और अंडे के बढ़ते भाव ने मई में थालियों की कीमतें बढ़ा दी हैं। गेहूं के दाम मई में 8 फीसदी बढ़े हैं। चावल व दाल की कीमतें 10 और 4 फसदी तक बढ़ी हैं। इससे थालियों के भाव में ज्यादा गिरावट पर रोक लग गई।

अदरक की कीमत 250 रुपये किलो: पिछले करीब दो माह से अदरक की कीमत लगातार 250 रुपये किलो के ऊपर बनी हुई है। खुदरा बाजार में यह 75 रुपये 250 ग्राम है। इसी तरह लहसुन का भाव भी लगातार ऊपर बना है। यह 150 रुपये किलो है।

चिकन के भाव 7 फीसदी तक बढ़े: मासिक आधार पर चिकन की कीमतें 5-7 फीसदी बढ़ी हैं। इससे मांसाहारी थाली पर असर दिखा है। देश में थाली की औसत कीमत उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में कीमतों की गणना और आम आदमी के खर्च के आधार पर तय किया गया है।

बैटरी भंडारण के लिए 37.6 अरब का प्रोत्साहन देगी केंद्र सरकार, योजना से घटेगी वर्तमान लागत

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार बैटरी भंडारण परियोजना स्थापित करने वाली कंपनियों को 37.6 अरब रुपये का प्रोत्साहन देगी। इसके लिए कुल 4,000 मेगावाट आवर्स (एमडब्ल्यूएच) की क्षमता होगी। इस योजना की मदद से 56 अरब रुपये का निजी निवेश आ सकता है।इस योजना का उद्देश्य 2030 तक 500 गीगावाट (जीडब्ल्यू) तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का विस्तार करने की भारत की महत्वाकांक्षी योजना के लिए महत्वपूर्ण बैटरी भंडारण परियोजनाओं को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही, बैटरी ऊर्जा भंडारण की वर्तमान लागत 5.5-6.5 रुपये प्रति यूनिट को भी कम करना है।

सूत्रों का कहना है कि महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकासकर्ताओं के जोखिम को कवर करने के लिहाज से सरकार तीन साल के लिए अनुदान के रूप में फंडिंग प्रदान करेगी। भारत के पास फिलहाल 37 मेगावॉट की बैटरी भंडारण क्षमता है।

प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया से दिया जाएगा कांट्रैक्ट: 2030-31 तक कांट्रैक्ट का वितरण पांच किस्तों में किया जाएगा। कांट्रैक्ट प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के जरिये दिए जाएंगे। इसमें सबसे कम बोली वाली कंपनी का चयन किया जाएगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, अदाणी पावर और जेएसडब्ल्यू एनर्जी सहित कई भारतीय कंपनियों ने बड़े पैमाने पर बैटरी संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई है। ग्रिड को स्थिर करने को नवीकरणीय बिजली आपूर्ति का बैकअप लेने के लिए उपयोग किया जाने वाला बैटरी भंडारण एक उभरती तकनीक है। दुनिया में बड़े पैमाने पर परिचालन परियोजनाएं बहुत कम हैं।

ईवी को बढ़ावा देने के लिए आईसीई दोपहिया पर लगे अतिरिक्त हरित कर: इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की स्वीकार्यता बढ़ाने और कच्चे तेल का आयात कम करने के लिए आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) वाले दोपहिया वाहनों पर अतिरिक्त हरित कर लगाने की जरूरत है।सोसायटी ऑफ मैन्युफैक्चरर्स ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (एसएमईवी) ने सरकार से यह मांग की है। ई-वाहन कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले उद्योग निकाय ने मंगलवार को कहा, इस महीने की शुरुआत से इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी घट गई है। ऐसे में हरित कर से ईवी की बिक्री में अपेक्षित गिरावट को रोका जा सकेगा। एसएमईवी का मानना है कि ई-दोपहिया वाहनों के लिए सब्सिडी के वित्तपोषण और फेम योजना को पटरी पर लाने के लिए प्रदूषण फैलाने वाले पारंपरिक आईसीई दोपहिया वाहनों पर कर में एक फीसदी की वृद्धि करने की जरूरत है।

मानसून में नहीं होगा कोयले का संकट: भारत को इस साल मानसून में किसी तरह के कोयला संकट से नहीं जूझना पड़ेगा। देश के पास कोयले का पर्याप्त भंडार है।कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को एक कार्यक्रम में कहा कि कोयले की मांग कैसी भी हो, सरकार उसे पूरा करने को तैयार है। उन्होंने कहा, मैं कोल इंडिया और कोयला मंत्रालय की ओर से देश को भरोसा दिलाता हूं कि इस साल मानसून के समय भी किसी तरह का कोयला संकट पैदा नहीं होगा। तैयारियां अच्छी हैं और साल के दौरान मांग को पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है। रैक के जरिये कोयले की ढुलाई के बारे में जोशी ने कहा कि मंत्रालय रेलवे के साथ इस संबंध में काम कर रहा है।

संयंत्रों के पास 3.5 करोड़ टन कोयला: कोयला एवं खान मंत्री ने कहा कि सभी तापीय बिजली संयंत्रों के पास 3.5 करोड़ टन कोयला है। कोल इंडिया की खानों के मुहाने पर 6.5 करोड़ टन कोयला है। निजी खनन कंपनियों के पास एक से 1.2 करोड़ टन कोयला है, जो ढुलाई के चरणों में है। इससे पहले मंत्री ने कोल इंडिया के यूजी विजन प्लान का अनावकरण किया।

53000 प्रतिशत चढ़ गए बुलेट बनाने वाली कंपनी के शेयर, 7 रुपये से 3700 रुपये के पार पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी। बुलेट मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी आयशर मोटर्स के शेयरों ने छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयरों ने 53000 पर्सेंट से अधिक रिटर्न दिया है। आयशर मोटर्स के शेयर 7 रुपये से बढ़कर 3700 रुपये के पार पहुंच गए हैं। आयशर मोटर्स के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 3886 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 2585.30 रुपये है।



1 लाख रुपये के बन गए 5 करोड़ रुपये से ज्यादा: आयशर मोटर्स के शेयर 26 जून 2002 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 6.99 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 7 जून 2023 को बीएसई में 3714.35 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। आयशर मोटर्स के शेयरों ने इस पीरियड में 53037 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। अगर किसी व्यक्ति ने 26 जून 2002 को आयशर मोटर्स के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने इनवेस्टमेंट को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में इन शेयरों की वैल्यू 5.31 करोड़ रुपये होती।

रिलायंस ज्वेल्स ने अपने विवाहम संग्रह का अनावरण किया

मुंबई, एजेंसी। आभूषण उद्योग में एक प्रसिद्ध नाम, रिलायंस ज्वेल्स को अपने बहुप्रतीक्षित विवाहम संग्रह के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, शादी के गहनों की एक उत्कृष्ट श्रृंखला हर दुल्हन को उसके खास दिन पर रानी की तरह महसूस कराने के लिए डिज़ाइन की गई है, चाहे वह जिंदगी के किसी भी स्तर से आती हो। यह संग्रह भारत भर में क्षेत्रीय दुल्हनों की विविधता और भव्यता को सम्मान प्रदान करता है और उनकी अनोखी शैलियों और प्रेरणाओं को दर्शाता है। अलग-अलग क्षेत्रों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को शामिल करने के साथ, विवाह संग्रह में 15 से ज्यादा विशिष्ट ब्राइडल लुक को भी प्रदर्शित किया गया हैं, जिनमें से प्रत्येक भारत के एक अलग हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। धनी बंगाली दुल्हन से देदीप्यमान ओडिशा दुल्हन तक, आकर्षक महाराष्ट्रीयन दुल्हन से सुरुचिपूर्ण राजस्थानी दुल्हन तक, फैशनेबल मेट्रो दुल्हन से चमकदार पंजाबी दुल्हन तक, सुरुचिपूर्ण तेलुगू दुल्हन से भव्य बिहारी दुल्हन और अन्य सम्मोहक करने वाले और जटिल रूप जो हमारे देश की समृद्ध संस्कृति और शादियों की परंपराओं का उत्सव मनाते हैं। रिलायंस ज्वेल्स ने हर दुल्हन के पहनावे को पूरा करने के लिए गहनों को सावधानीपूर्वक क्यूरेट किया है, जिससे यह सभी ब्राइडल ज्वैलरी की जरूरतों के लिए वन स्टॉप शॉप बन गया है। इस कलेक्शन में चोकर्स, लंबेनेकलेस, चूड़ियां, अंगूठियां, झुमके, चोकर सेट, मंगलसूत्र, मांगटीका, नथ, हाथफूल, कमरबंद, बाजूबंद, कंगन और भी बहुत कुछ शामिल हैं।

सैमसंग ने 27,999 रु. में गैलेक्सी एफ54 5जी का अनावरण किया

इस जबरदस्त कैमरा सेटअप में नाईटोग्राफी और एस्ट्रोलैप्स जैसे बेहतरीन फ्लैगशिप अनुभव मिलेंगे

गैलेक्सी एफ54 5जी अगले चार ऑपरेटिंग सिस्टम अपग्रेड्स और 5 साल तक सिक्योरिटी अपडेट्स को सपोर्ट करेग

गुरुग्राम, एजेंसी। भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज गैलेक्सी एफ54 5जी के लॉन्च की घोषणा की। यह गैलेक्सी का सबसे प्रीमियम एफ सीरीज़ स्मार्टफोन है। गैलेक्सी एफ54 5जी में स्लीक और प्रीमियम एस्थेटिक्स के साथ आईकोनिक गैलेक्सी सिग्नेचर डिज़ाईन भी है, जो इसे बहुत आकर्षक बनाता है। गैलेक्सी एफ54 5जी में श्रेणी की अग्रणी विशेषताएं, जैसे 108 मेगापिक्सल का नो शेक कैमरा, फ्लैगशिप कैमरा फीचर्स, जैसे एस्ट्रोलैप्स और नाईटोग्राफी, 6000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी, और शानदार सुपर एमोलेड+ 120 हर्ट्ज़ डिस्प्ले है, जिसके कारण यह उपभोक्ताओं की सर्वोच्च पसंद है।

राजू पुल्लन, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, एमएक्स डिवीज़न, सैमसंग इंडिया ने कहा, ''सैमसंग में हम शक्तिशाली डिवाईसेज़ द्वारा ग्राहकों को सशक्त बनाना चाहते हैं। गैलेक्सी एफ54 5जी का लॉन्च सार्थक इनोवेशन लाने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, ताकि यूज़र्स अपनी पूरी क्षमता का विकास कर सकें। नाईटोग्राफी और एस्ट्रोलैप्स जैसी विशेषताओं और अतुलनीय 120 हर्ट्ज़ के सुपर एमोलेड+ डिस्प्ले, 6000 एमएएच की बैटरी और अगले चार ऑपरेटिंग सिस्टम्स के अपग्रेड के साथ हम गैलेक्सी एफ54 5जी में यूज़र्स को जबरदस्त अनुभव पेश कर रहे हैं।''

अजय वीर यादव, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, फ्लिपकार्ट ने कहा, ''आज की टेक फर्स्ट दुनिया में लेटेस्ट टेक्नॉलॉजी में अपग्रेड करना लोगों की जरूरत बन गया है। प्रीमियम स्मार्टफोन के सेगमेंट में तो यह और भी ज्यादा जरूरी है, जिसमें ग्राहक हमेशा उन्नत कैमरा और लंबी बैटरी लाईफ के साथ लेटेस्ट डिवाईस तलाशते रहते हैं। फ्लिपकार्ट में हम भारत में हर ग्राहक को सर्वश्रेष्ठ और सबसे उपयोगी उत्पाद उपलब्ध कराने में यकीन करते हैं। सैमसंग गैलेक्सी एफ54 5जी के साथ हम प्रीमियम सेगमेंट में बढ़ती मांग को पूरा करेंगे।''

शानदार कैमरा: गैलेक्सी एफ54 5जी में 108 मेगापिक्सल (ओआईएस) नो शेक कैमरा और 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाईड लैंस, 2 मेगापिक्सल का मैक्रो लैंस और 32 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा है।

फ्लैगशिप सीरीज़ का लोकप्रिय नाईटोग्राफी फीचर गैलेक्सी एफ54 5जी में उपलब्ध कराया गया है, जो रात में बेहतरीन शॉट्स लेने के लिए शानदार फीचर्स प्रदान करता है। गैलेक्सी एफ54 5जी में नोना-बिनिंग टेक्नॉलॉजी के कारण बड़े पिक्सल हैं, जो ज्यादा प्रकाश को अवशोषित करते हैं। गैलेक्सी एफ54 5जी में एक समर्पित नाईट मोड और ऑटो नाईट मोड के साथ एआई बेस्ड मल्टी-फ्रेम प्रोसेसिंग है, जिसकी मदद से 12 फ्रेम तक कैप्चर होते हैं, और एक सबसे शानदार फोटो प्राप्त होता है। रात में साफ और स्थिर फोटो के लिए गैलेक्सी एफ54 5जी में ओआईएस और वीडीआईएस के साथ एक जटिल, ड्युअल ट्रैक इमेज स्टेब्लाईज़ेशन सॉल्यूशन है। ओआईएस मोशन के विपरीत दिशा में लैंस को घुमाकर कैमरा शेक्स खत्म करता है। गैलेक्सी एफ54 5जी के ओआईएस हार्डवेयर में 1.5 डिग्री करेक्टिव एंगल है, जो कैमरा को स्मूथ रिकॉर्डिंग के लिए बड़े शेक्स को न्यूट्रलाईज़ करने में मदद करता है। वीडीआईएस सॉफ्टवेयर की मदद से कैमरा के मूवमेंट्स के कारण उत्पन्न शेक्स को दूर करता है, और इसमें 1 किलोहर्ट्ज़ की मोशन सैंपलिंग फ्रीक्वेंसी ज्यादा तीव्र व सटीक मैग्निट्यूड एवं डायरेक्शन का विश्लेषण प्रदान करती है। गैलेक्सी एफ54 5जी कैमरा सैमसंग के फ्लैगशिप एस्ट्रोलैप्स फीचर के साथ आता है, जिसकी मदद से यूज़र्स रात के आकाश में दिलचस्प टाईम लैप्स वीडियो बना सकते हैं, जिससे फोटोग्राफर्स और वीडियोग्राफर्स को रचनात्मकता का नया आयाम मिलता है। गैलेक्सी एफ54 5जी मुख्य और सेल्फी कैमरा, दोनों में 30 फ्रेम प्रति सैकंड की दर से अल्ट्रा एचडी 4के वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करता है।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में रेल हादसे को लेकर

काली पट्टी बांधे नजर आए दोनों टीमों के खिलाड़ी

ओवल (एजेंसी)। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। टॉस के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी राष्ट्रीयगाण के लिए मैदान में आए तो दोनौं टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी बाजू पर काली पट्टी बांधी हुई थी। ऐसे में फैंस ये पूछ रहे हैं कि दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने काली पट्टी क्यों बांधी हुई है। दरअसल, हाल ही में भारत के ओडिशा राज्य में एक रेल हादसा हुआ था और इसी वजह से दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने काली पट्टी बांधी हुई है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि ओडिशा के बालासोर में 2 जून को तीन ट्रेनों में हादसा हुआ था और इस दुर्घटना में शुरुआती जानकारी के मुताबिक 275 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी और हजारों की संख्या में लोग घायल हुए। इसी वजह से डब्लयूटीसी फाइनल में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबले में दोनों टीमों खिलाड़ी काली पट्टी बांधे हुए नजर आए।

इस ट्रेन हादसे के बाद क्रिकेट की दुनिया के तमाम दिग्गजों ने सोशल मीडिया के जरिए दुख व्यक्त किया था और कई क्रिकेटरों ने पीड़ितों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया था। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने ट्वीट करते हुए इस घटना पर दुख जताया था और उन्होंने इस रेल हादसे में उन बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी के लिए मदद का हाथ बढ़ाया, जिन्होंने हादसे मे अपने अभिभावकों को खो दिया है। इसके अलावा और भी कई भारतीय क्रिकेटरों मदद के लिए सामने आए हैं।

दोनों टीमों की प्लेइंग 11

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, श्रीकर भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, उमेश यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज

ऑस्ट्रेलिया: डेविड वार्नर, उस्मान ख्वाजा, मारनस लाबुशेन, स्टीवन स्मिथ, ट्रैविस हेड, कैमरन ग्रीन, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड

मोहम्मद सिराज छा गए, ओपनर उस्मान ख्वाजा को शून्य पर किया आउट

23 ओवर में 73 रन पर आस्ट्रेलिया के दो विकेट गिर थे



ओवल (एजेंसी)। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जो बिल्कुल सही साबित हुआ। फैंस को पहले से ही उम्मीदें थीं कि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज कमाल दिखाएंगे। लिहाजा, उन्होंने उम्मीदों को टूटने नहीं दिया और पारी के चौथे ओवर में ही ऑस्ट्रेलिया के खतरनाक ओपनर उस्मान ख्वाजा को पवेलियन भेजकर सुर्खियां बटोर लीं।

बल्लेबाज पड़ गया चिंता में – हुआ ऐसा कि डेविड वार्नर के साथ ख्वाजा ओपनिंग करने आए। पारी का चौथा ओवर सिराज फेंकने आए। उनके सामने ख्वाजा थे। ओवर की पहली 3 गेंदों पर ख्वाजा रन नहीं निकाल सके। लेकिन जैसे ही सिराज ने 144 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चौथी गेंद फेंकी तो ख्वाजा उसका सामना नहीं कर पाए। सिराज ने सिराज ने ख्वाजा को श्रीकर भरत के हाथों कैच आउट कराया। गेंद बल्ले का किनारा लेते हुए विकेटकीपर की ओर चली गई।

यह डगमगाने वाली सीम डिलीवरी थी जो लेंथ से थोड़ा बाहर जा रही थी। ख्वाजा इसे छोड़ भी सकते थे, लेकिन वह बल्ला अड़ा बैठे, जिसके बाद गेंद हल्का सा किनारा लेकर कीपर के हाथों में चली गई। वहीं ख्वाजा को यकीन नहीं हुआ कि गेंद बल्ले से लगी है। उन्होंने वार्नर के साथ बातचीत की और रिव्यू लेने पर विचार किया लेकिन वार्नर ने मना कर दिया। इसी के साथ सिराज ने डब्ल्यूटीसी फाइनल की पहली विकेट अपने नाम करते हुए टीम को शानदार शुरूआत दिलाई तो वहीं ख्वाजा की पारी का 10 गेंदों में बिना खाता खोले पर अंत हुआ।

आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल

ब्रैड हॉग ने चुनी अपनी पसंदीदा टीम, जीत दर्ज करने का कारण भी बताया

लंदन (एजेंसी)। भारत और ऑस्ट्रेलिया आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 आस्ट्रेलिया-भारत के बीच हो रहा है। मैच बुधवार (7 जून) को लंदन के केनिंग्टन ओवल स्टेडियम में शुरू हुआ, जहां भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का विकल्प चुना। चैंपियनशिप के उद्घाटन संस्करण के फाइनल में न्यूजीलैंड से हारने के बाद भारत अपने दूसरे प्रयास में डब्ल्यूटीसी खिताब जीतने की कोशिश करेगा। वहीं पूर्व क्रिकेटर ब्रैड हॉग को लगता है कि ऑस्ट्रेलिया की असाधारण तैयारियों के कारण विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में भारत पर जीत हासिल करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनका देश खेल जीतेगा, यह सुझाव देते हुए कि वे टेस्ट के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं, जिससे उन्हें भारत पर फायदा होगा।

हॉग ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, मुझे लगता है कि यह सब तैयारी के लिए नीचे आता है, यह इस खेल में अंतर होने जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया को फायदा हुआ है क्योंकि उनके अधिकांश खिलाड़ी लंबे प्रारूप की तैयारी कर रहे थे और इसलिए मुझे लगता है कि वे इस टेस्ट को जीतने जा रहे हैं।

भारतीय खिलाड़ी 31 मार्च से 28 मई तक डब्ल्यूटीसी फाइनल 2023 से पहले आईपीएल 2023 में व्यस्त थे। इसके विपरीत कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जो डब्ल्यूटीसी फाइनल में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जैसे पैट कमिंस और स्टीव स्मिथ आईसीसी इवेंट और एशेज की तैयारी में व्यस्त थे। हॉग ने कहा, यह मेरे दिमाग को उड़ा देता है कि आईसीसी ने इसे कैसे होने दिया है। दोनों टीमों को भारत में अपनी श्रृंखला के बाद सीधे डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलना चाहिए था।

आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में रोहित ने लिया चौंकाने वाला फैसला

विस्फोटक बल्लेबाज ईशान किशन प्लेइंग–11 से बाहर

ओवल (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। लंदन के द ओवल में खेले जा रहे इस मुकाबले में टॉस जीतने के बाद भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने जब प्लेइंग-11 घोषित की तो सभी हैरान रह गए। रोहित शर्मा ने टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में ईशान किशन के आगे केएस भरत को टीम में मौका दिया है और रोहित के इस फैसले ने सभी को चौंका दिया है। बता दें कि युवा विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत का टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन साधारण रहा है और उन्होंने अभी तक अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में 4 ही मुकाबले खेले हैं और 6 पारियों में कुल 101 रन ही बना पाए हैं। टेस्ट क्रिकेट में कम अनुभव और खराब फॉर्म के बावजूद कप्तान रोहित शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे ईशान किशन से आगे केएस भरत को चुना है। वहीं ईशान किशन ने अभी तक भारत के लिए कोई भी टेस्ट मैच नहीं खेला है, लेकिन वह टी20 अंतर्राष्ट्रीय और वनडे क्रिकेट में भारत के लिए उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। किशन 14 वनडे मैचों में 42.50 की शानदार औसत के साथ कुल 510 रन बना चुके हैं और वनडे में उनके बल्ले से 1 शतक और 3 अर्धशतक के साथ एक दोहरा शतक भी निकल चुका है।

टी20 विश्व कप की मेजबानी के लिए अमरीका क्रिकेट की नजरें एमएलसी के सफल आयोजन पर

बेंगलुरू (एजेंसी)। अमरीका क्रिकेट (यूएसएसी) ने बुधवार को कहा कि देश में उचित क्रिकेट बुनियादी ढांचे की कमी से जुड़ी चिंताओं के कारण उनसे टी20 विश्व कप 2024 की मेजबानी नहीं छीनी जाएगी। उन्होंने साथ ही कहा कि मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के सफल आयोजन से सभी संदेह दूर हो जाएंगे। इस तरह की खबरें हैं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) इस शीर्ष टूर्नामेंट को वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी की जगह अगले साल इंग्लैंड में स्थानांतरित कर सकता है।

यूएसएसी के एक अधिकारी ने हालांकि कहा कि उन्हें वैश्विक संस्था से स्थल स्थानांतरित करने को लेकर कोई सूचना नहीं मिली है। अमेरिका क्रिकेट के एक प्रशासक ने पीटीआई से कहा, 'इस संबंध में हमारी आईसीसी के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है। एक साल बाद होने वाले टी20 विश्व कप के लिए जरूरी बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं।

अधिकारी ने कहा, 'अस्थाई आयोजन स्थल आदि को लेकर चिंता स्वाभाविक है क्योंकि अमरीका नियमित रूप से क्रिकेट प्रतियोगिताओं की मेजबानी नहीं करता लेकिन हम मेजर लीग क्रिकेट का आयोजन करने वाले हैं और इस टी20 टूर्नामेंट की सफल मेजबानी काफी चिंताओं को दूर कर देगी। पहला एमएलसी टी20 टूर्नामेंट 13 से 30 जुलाई तक खेला जाएगा। टूर्नामेंट में छह टीम हिस्सा लेंगी और इसके मुकाबले टेक्सास के ग्रैंड प्रेरी स्टेडियम में होंगे। इंग्लैंड के जेसन रॉय, ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा, मैथ्यू वेड, मार्कस स्टोइनिस और मोइजेस हेनरिक्स सहित दुनिया भर के कई बड़े क्रिकेटरों ने एमएलसी टी20 से करार किया है।

आईसीसी ने भी हालांकि वेस्टइंडीज और अमेरिका से टी20 विश्व कप को स्थानांतरित करने की खबरों को अधिक तवज्जो नहीं दी। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने कहा, 'टी20 विश्व कप 2024 को वेस्टइंडीज और अमेरिका से स्थानांतरित करने को लेकर आईसीसी के किसी भी मंच पर कोई चर्चा नहीं हुई। अधिकारी ने कहा, 'इसका (टूर्नामेंट) पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजन होगा और जल्द ही आयोजन स्थलों को लेकर घोषणा की जाएगी।

भारतीय क्रिकेट टीम ने फ्लोरिडा के लॉडरहिल के सेंट्रल ब्रोवार्ड पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ कुछ अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। आईसीसी की स्थल निरीक्षण टीम ने प्रतियोगिता के संभावित स्थल के रूप में ओकलैंड, फ्लोरिडा और लॉस एंजिलिस जैसे शहरों का दौरा किया है। माना जा रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले का आयोजन वेस्टइंडीज की जगह अमेरिका में किया जाएगा क्योंकि यहां दोनों टीमों के काफी समर्थक हैं। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला आईसीसी टूर्नामेंट के सबसे बड़े मुकाबलों में से एक होता है।

फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में भिड़ेंगे अल्काराज़, जोकोविच

पेरिस (एजेंसी)। स्पेन के युवा सनसनी कार्लोस अल्काराज़ ने सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले फ्रेंच ओपन 2023 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अल्काराज़ ने मंगलवार को खेले गये क्वार्टरफाइनल में यूनान के स्टेफानोस सितसिपास को 6-2, 6-1, 7-6(5) से हराकर सेमीफाइनल में कदम रखा। अल्काराज ने मैच के बाद कहा, 'मैं हर समय अपने ऊपर विश्वास रखता हूं। मैं कहूंगा कि यह सबसे महत्वपूर्ण बात है, न केवल मेरे लिए बल्कि हर किसी के लिये।'

उन्होंने कहा, मैं हमेशा सोचता हूं कि मैं इस स्तर पर इस तरह के मैच खेलूंगा। मैं कहूंगा कि खुद पर भरोसा करना ही इसकी कुंजी है। अगर अलकराज अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने के लिये जोकोविच को हरा देता है, तो वह टूर्नामेंट के बाद एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर बरकरार रहेंगे। दूसरी ओर, जोकोविच भी अपना तीसरा रोलां गैरो खिताब जीतकर रैंकिंग में शीर्ष पर लौट सकते हैं।

जोकोविच और सितसिपास इससे पहलै मैड्रिड ओपन 2022 में भी आमने-सामने आये थे, जहां स्पेन के 20 वर्षीय खिलाड़ी ने बाज़ी मारी थी। अल्काराज़ ने सेमीफाइनल से पहले कहा कि वह जोकोविच का मुकाबला करने का इंतज़ार कर रहे थे। अल्काराज ने कहा, यह मैच ऐसा है जिसे हर कोई देखना चाहता है। मैं कहूंगा कि यह खेलने और देखने के लिये अच्छा मैच होगा। मैं भी यह मैच खेलना चाहता था।

उन्होंने कहा, मैं हमेशा कहता हूं कि यदि आप सर्वश्रेष्ठ बनना चाहते हैं तो आपको सर्वश्रेष्ठ को हराना होगा। नोवाक जोकोविच अभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। मेरे लिये यह कड़ी चुनौती है लेकिन मैं उस मैच का इंतजार कर रहा हूं।

खुशी होती है कि आईपीएल से दुनिया ईर्ष्या करती है, लेकिन टेस्ट क्रिकेट को बचाना जरूरी: पूर्व क्रिकेटर इंजीनियर

लंदन (एजेंसी)। भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर को यह देख कर खुशी होती है कि दुनिया इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपार सफलता से ईर्ष्या करती है, लेकिन वह यह भी चाहते हैं कि खेल के हितधारक टेस्ट क्रिकेट को खतरे से बाहर निकालने के लिए ठोस कदम उठाएं। वित्तीय रूप से मजबूत भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया टेस्ट क्रिकेट के प्रति प्रतिबद्ध हैं लेकिन छोटे देशों के खिलाड़ी विश्व भर की फ्रेंचाइजी लीग में खेलने को प्राथमिकता दे रहे हैं क्योंकि वहां से उन्हें अच्छी कमाई होती है।

इंजीनियर ने मीडिया से कहा,'' टेस्ट क्रिकेट का खतरे में होना अच्छी बात नहीं है। यह अच्छा है कि टी20 के जरिए यह खेल विश्व भर में फैल रहा है लेकिन इसके लिए टेस्ट क्रिकेट को कुर्बान नहीं किया जाना चाहिए। इसलिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप दुनिया को यह दिखाती है कि टेस्ट क्रिकेट सीमित ओवरों के क्रिकेट जितना ही दिलचस्प हो सकता है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल को देखने के लिए मैनचेस्टर से लंदन पहुंचे 85 वर्षीय इंजीनियर ने कहा,'' यह शतरंज के खेल की तरह है जो परिस्थितियों पर निर्भर करता है। इसमें बल्लेबाजों की वास्तविक परीक्षा होती है। टेस्ट और सीमित ओवरों की क्रिकेट दोनों के लिए पर्याप्त जगह होनी चाहिए। डब्ल्यूटीसी फाइनल उस ओवल में खेला जा रहा है जहां भारत ने 1971 में इंग्लैंड में अपना पहला टेस्ट मैच जीता था।

इंजीनियर ने उस मैच की पहली पारी में 59 रन बनाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने उन दिनों क्रिकेट खेली है जब क्रिकेटर एक दिन में 50 रुपए की कमाई करते थे। उन्हें खुशी है की आईपीएल में वर्तमान पीढ़ी के क्रिकेटर करोड़ों की कमाई कर रहे हैं।

इंजीनियर ने कहा,'' भारत टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ गया है और सीमित ओवरों की क्रिकेट में हमारे पास आईपीएल है जिससे दुनिया ईर्ष्या करती है। क्रिकेट की बागडोर भारतीय क्रिकेट के हाथ में हैं और इससे मुझे बहुत खुशी होती है।मैं हर समय क्रिकेट देखता हूं। यह मेरे खून में है। क्रिकेट भारतीय खेल है जिसका गलती से ब्रिटेन में जन्म हुआ। क्रिकेट पहले भी काफी लोकप्रिय था लेकिन टी-20 से यह दुनिया के तमाम देशों में फैल रहा है। आईपीएल में मोटी धनराशि मिलती है। हमें पांच दिन के टेस्ट मैच खेलने के लिए प्रतिदिन 50 रुपए मिलते थे। इंजीनियर ने इस अवसर पर एक रोचक किस्सा भी सुनाया। उन्होंने कहा,''मुझे याद है कि मैं सुनील गावस्कर के साथ बल्लेबाजी कर रहा था और हमें चौथे दिन के अंतिम आधे घंटे में 15 से 20 रन की जरूरत थी। हमें ड्रेसिंग रूम से संदेश मिल रहा था कि मैच आज खत्म नहीं करो क्योंकि इससे हमें पांचवें दिन के भत्ते का नुकसान होगा। हम पैसे के लिए नहीं खेलते थे। हम सम्मान के लिए खेलते थे।

सरकार ने पहलवानों के साथ समझौता करने का प्रयास रखा है जारी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया की अगुवाई में शीर्ष पहलवानों की खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ उनके आवास पर बुधवार की सुबह बैठक शुरू हो गई। सरकार ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे पहलवानों के साथ समझौता करने का प्रयास जारी रखा है। आपको बता दें कि पिछले एक महीने से भी अधिक समय से चल रहे गतिरोध को समाप्त करने के लिए यह बैठक ठाकुर ने बुलाई है। सरकार और प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के बीच यह दूसरे दौर की बातचीत है। पहलवानों ने शनिवार की रात को गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। पहलवान बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, जिस पर उन्होंने एक नाबालिग सहित साथ महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है।

वेस्टइंडीज ने यूएई को 78 रनों से रौंदा, सीरीज में विजयी बढ़त बनाई

शारजाह (एजेंसी)। सलामी बल्लेबाजों ब्रेंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स के अर्धशतक और दोनों के बीच पहले विकेट की शतकीय साझेदारी से वेस्टइंडीज ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार को यहां यूएई को 78 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की जीत हासिल की। वेस्टइंडीज ने कप्तान के रूप में शाई होप और कोच के रूप में डेरेन सैमी ने यह पहली श्रृंखला जीती है। वेस्टइंडीज की टीम किंग के 64 और चार्ल्स के 63 रन और दोनों के बीच पहले विकेट की 129 रन की साझेदारी के बावजूद 49.5 ओवर में 306 रन पर आउट हो गई। वेस्टइंडीज के लिए केसी कार्टी (32), होप (23) और केवेम हॉज (26) अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे। ओडियन स्मिथ ने अंत में 24 गेंद में 37 रन की आक्रामक पारी खेलकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। यूएई की तरफ से जहूर खान सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 44 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

टिम पेन को मिली बड़ी जिम्मेदारी, अंडर-19 और ए टीमों के पार्ट-टाइम कोच बने

ओवल (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर टिम पेन को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 और ऑस्ट्रेलिया ए टीमों के अंशकालिक (पार्ट-टाइम) कोच के रूप में नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज की नियुक्ति आठ महीने बाद हुई जब उन्होंने अपनी पुस्तक 'द प्राइस पेड-ए स्टोरी ऑफ लाइफ, क्रिकेट एंड लेसन्स लर्न्ड' में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) की आलोचना की कि कैसे उन्हें ऑस्ट्रेलिया टेस्ट कप्तान के रूप में बाहर किया गया था।

विशेष रूप से उन्हें एक सेक्सटिंग स्कैंडल के बाद भूमिका से हटने के लिए कहा गया था, जो पहले दो जांचों के बाद भी सार्वजनिक हो गया था। हालांकि बाद में उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई और तस्मानिया टीमों में भूमिका से इस्तीफा दे दिया। पेन ने कहा कि जिस तरह से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस मुद्दे को संभाला उससे वह नाखुश थे, उन्होंने कहा कि निक हॉकले के शासन के तहत इस प्रकार की चीजें होंगी।

पेन ने कहा, मैंने पूरी तरह से कहा है कि मैं स्पष्ट रूप से इस बात से असहमत हूं कि उस समय इसे कैसे संभाला गया था, लेकिन निक हॉकले (क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ) के नेतृत्व के कारण और आपको कठिन निर्णय लेने के लिए मिला है। उन्होंने कहा, मैं खुद उन जगहों पर रहा हूं, इसलिए मैं समझता हूं कि यह एक व्यक्तिगत बात नहीं थी। मैंने एक गलती की है और इसकी भारी कीमत चुकाई है। लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और निक हॉकले और जिन लोगों के साथ मैंने वहां काम किया, उनके साथ मेरे संबंध अभी भी वास्तव में मजबूत हैं।

विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कहा, हम इस बात पर असहमत थे कि किसी चीज को कैसे संभाला जाना चाहिए था, लेकिन हम सभी बड़े हो चुके हैं और हम आगे बढ़ चुके हैं। मैंने कई बार निक से बात की है, मैं (हाई-परफॉर्मेंस मैनेजर) बेन ओलिवर से बात कर रहा हूं। यह सब अच्छा है।

पेन ने आगे कहा कि वह खुद महसूस करते हैं कि कोचिंग की भूमिका एक वास्तविक मार्ग है और वह इसे तलाशने के इच्छुक थे। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मैं इसे एक वास्तविक मार्ग के रूप में नहीं देखता, लेकिन मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि जब मैं इसके लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हो जाऊं, तो मैं इसके लिए पूरी तरह से तैयार हूं। क्योंकि मैं एक क्रिकेटर रहा हूं, और मैं एक ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रहा हूं, मैं सीधे तौर पर बिग बैश या क्रिकेट तस्मानिया जैसी नौकरियों में कदम रखने में सक्षम नहीं होना चाहता हूं।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का राहुल गांधी पर तंज, बताया रियर व्यू मिरर देखना क्यों है जरूरी

जयपुर, एजेंसी।
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बगैर नाम लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जो लोग देश की संस्थाओं को बदनाम और तबाह करने के निकले हैं, उन्हें पहचानने के लिए रियर व्यू मिरर में देखा जाना जरूरी है। खास बात है कि अमेरिका यात्रा के दौरान राहुल ने भी रियर व्यू मिरर की बात कही थी और आरोप लगाए थे कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार भविष्य देखने में सक्षम नहीं है।

रक्षा संपदा सेवा अधिकारियों के एक बैच को संबोधित कर रहे धनखड़ ने कहा, ... हम में से कुछ लोगों को गर्व नहीं है... गुमराह आत्माएं देश की उपलब्धियों और क्षमता को लेकर कंफ्यूज हैं। उन्होंने कहा कि रियर व्यू मिरर में देखना होगा और उसके बाद आपको पता चलेगा कि कौन लोग हैं, जिनका झुकाव देश की ओर नहीं है, जो हमारे संस्थानों को बदनाम करने और तबाह करने के लिए निकले हैं। हमें उनके बारे में पता लगेगा।

धनखड़ ने कहा, आप रियर मिरर में केवल इसलिए देखते हैं, ताकि दुर्घटना करने के इरादे से ही निकले व्यक्ति से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि साल 2047 तक भारत पहले पायदान का राष्ट्र बन जाएगा। उन्होंने देश के अंदर और बाहर कुछ लोग हमें परखने की कोशिश करते हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ हिस्सों में भारत का उभरना लोगों को पच नहीं रहा है, क्योंकि यह देश दुनिया में शांति, स्थिरता और सद्भावना में भरोसा रखता है। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को इतिहास का बोझ नहीं रखने के लिए कहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा, यह प्रगति को प्रभावित करता है।

राहुल ने क्या कहा था

कांग्रेस नेता का कहना था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल रियर व्यू मिरर में देखकर भारतीय कार चलाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके चलते एक के बाद एक हादसे होंगे। जून की शुरुआत से ही अमेरिका के दौरे पर गए राहुल लगातार भारत की भाजपा सरकार को घेर रहे हैं। उन्होंने सरकार और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर संस्थानों पर नियंत्रण के भी आरोप लगाए थे।

देश को इस साल नहीं करना होगा कोयला संकट का सामना, अंडरग्राउंड खनन से पांच गुणा उत्पादन बढ़ाएगी कोल इंडिया

नई दिल्ली, एजेंसी।
कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आश्वस्त किया है कि इस साल मानसून के बावजूद देश में कोयले की कमी नहीं होगी, क्योंकि अभी तक उत्पादन बहुत ही अच्छा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की तेज आर्थिक प्रगति और बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने के लिए कोयला उत्पादन फिलहाल संतोषजनक स्तर पर है। उन्होंने कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) को अगले दो से तीन वर्षों में भारत को एक कोयला आयातक देश से कोयला निर्यातक देश में तब्दील करने का आग्रह भी किया। इस अवसर पर कोयला मंत्री ने अंडरग्राउंड खनन प्रक्रिया से कोयला निकालने को लेकर सीआइएल का विजन डाक्यूमेंट भी पेश किया। सीआइएल ने अंडरग्राउंड

(यूजी) माइंस से कोयला उत्पादन में पांच गुना वृद्धि अगले सात-आठ वर्षों में करने की योजना तैयार की है। यूजी कोयला खदानों से अभी सिर्फ 2.5 करोड़ टन कोयला निकाला जाता है, जिसे वर्ष 2030 तक बढ़ाकर 12.5 करोड़ टन करने की योजना है। अभी भारत में कुल कोयला उत्पादन का सिर्फ पांच प्रतिशत ही अंडरग्राउंड खदानों से होता है। अंडरग्राउंड कोयला खदान (ऐसी खदान जिसमें जमीन के अंदर एक सुरंग के जरिये कोयला खनन किया जाता है जबकि ओपन कास्ट माइंस में खनन ऊपर से होता है और इसका मुंह आसमान की तरफ खुला होता है) से कोयला उत्पादन वर्ष 2028 तक 10 करोड़ टन सालाना करके और उसके बाद के तीन वर्षों में 12.5 करोड़ टन सालाना करके आयातित कोयले पर निर्भरता खत्म की जा सकती है। यह देश के कुल कोयला उत्पादन का 10 प्रतिशत होगा। दरअसल, अंडरग्राउंड माइंस से कोयला निकालने की ना सिर्फ लागत ज्यादा होती है बल्कि इसमें तकनीक की जरूरत होती है। हालांकि इसे पर्यावरण के लिए ज्यादा अनुकूल माना जाता है। विजन डाक्यूमेंट में बताया गया है कि चीन में कुल कोयला उत्पादन का 90 प्रतिशत यूजी माइंस से, अमेरिका में 37 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका में 50 प्रतिशत होता है। वर्ष 2022-23 में कुल 70.2 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया है। इसमें से 96 प्रतिशत ओपन माइंस से निकाला गया है। पहले यह स्थिति नहीं थी।

हिमाचल में पंचायत चौकीदारों का मानदेय बढ़ा, विभिन्न पदों को भरने को भी मंजूरी

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश कैबिनेट की मंगलवार को बैठक हुई। इसमें कई बड़े फैसले लिए गए। सरकार ने पंचायत चौकीदारों के मानदेय में बढ़ोतरी करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही कैबिनेट की बैठक में जेल विभाग में भर्तियां करने, वाटर सेस और राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूलों को लेकर फैसले लिए गए। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पंचायत चौकीदारों के मासिक मानदेय को 6200 रुपये से बढ़ाकर 6700 रुपये करने का निर्णय लिया गया। सरकार ने बजट में इसकी घोषणा की थी। इस फैसले से सूबे के 3226 पंचायत चौकीदार लाभान्वित होंगे। यह निर्णय 1 अप्रैल से लागू होगा। इसके अतिरिक्त पंचायतीराज संस्थाओं के चयनित प्रतिनिधियों के मानदेय में भी वृद्धि करने का फैसला लिया गया है। मंत्रिमंडल ने कारागार विभाग में जेल वार्डरों के 69 पदों को भरने का भी निर्णय लिया। साथ ही कारागार विभाग के सोलन जिला स्थित नालागढ़ (किशनपुरा) उप-जेल में विभिन्न वर्गों के 20 पदों को भरने को मंजूरी दी गई। इसके अलावा किरतपुर-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिलासपुर जिला के भघेड़, मंडी जिला के नेरचौक और कुल्लू जिला के भुंतर में हाईवे-सह-पर्यटक पुलिस थाने खोलने और इन थानों को क्रियाशील करने के लिए विभिन्न पदों को भरने की अनुमति प्रदान की गई। मंत्रिमंडल ने कांगड़ा जिले के ज्वालामुखी, फतेहपुर और हमीरपुर जिला के भोरंज में प्राथमिक स्तर तक राजीव गांधी राजकीय मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूलों को खोलने के लिए निर्माण गतिविधियां शुरू करने की अनुमति प्रदान की। प्रदेश में 13 स्थानों पर ऐसे स्कूलों का निर्माण करने के लिए कैबिनेट पहले ही मंजूरी दे चुकी है। प्रवक्ता ने बताया कि मंत्रिमंडल ने पावर डैवल्पर्ज से राज्य में विभिन्न ऊर्जा परियोजनाओं पर जल उपकर लगाने के बारे में चर्चा के लिए सचिव, ऊर्जा की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करने का निर्णय लिया। जल शक्ति विभाग, वित्त विभाग और विधि विभाग के प्रतिनिधि इस कमेटी में सदस्य होंगे। 12 बजे से रात एक बजे तक निर्धारित करने को स्वीकृति प्रदान की गई। पंजीकरण प्रणाली शुरू करने को भी मंजूरी प्रदान की। जिला शिमला के राजकीय महाविद्यालय धामी में विभिन्न श्रेणियों के आवश्यक पदों के सृजन और भरने समेत मेडिकल और नॉन मेडिकल कक्षाएं शुरू करने के लिए स्वीकृति प्रदान की।

देशभर में खुलेंगे दो हजार जन औषधि केंद्र, सहकारिता मंत्रालय का कृषि ऋण समितियों को लेकर फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी।
केंद्र सरकार ने देशभर की दो हजार प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्सों) को जन औषधि केंद्र खोलने की अनुमति देने का फैसला किया है। इसके लिए दो हजार पैक्सों की पहचान की जाएगी।

इनमें से एक हजार पैक्सों को इसी वर्ष अगस्त तक और शेष एक हजार को दिसंबर तक खोलने की अनुमति मिल जाएगी। ब्रांडेड दवाइयों की तुलना में जन औषधि केंद्रों पर 50 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर दवाइयां मिलती हैं।

अमित शाह के साथ हुई बैठक में लिया निर्णय: केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की नई दिल्ली में मंगलवार को रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस निर्णय से पैक्सों की आय बढ़ने और रोजगार सृजन के अवसर पैदा

होने के साथ-साथ आम लोगों को सस्ती दर पर दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी। खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग इसका ज्यादा फायदा उठा सकेंगे।

देश में नौ हजार से अधिक खुले जन औषधि केंद्र: बैठक में सहकारिता मंत्रालय के सचिव, रसायन एवं उर्वरक विभाग के सचिव समेत कई अधिकारी उपस्थित थे। देशभर में अभी तक नौ हजार चार सौ से अधिक प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोले जा चुके हैं। इनमें 18 सौ तरह की दवाइयां एवं 285 अन्य मेडिकल डिवाइस उपलब्ध हैं।

जन औषधि केंद्र खोलने के लिए आवेदकों को मानदंड के तहत व्यक्तिगत पात्रता डी फार्मा या बी फार्मा होना चाहिए। स्वयं की पात्रता नहीं होने पर कोई भी संगठन, एनजीओ, धर्मार्थ संगठन एवं अस्पताल आवेदन के लिए बी फार्मा अथवा डी फार्मा डिग्रीधारकों को नियुक्त कर सकता है।

क्या होगी पात्रता?: आधारभूत संरचना के तौर पर स्वयं या किराये का कम से कम 120 वर्ग फुट स्थान होना चाहिए। आवेदन शुल्क पांच हजार रुपये है। विशेष श्रेणी एवं विशेष क्षेत्र के आवेदकों को आवेदन शुल्क में छूट है। महिला उद्यमी, दिव्यांग, एससी-एसटी और भूतपूर्व सैनिक विशेष श्रेणी में आते हैं। आकांक्षी जिले, हिमालयी पर्वतीय क्षेत्र, उत्तर-पूर्वी राज्य एवं द्वीप समूह के आवेदक भी विशेष क्षेत्र में आएंगे। प्रोत्साहन राशि पांच लाख रुपये (मासिक खरीद का 15 प्रतिशत या अधिकतम 15 हजार रुपये प्रति माह) है। विशेष श्रेणियों एवं क्षेत्रों में आईटी और संरचना व्यय के लिए प्रतिपूर्ति के रूप में दो लाख रुपये की एकमुश्त अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है।

फर्जी दस्तावेज पर नौकरी हासिल करने के लिए एसएफआई के पूर्व छात्र पर कार्रवाई की मांग

तिरुवनंतपुर, एजेंसी। कांग्रेस के केरल छात्र संघ (केएसयू) ने बुधवार को एसएफआई के एक पूर्व छात्र के खिलाफ फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र पेश कर नौकरी पाने के लिए कार्रवाई की मांग की। छात्रों ने राज्यपाल और राज्य के पुलिस प्रमुख को एक याचिका देकर इस बात की जांच करने का आग्रह किया कि एसएफआई के एक शीर्ष पूर्व छात्र कार्यकर्ता ने कैसे राज्य के कुछ सरकारी कॉलेजों में गेस्ट लेक्च रर के रूप में काम करने के लिए एक फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र का इस्तेमाल किया। के. विद्या अपने छात्र जीवन में सीपीआई (एम) समर्थित स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की शीर्ष नेता थीं। यह मामला तब सामने आया जब वायनाड के गवर्नमेंट कॉलेज से एर्नाकुलम स्थित महाराजाज गवर्नमेंट कॉलेज के प्रिंसिपल को एक सत्यापन कॉल की गई जिसमें पता चला कि विद्या ने 2018-19 और 2020-21 के दौरान अतिथि व्याख्याता के रूप में काम नहीं किया था, जैसा कि उसके दस्तावेजों में दावा किया गया है। वास्तव में, पिछले एक दशक में मलयालम विभाग में गेस्ट लेक्च रर के रूप में कोई भी कार्यरत नहीं था। अपराध के संबंध में स्थानीय पुलिस में एक शिकायत दर्ज की गई है और जांच की जा रही है। एमए कर रहे एसएफआई के एक शीर्ष नेता पी.एम. अशरे ने तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा दिए बिना उन्हें उत्तीर्ण दिखाते हुए एक मार्कशीट हासिल की है।

भारत पर एजेंडे वाले लोगों के हाथों में है बीबीसी: केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी

श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर), एजेंसी।
केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को देश में बीबीसी कार्यालयों पर आयकर विभाग के छापे के बाद प्रेस की स्वतंत्रता के बीबीसी के आरोप पर तंज कसते हुए कहा किब्रिटिश ब्रॉडकास्टर भारत के खिलाफ एजेंडे वाले लोगों के हाथ में है।

पुरी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे कानून बहुत पारदर्शी हैं। अगर कोई टैक्स नहीं दे रहा है और हम उसे नोटिस भेजते हैं, तो वे कहते हैं, यह प्रेस की स्वतंत्रता का मुद्दा है... मैं विस्तार में नहीं जाना चाहूंगा लेकिन अतीत में उनके कुछ कार्यों से ऐसा लगता है कि वे भारत पर एक एजेंडा वाले लोगों के हाथों में थे। पुरी जम्मू संभाग में अपने मंत्रालय की एक विकास परियोजना के कार्यान्वयन का मूल्यांकन करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को जम्मू पहुंचे थे। पुरी मंगलवार को जम्मू जिले के आरएस पुरा इलाके में जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं की बैठक में शामिल हुए थे। गौरतलब है कि आयकर विभाग ने इस साल फरवरी में ब्रिटिश ब्रॉडकास्टर के नई दिल्ली और मुंबई स्थित कार्यालयों की तलाशी ली थी।

ब्रॉडकास्टर भारतीय एजेंसियों के रडार पर तब आया जब उसने एक विवादित डॉक्यूमेंट्री, इंडिया-द मोदी क्वेश्चन प्रकाशित की, जिसने भारत सरकार की तीखी आलोचना की और देश की छवि को धूमिल किया। श्चष्ठ ने इससे पहले बीबीसी को समन भेजकर मामले की जांच की मांग की थी। सरकार ने जनवरी में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को वीडियो और ट्विटर पोस्ट को डॉक्यूमेंट्री के लिंक साझा करने के तुरंत बाद ब्लॉक करने का निर्देश दिया था। 2002 के गुजरात दंगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका पर सवाल उठाने वाले वृत्तचित्र की भारत सरकार और भारतीय जनता के कई वर्गों द्वारा व्यापक रूप से आलोचना की गई थी। बीबीसी को फर्जी समाचार और प्रचार प्रसार के आरोपों का सामना करना पड़ा और भारत सरकार ने प्रसारक पर देश को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

पाकिस्तान में बेटी को अपहरण से बचाने की कोशिश में हिंदू मां की हत्या

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान में अपहरण, इस्लाम में जबरन धर्म परिवर्तन, और हिंदू और ईसाई नाबालिग लड़कियों की मुसलमानों से जबरन शादी के मामले नई बात नहीं और ये हर साल लगातार बढ़ते जा रहे हैं। लेकिन इन बार बेटी को अपहरण से बचाने की कोशिश में एक मां की हत्या का मामला सामने आया है। सिंध के घोटकी शहर में, उस्मान लाखो नाम के एक मुस्लिम व्यक्ति ने अपने रिश्तेदारों और दोस्तों मासु लाखो और रियाज भुट्टो के साथ एक हिंदू महिला जरीना भील की बेटी को गलियों में लड़की को परेशान किया और 27 मई को अगवा करने के दौरान उन्होंने उसके भाई को चाकू मार दिया जो उसका बचाव कर रहा था।

28 मई को वे फिर जरीना भील की बेटी का अपहरण करने के इरादे से उसके घर में घुसे। ज़रीना ने एक भयंकर प्रतिरोध किया, लेकिन हमलावरों के पास बंदूकें थीं और उन्होंने उसे मार डाला और उसके दो सबसे छोटे बच्चों को घायल कर दिया। जरीना का बलिदान व्यर्थ नहीं गया, क्योंकि आरोपी उसकी बेटी को लिए बिना ही भाग गए। पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उस्मान लाखो और मासू लाखो को गिरफ्तार कर लिया है। संयुक्त राष्ट्र व अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने वाले मानवाधिकार एनजीओ ने ज़रीना के अंतिम संस्कार के वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए, और हत्यारों के खिलाफ त्वरित और गंभीर मुकदमा चलाने के लिए कहा है।

राष्ट्रपति की तस्वीर पर बना दी मूंछ, 16 साल के लड़के को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेज दिया जेल

इस्तांबुल, एजेंसी। तुर्की के अधिकारियों ने मंगलवार को एक ऐसे किशोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जिसने पांचवें कार्यकाल के लिए फिर से राष्ट्रपति चुने गए रेसेप तैयप एर्दोगन की तस्वीर पर मूंछ बना दी थी। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि 16 वर्षीय लड़के ने एर्दोगन के एक चुनाव प्रचार पोस्टर में लगी तस्वीर पर मूंछें बनाई थीं, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

विपक्ष के करीब दैनिक समाचार पत्र बीरगुन, कम्हुरियेट और निजी टीवी स्टेशन हल्क टीवी सहित कई मीडिया संस्थानों ने कहा है कि मेर्सिन के दक्षिण-पूर्वी शहर के युवक पर अपने घर के पास पोस्टर पर एर्दोगन की तस्वीर पर पेन से हिटलर जैसी मूंछें बनाने और उस पर अपमानजनक टिप्पणी लिखने के आरोप हैं। तर्की की मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सीसीटीवी कैमरों से किशोर की पहचान होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने उनके घर पर उससे पूछताछ की जिसमें आरोपी ने कथित तौर पर तस्वीर पर मूंछें बनाने की बात स्वीकार कर ली लेकिन उस पर किसी भी तरह की टिप्पणी लिखने के आरोप से इनकार किया है।

हल्क टीवी के अनुसार सरकारी वकील के समक्ष ले जाने पर लड़के को राष्ट्रपति का अपमान करने का दोषी पाया गया और उसे नजदीकी युवा केंद्र में जेल भेज दिया गया। न्याय मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति का अपमान करना तुर्की में सबसे आम अपराधों में से एक है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले साल 16,753 लोग दोषी करार दिए जा चुके हैं।

बता दें कि 20 साल से तुर्की के राष्ट्रपति पद पर काबिज 69 वर्षीय रेसेप तैयप एर्दोगन ने 28 मई को फिर से राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज की है। उन्होंने शनिवार को अगले नए पांच साल के कार्यकाल की शुरुआत की। चुनावों में उन्होंने विपक्षी केंद्र-वाम रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी (सीएचपी) के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार केमल किलिकडारोग्लू, (74) को पराजित किया है।

कनाडा के जंगलों अब तक की सबसे बड़ी आग

33 हजार स्क्वायर किमी में फैली, ये बेल्जियम से बड़ा इलाका; 1.20 लाख ने घर छोड़ा

ओटावा एजेंसी।
कनाडा के जंगलों में अब तक की सबसे भयानक आग लगी है। यहां करीब सभी 10 प्रान्तों और शहरों में इसका असर देखा जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, अगस्त तक स्थिति और खराब होने की आशंका है। अब तक करीब 33 हजार स्क्वायर किमी का क्षेत्र जल चुका है। ये पिछले 10 साल के औसत से 13 गुना ज्यादा और बेल्जियम के कुल क्षेत्रफल से भी बड़ा है। इसकी वजह से 1 लाख 20 हजार से ज्यादा लोगों को घर छोड़ना पड़ा है।

कनाडा में फिलहाल 413 जंगलों में आग लगी हुई है, जिसमें से 249 मामलों में स्थिति कंट्रोल से बाहर हो चुकी है। इसका धुआं अब कनाडा के अलावा अमेरिका के भी कई स्टेट्स में फैलने लगा है। न्यूयॉर्क, मिनेसोटा, क्वीन्स और मैसाचुसेट्स में एयर अलर्ट जारी किया गया है।

अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका सहित कई देशों के

हजार से ज्यादा फायरफाइटर्स मदद के लिए कनाडा में मौजूद हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा- लोगों के लिए स्थिति डरावनी है। कई लोगों को अपना घर छोड़कर जाना पड़ा है। हम हालात को काबू में करने की कोशिश कर रहे हैं। क्रूट्रूडो ने सभी देशों को मदद पहुंचाने के लिए धन्यवाद कहा है। इससे पहले कनाडा के नोवा स्कोटिया प्रान्त के जंगलों में लगी आग को काफी हद तक काबू में कर लिया गया था। यहां वाइल्डफायर की वजह से 200 घर जल गए। वहीं करीब 16 हजार लोग घरों को छोड़ने पर मजबूर हो गए। क्यूबेक में करीब 164 एक्टिव वाइल्डफायर हैं और करीब 10 हजार लोग अपने घरों को छोड़ चुके हैं।

कनाडा में जंगल की आग को बाढ़ के बाद सबसे बड़ी आपदा माना जाता है। जंगल की आग से हर साल 4 मिलियन स्कवायर किलोमीटर का इलाका जल जाता है। आग जलने के लिए हीट, ईंधन और ऑक्सीजन जरूरी होते हैं। जंगल में ऑक्सीजन हवा में ही मौजूद होती है। पेड़ों की सूखी टहनियां और पत्ते ईंधन का काम करते हैं। वहीं एक छोटी सी चिंगारी हीट का काम कर सकती है। ज्यादातर आग गर्मी के मौसम में लगती है। इस मौसम में एक हल्की चिंगारी ही पूरे जंगल को आग की चपेट में लेने के लिए काफी होती है।

पाक ने अमेरिका को पट्टे पर दिया अपना मशहूर होटल, डील से 220 मिलियन डॉलर की रकम हासिल होगी



न्यूयार्क, एजेंसी।
पाकिस्तान इन दिनों दोहरी मार झेल रहा है। राजनीतिक अस्थिरता चरम पर है तो आर्थिक बदहाली भी कमर तोड़ रही है। हालात यह हैं कि पाकिस्तान को एक-एक रुपया बचाना पड़ रहा है ताकि कर्ज चुकाने में डिफॉल्टर न हो जाए। इस बीच उसने न्यूयॉर्क के अपने मशहूर रूजवेल्ट होटल को भी तीन साल के लिए किराये पर उठा दिया है। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को इस डील से 220 मिलियन डॉलर की रकम हासिल होगी। पाकिस्तान के उड्डयन मंत्री ख्वाजा साद रफीक ने बताया कि न्यूयॉर्क प्रशासन को यह होटल तीन साल के लिए लीज पर दिया गया है। हक पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइन कंपनी इंटरनेशनल एयरलाइंस के पास है। 2020 में कोरोना वायरस महामारी फैलने के बाद से ही पाकिस्तान ने इस होटल को बंद कर दिया था क्योंकि यह लगातार घाटे में चल रहा था। अब न्यूयॉर्क सिटी प्रशासन इस होटल का इस्तेमाल अपने कामकाज के लिए करेगा। यह फैसला पाकिस्तान सरकार ने ऐसे वक्त में लिया है, जब शहबाज शरीफ सरकार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्ज लेने के लिए प्रयास करने में जुटी है। पाकिस्तान के आगे संकट यह है कि उसका विदेशी मुद्रा भंडार बेहद कम है और उसे कई जरूरी चीजों का आयात भी रोकना पड़ सकता है। होटल किराये पर देने से पाकिस्तान को कुछ कैश हासिल हो जाएगा। दरअसल इस संकट के दौर में यह होटल पाकिस्तान के लिए सफेद हाथी ही साबित हो रहा था। इसकी वजह थी कि घाटे के चलते बंद करने के बाद भी सालाना टैक्स और सैलरी चुकाने के लिए भी पाकिस्तान सरकार को 25 मिलियन डॉलर का भुगतान करना पड़ रहा था। अब पाकिस्तान सरकार को उम्मीद है कि कम से कम वह इस होटल के चलते हुए कर्ज को ही लीज से अदा कर पाएगी।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री से मिले भारतीय सेना प्रमुख पांडे, पासिंग आउट परेड का किया निरीक्षण

ढाका , एजेंसी। भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की और चट्टोग्राम में बांग्लादेश सैन्य अकादमी में पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया।

सेना प्रमुख के तौर पर बांग्लादेश पांडे का दूसरा दौरा: भारतीय उच्चायोग ने यहां ट्वीट किया कि दो दिवसीय यात्रा पर सोमवार को यहां पहुंचे जनरल पांडे ने प्रधानमंत्री हसीना से शिष्टाचार भेंट की। यह सेना प्रमुख के तौर पर बांग्लादेश का उनका दूसरा दौरा है। वह बांग्लादेश सैन्य अकादमी (बीएमए) भी गए और पासिंग आउट कोर्स के पुरस्कार विजेताओं को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। अतिरिक्त महानिदेशालय, जन सूचना ने एक ट्वीट में कहा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बांग्लादेश सैन्य अकादमी में बतौर मुख्य अतिथि पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया। शानदार परेड प्रदर्शन के लिये उन्होंने इसमें

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129